चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -218, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा 16

सलमान के कहने पर साइन की फिल्म न्यूयार्क 2

मुख्तार की मौत की होगी न्यायिक जांच

उमर ने लगाया जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को सौंपी जांच, 1 माह में दें रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बांदा

अमृत विचारः मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उसके बेटे उमर द्वारा जेल प्रशासन पर लगाए जा रहे हत्या के आरोप पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने न्यायिक व मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए है। गुरुवार रात मुख्तार का शव लेने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचे उमर ने पिता की मौत को संदिग्ध करार दिया था। उसने कहा कि पिता ने मौत से कुछ दिन पूर्व ही जेल प्रशासन पर स्लो प्वाइजन देने का आरोप लगाया था। वहीं मुख्तार की मौत के बाद शासन स्तर के अफसर जिले के अधिकारियों से पल-पल की जानकारी लेते रहे।

मुख्तार की मौत पर आरोप-प्रत्यारोप के बाद वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेज राज शर्मा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवानदास गुप्ता को पत्र लिख जांच की मांग की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) गरिमा सिंह को जांच सौंपी, एक माह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सीजेएम गुप्ता ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को संबंधित प्रलेख जांच अधिकारी को देने के निर्देश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट दुर्गाशक्ति नागपाल ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक के पत्र का हवाला देते हुए मजिस्ट्रेटीरियल जांच के आदेश जारी करते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) राजेश कुमार से 15 दिन में जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए।

गुरुवार देर शाम मुख्तार की जेल बैरक में हालत बिगड़ गई थी। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। रात दो बजे मुख्तार का छोटा बेटा उमर मेडिकल कॉलेज पहुंचा। पिता की मौत पर उमर ने सवाल उठाते हुए कहा कि पिता ने पहले ही जेल प्रशासन और प्रदेश सरकार पर अपनी हत्या का अंदेशा जताया था, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। आरोप लगाया कि सोमवार को भी तबियत बिगड़ी थी, जिस पर उन्हें मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था।

पांच डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम, शव गाजीपुर रवाना

बांदा। प्रशासन ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर सुरक्षा के बीच मुख्तार के शव को उनके पैतृक गांव गाजीपुर के युसुफपुर के लिए रवाना कर दिया। शव के साथ प्रशासन का काफिला रहा। सूत्रों की मानें तो मुख्तार का शव देर रात गाजीपुर पहुंचेगा, जहां शनिवार सुबह अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पूर्व लगभग छह घंटे तक चले पोस्टमार्टम के बाद जब अंसारी के बेटे को रिपोर्ट सौंपी गई तो उसने रिपोर्ट पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। कहा कि उसे स्थानीय और जेल प्रशासन पर भरोसा नहीं है। ऐसे में पोस्टमार्टम एम्स में कराया जाना चाहिए। बाद में प्रशासन ने शव को रवाना कर दिया। साथ में मुख्तार का बेटा उमर और उनकी पत्नी सहित कुछ अन्य परिजन शामिल रहे।

मुख्यमंत्री के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार देर रात आवास पर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इसमें डीजीपी प्रशांत कुमार और वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। यहां हालात की ब्रीफिंग के साथ मुख्तार की मौत के बाद सुरक्षा पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के सभी जिलों के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए।

सुरक्षा के बीच संपन्न हुई जुमे की नमाज

गुरुवार रात मुख्तार की मौत के बाद अगले दिन रमजान में जुमे की नमाज के मद्देनजर प्रदेशभर की मस्जिदों में अतिरिक्त पुलिस तैनात रही। इस दौरान जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों पर भी पुलिस रही। बांदा, मऊ, गाजीपुर में फ्लैग मार्च करते पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्सेज के जवान नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते दिखे।

उमर और मुख्तार में हुई अंतिम बात

जेल में मुख्तार के हालात कितने खराब थे इसका पता तब चला जब मुख्तार और उमर में हुई बातचीत का आडियो वायरल हुआ। बेटे से फोन पर उसने कहा कि बेटा, रूह यहीं रह जाती है। आडियो 28 मार्च का बताया जा रहा है। इसकी पुष्टि 'अमृत विचार' नहीं करता। मौत से साढ़े पांच घंटे पहले हुई बातचीत में मुख्तार ने उमर को जेल में मिलने से मना किया था। मुख्तार ने कहा था कि अब शरीर जवाब दे चुका है। उठना-बैठना मुश्किल है। 10 दिनों से वाशरूम नहीं गया। उमर अब मैं बचूंगा नहीं। उमर ने कहा कि पापा ये जहर का असर दिख रहा है। पापा आपकी आवाज सुनकर अच्छा लगता है। पापा आप जल्दी सेहतमंद होंगे। आप परेशान न हों।

आज का दिन हमारे लिए बेहद खास है। बाबा विश्वनाथ पर पूरा भरोसा था आज बाबा की वजह से न्याय मिला है। कोर्ट से हम लोग हार गए थे। मोदी- योगी की देन है जो मुझे और मेरे परिवार को न्याय मिला है।
– **अलका राय** (पत्नी स्व. कृष्णानंद राय)

मुख्तार की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकायें व गंभीर आरोप लगाए गए हैं, उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें। उनके परिवार का दु:खी होना स्वाभाविक। कुदरत उन्हें इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे। – **मायावती** (बसपा प्रमुख)

किसी बंधक या क़ैदी की इस तरह मृत्यु हो जाना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास उठा देगा। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सरकार न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर जिस तरह दूसरे रास्ते अपनाती है वो पूरी तरह ग़ैर क़ानूनी हैं। – **अखिलेश यादव** (सपा प्रमुख)

मुख्तार को जहर देने का आरोप पूरी तरह से निराधार है। कोई इसकी जांच कराना चाहे तो करा ले। उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की और उन्हें पूरी चिकित्सा सहायता दी गई लेकिन वह बच नहीं सके। – **राजनाथ सिंह** (रक्षा मंत्री)

राजूपाल हत्याकांड में 7 को आजीवन कारावास

लखनऊ, विधि संवाददाता

- आरोपियों में अतीक अहमद व अशरफ भी थे शामिल

अमृत विचारः प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) के बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया है। विशेष जज कविता मिश्रा ने आरोपी आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुलहसन व फरहान को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने फरहान पर 2.15 लाख जबकि अन्य पर अलग-अलग 1.90 लाख का जुर्माना लगाया है। एक आरोपी इसरार अहमद फरार है और उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है जबकि दो आरोपी अतीक अहमद व अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या हो चुकी है। 25 जनवरी, 2005 को इलाहाबाद पश्चिमी से बसपा विधायक राजू पाल की हत्या कर दी गई थी। इस गोलीबारी में देवी पाल व संदीप यादव की भी मौत हुई थी जबकि दो घायल हुए थे। इस कांड से ठीक 16 दिन पहले विधायक राजू पाल की पूजा पाल से शादी हुई थी। पूजा ने अतीक व अशरफ तथा अन्य को नामजद करते हुए थाना धुमनगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी।

पूजा के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी, 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी जबकि पहले इस विवेचना पुलिस व बाद में सीबीसीआईडी कर रही थी। सीबीआई ने अभियुक्तों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, हत्या की साजिश तथा आर्म्स एक्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था।

चुनावी रंजिश में हत्या

सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि इस हत्याकांड को चुनावी रंजिश में अंजाम दिया गया था। अतीक अहमद इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा से समाजवादी पार्टी का विधायक हुआ करता था। वर्ष 2004 में वह बतौर सपा प्रत्याशी फूलपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हो गया। उसके सांसद होने से इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा की सीट रिक्त हो गई। इस विधान सभा की सीट पर हुए उप चुनाव में बसपा से राजू पाल ने अतीक अहमद के भाई अशरफ को हराकर जीत हासिल की। इसी रंजिश में राजू पाल व दो अन्य की भीषण गोलीबारी में हत्या कर दी गई।

एक नजर

रामलला के जन्मोत्सव का होगा लाइव प्रसारण

अयोध्या कार्यालय। रामनवमी पर रामलला के जन्मोत्सव को घर बैठे भी देख सकते हैं। जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर दिखाया जाएगा। इस तैयारी को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंथन कर रहा है। राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद से राम जन्मभूमि परिसर में मनाए जाने वाला रामनवमी उत्सव का दो वर्षों तक लाइव प्रसारण की व्यवस्था बनाई गई है। इस वर्ष मंदिर में जन्मोत्सव का आयोजन भव्य मंदिर में किया जाएगा। ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन ठीक 12 बजे रामलला के प्राकट्य पर विशेष आरती भी होगी।

भाकपा को आयकर विभाग का नोटिस

नई दिल्ली। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) को पिछले कुछ वर्षों के दौरान रिटर्न दाखिल करते समय पुराने पैन कार्ड के इस्तेमाल के लिए 11 करोड़ रुपये के बकाए के भुगतान को लेकर आयकर विभाग से एक नोटिस मिला है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वामदल आयकर अधिकारियों के नोटिस को चुनौती देने के लिए अपने वकीलों से परामर्श कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि आयकर विभाग को भुगतान किए जाने वाले बकाया में पार्टी द्वारा पुराने पैन कार्ड के इस्तेमाल में विसंगतियों के लिए अधिकारियों को देय जुर्माना और ब्याज शामिल है। भाकपा के एक नेता ने कहा, हम कानूनी सहायता ले रहे हैं और अपने वकीलों से परामर्श कर रहे हैं। इससे पहले, कांग्रेस ने कहा था कि उसे आयकर विभाग का नोटिस मिला है, जिसमें पार्टी से पिछले वर्षों के लिए दाखिल कर रिटर्न में विसंगतियों के लिए 1,823 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया भुगतान करने को कहा गया है।

कोषागार 30 व 31 को खुलेंगे, जमा होंगे बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अपर मुख्य सचिव वित्त ने जारी किए आदेश

अमृत विचार : विभिन्न विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के संबन्धित बिल 30 और 31 मार्च को भी ट्रेजरी में जमा हो सकेंगे। इसके लिए 30 मार्च शनिवार को सामान्य दिनों की भांति कार्य होगा, वहीं 31 मार्च रविवार को शाम पांच बजे तक बिल स्वीकार किये जायेंगे। इसके लिए अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने निर्देश जारी किये हैं।

वित्त विभाग के अनुभाग-एक द्वारा जारी निर्देश शासन स्तर पर सभी एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव के साथ ही मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को भेज दिये गये हैं। मालूम हो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए समस्त विभागों को 25 मार्च तक बिल जमा करने के निर्देश थे, मगर 25 को होली, 26 को कई जिलों में अवकाश की वजह से समय पर बिल नहीं जमा हो सके, इसके बाद 29 मार्च को गुड फ्राइडे के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से बिल जमा करने की अवधि बढ़ाई गई है, इसके लिए अवकाश के दिनों में कोषागारों को खोलने के निर्देश दिये गये हैं।

शिवसेना (यूबीटी) नेता अमोल को ईडी का नया समन

खिचड़ी घोटाला

मुंबई। ईडी ने शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) नेता अमोल कीर्तिकर को 'खिचड़ी घोटाले' में कथित संलिप्तता की जांच के लिए नया समन जारी किया। कीर्तिकर को मुंबई उत्तर पश्चिम सीट के लिए एसएस (यूबीटी) ने उम्मीदवार बनाया था। ईडी ने खिचड़ी घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता की जांच के लिए आठ अप्रैल को बुलाया है, जिसकी शुरुआत में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जांच की थी। कीर्तिकर को ईडी ने जांच के लिए तलब किया था।

कांग्रेस को 1,823 करोड़ का नया नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोकसभा चुनाव से पहले 'कर आतंकवाद' के जरिए विपक्ष पर किया जा रहा हमला : महासचिव जयराम रमेश

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपये के भुगतान का नया नोटिस जारी किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले ''कर आतंकवाद'' (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है।

पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं उन्हीं के आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपये से आधिक के भुगतान की मांग करनी चाहिए। माकन ने कहा कि कल हमें आयकर विभाग से 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नया नोटिस मिला। पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु किया जा रहा है। माकन ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले समान अवसर की स्थिति को खत्म करने के लिए यह सब किया जा रहा है। आयकर अधिकारियों द्वारा 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कारण कांग्रेस पहले से ही धन की कमी का सामना कर रही है।

भाजपा पर आयकर विभाग ने आंखें बंद कीं

कांग्रेस ने कहा कि आयकर विभाग ने भाजपा को लेकर आंखें बंद कर ली हैं जबकि उस पर 4600 करोड़ का जुर्माना बनता है। माकन ने कहा, उनके मुताबिक 1823 करोड़ में से 53.9 करोड़ की मांग वित्त वर्ष 1993-94 के कर आकलन के आधार पर है जब सीताराम केसरी अध्यक्ष थे। माकन के दिए आंकड़ों के अनुसार विभाग ने 2016-17 के लिए 181.99 करोड़, 2017-18 के लिए 178.73 करोड़, 2018-19 के लिए 918.45 करोड़ तथा 2019-20 के लिए 490.01 करोड़ रुपये के नोटिस दिए हैं।

केजरीवाल की पत्नी ने अभियान आशीर्वाद किया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी ने धनशोधन मामले में 21 मार्च को सीएम को किया था गिरफ्तार
- गुरुवार को कोर्ट ने उनकी हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ा दी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शुक्रवार को केजरीवाल को आशीर्वाद अभियान की शुरुआत करते हुए लोगों से अपने पति का समर्थन करने की अपील की जो दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी की हिरासत में हैं।

सुनीता ने डिजिटल प्रेस वार्ता में कहा कि उनके पति ने देश में सबसे भ्रष्ट और तानाशाही ताकतों को चुनौती दी है। उन्होंने लोगों से आशीर्वाद और प्रार्थनाओं से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने दो वॉट्सऐप नंबर जारी करते हुए कहा कि लोग आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के लिए संदेश भेज सकते हैं और वह अपने पति तक उन्हें पहुंचा देंगी। सुनीता ने कहा, कल, अरविंद ने अदालत में अपना पक्ष रखा और देश ने सुना।

ईडी चुनावी रणनीति की जानकारियां चाहती है : आतिशी

आप नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी भाजपा के राजनीतिक हथियार के तौर पर काम कर रहा है और वह मुख्यमंत्री केजरीवाल का फोन हासिल कर आप की लोकसभा चुनाव की रणनीति की जानकारियां पाना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि यह मोबाइल फोन कुछ महीने पुराना है तथा यह तब नहीं था जब नीति बनाई व लागू की गई थी। केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि दरअसल, यह भाजपा है न कि ईडी जो यह जानना चाहती है कि केजरीवाल के फोन में क्या है।

'इंडिया' गठबंधन आप की रैली में होंगी शामिल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव समेत 'इंडिया' गठबंधन के नेता रामलीला मैदान में रविवार को होने वाली आप की महारैली में शामिल होंगे। आप नेता गोपाल राय ने शुक्रवार बताया कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रविवार को रामलीला मैदान में 20,000 लोगों की मौजूदगी वाली रैली के लिए प्रशासन की अनुमति मिल गई है।

पूर्व आईएएस समेत 5 पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता

अमृत विचारः नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में दोनों शूटर्स की पहचान हो गई है। एक कार सेवक ने मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, बाबा का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह उस वक्त हत्या हुई थी जब वह आंगन में बैठे थे। बाइक सवार दो शूटर्स ने हत्याकांड को अंजाम दिया था। दोनों धीमी गति से बाइक चलाते हुए बाबा के पास पहुंचे और बाइक पर पीछे बैठे शूटर ने दो गोलियां दाग दी थी। आवाज सुनकर एक कार सेवक आया तो शूटर ने उन पर भी फायर किया। वह बच गए और गोली हॉल की दीवार में जाकर धंस गई। बाबा की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों की पहचान हो गई है। कारसेवक जसवीर ने मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट के मुताबिक ने बाबा की हत्या को ग्राम मियामिंड जिला तरनतारन, पंजाब निवासी सर्वजीत सिंह और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा के ग्राम सिहोरा बिलासपुर (रामपुर) ने अंजाम दिया।

डेरा कार सेवा प्रमुख हत्याकांड

- श्री गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंस चुघ, बाबा अनूप सिंह, तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह नामजद

आधार कार्ड से हुई हत्यारों की पहचान

रुद्रपुर। हत्यारों की पहचान गुरुद्वारे में पनाह के लिए दिए आधार कार्ड से हुई। 19 मार्च से गुरुद्वारा स्थित भाई मरदाना यात्री निवास नानकमत्ता के कमरा नंबर 23 में बाइक सवार हत्यारे रुके थे। एक ने यात्री निवास रजिस्टर में आधार संख्या दर्ज कराया था, जिसमें उसका नाम सर्वजीत सिंह निवासी मिया विंड तरनतारन, पंजाब व मोबाइल नंबर है। दूसरा अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा सिहोरा बिलासपुर था। 26 मार्च को दोनों को डेरे में देखा गया था और 28 मार्च को हत्याकांड की वीडियो में दिखे।

पुलिसकर्मी की हत्या के मामले में दोषी देवेंद्र फौजी को फांसी की सजा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- कटरी में कलुआ यादव का दाहिना हाथ रहा है फौजी

अमृत विचारः गंगा की कटरी में आतंक का पर्याय रहे कलुआ यादव का दाहिना हाथ कहे जाने वाले देवेंद्र फौजी को कोर्ट ने शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 7 लाख 5 हजार का अर्थ दंड वसूलने का आदेश दिया है।

थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम कारव की कटरी में 11 सितंबर 2005 को कलुआ गैंग की पुलिस से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक पुलिसकर्मी व एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। 3 पुलिसकर्मी व ग्रामीण घायल हुए थे। मामले में कोर्ट एंटी डकैती न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने आरोपी देवेन्द्र उर्फ फौजी को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही 7 लाख, 5 हजार रुपये अर्थदंड भी वसूलने के आदेश दिए हैं। देवेंद्र उर्फ फौजी इस समय बरेली जेल में है। उस पर पुलिस मुठभेड़ के कई मुकदमे हैं। उसके द्वारा की गई हत्या की घटनाओं पर गौर करें तो उस पर कम्पिल थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में कपिल थाना अध्यक्ष राजेश सिंह की हत्या कर दी थी तथा दो अन्य दरोगा भी मारे गए थे। शाहजहांपुर क्षेत्र में देवेंद्र फौजी ने उसैत थाना अध्यक्ष राजेश पाठक की मुठभेड़ के दौरान हत्या कर दी थी। कई पुलिसकर्मियों की हत्या के मुकदमे विभिन्न थानों में देवेंद्र और कलुआ के ऊपर दर्ज हैं। देवेंद्र के ऊपर बरेली में भी कई हत्या के मुकदमे हैं। कलुआ गैंग का देवेंद्र फौजी सर्वेसर्वा था, जिस समय कम्पिल थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई थी, उस समय कलुआ का भाई चौधरियां मारा गया था। देवेंद्र भी उस मुठभेड़ में शामिल था। अभी फिलहाल देवेंद्र को कम्पिल थाने के कारब की कटरी में हुई मुठभेड़ में सजा मिली है। अभी कई मामलों में सुनवाई चल रही है।

लोकसभा के 44 प्रतिशत निवर्तमान सदस्यों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों में 225 (44 प्रतशित) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा चुनावी हलफनामों में की है। एडीआर के अनुसार, उसने इन निवर्तमान सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण में पाया कि इनमें से पांच प्रतिशत अरबपति हैं, जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवर्तमान सांसदों में नौ के खिलाफ हत्या के मामले हैं। इसके अनुसार, इन सांसदों में पांच भारतीय जनता पार्टी से हैं। वहीं 28 निवर्तमान सांसदों ने चुनावी हलफनामों में अपने खिलाफ हत्या के प्रयास से जुड़े मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इनमें से 21 सांसद भाजपा से हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 16 निवर्तमान सांसद महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों का सामना कर रहे हैं, जिनमें तीन के खिलाफ बलात्कार के आरोप हैं। एडीआर की रिपोर्ट में इन सांसदों की वित्तीय स्थिति का भी विश्लेषण किया गया है। बड़े राजनीतिक दलों में, भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी इस तरह के सांसदों की अच्छी-खासी संख्या है।रिपोर्ट के अनुसार, राज्यवार आपराधिक मामलों में, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। साथ ही, एडीआर के विश्लेषण में पाया गया है कि कुछ सांसदों के पास अरबों रुपये की संपत्ति है, जबकि अन्य के पास बहुत कम संपत्ति है।

रिपोर्ट से खुलासा

- 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) के अनुसार 514 लोकसभा सदस्यों में 225 ने अपने चुनावी हलफनामों में की है आपराधिक मामले होने की घोषणा
- 29 प्रतिशत पर गंभीर आरोप, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण व महिलाओं के प्रति अपराध शामिल
- राजनीतिक दलों में भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी सांसदों की अच्छी-खासी संख्या
- राज्यवार मामलों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसदों पर आरोप

सर्वाधिक संपत्ति वाले शीर्ष तीन सांसद

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वाधिक संपत्ति की घोषणा करने वाले शीर्ष तीन सांसदों में नकुल नाथ (कांग्रेस), डी के सुरेश (कांग्रेस), और के. रघु राम कृष्ण राजू (निर्दल) हैं जिनके पास अरबों रुपये की संपत्ति है। रिपोर्ट में सांसदों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि और उम्र आदि को भी रेखांकित किया गया है। 73 प्रतिशत सांसद स्नातक या उच्चतर शैक्षणिक योग्यता वाले हैं, जबकि सिर्फ 15 प्रतिशत निवर्तमान सांसद महिलाएं हैं।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
चेन्नई सुपरकिंग्स	02	02	00	00	04	+1.979
राजस्थान रॉयल्स	02	02	00	00	02	+0.800
सनराइजर्स हैदराबाद	02	01	01	00	02	+0.675
कोलकाता नाइट राइडर्स	01	01	00	00	02	+0.200
पंजाब किंग्स	02	01	01	00	02	+0.025
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	02	01	01	00	02	-0.180
गुजरात टाइटंस	02	01	01	00	02	-1.425
दिल्ली कैपिटल्स	02	00	02	00	00	-0.528
मुंबई इंडियंस	02	00	02	00	00	-0.925
लखनऊ सुपर जायंट्स	01	00	01	00	00	-1.000

खेल डायरी

बोपन्ना-इबडेन मियामी ओपन के फाइनल में

मियामी। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1, 6-4 की जीत के दौरान पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा। जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को मात दी।

आयरलैंड में तीन टी-20 मैच खेलेगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को आयरलैंड के साथ तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की तारीखों का ऐलान कर दिया है। पीसीबी की घोषणा के अनुसार तीनों मुकाबले 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2020 में दो देशों के बीच टी-20 श्रृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा नहीं हो सका था। पाकिस्तान, अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अपनी तैयारी के मद्देनजर अपनी फॉर्म को बेहतर बनाने के लिए 12 टी-20 मैच खेलेगा।

अमेरिका ने कोरी एंडरसन को टीम में किया शामिल

वाशिंगटन। अमेरिका ने कनाडा के साथ होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को टीम में शामिल किया है। अमेरिका क्रिकेट के अनुसार सभी मुकाबले सात से 13 अप्रैल तक ह्यूस्टन, टेक्सास में खेले जायेंगे। मोनांक पटेल श्रृंखला में अमेरिका के कप्तान होंगे तथा एरोन जोन्स को उप-कप्तान बनाया गया है। अमेरिका और वेस्टइंडीज के सह-मेजबानी में जून में आयोजित होने टी-20 विश्वकप के मद्देनजर यह श्रृंखला अमेरिकी टीम के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा अमेरिका मई में बंगलादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगा।

मोंटे कार्लो और म्यूनिख में नहीं खेलेंगे एंडी मरे

लंदन। एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पायेंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन अगले हफ्ते से खेला जायेगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बायें टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पायेंगे। मरे रविवार को टोमास माचाक के खिलाफ मैच में टखना मुड़ा बैठे थे और यह मुकाबला 5-7, 7-5, 7-6 (5) से हार गये थे।

फ्रांस ने पेरिस ओलंपिक के लिए विदेशी सैन्य मदद मांगी

पेरिस। फ्रांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और 'दर्शकों के अनुभव' तथा 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने' में मदद मांगी गई है।

पंकज आडवाणी और डेविड कोजियर अंतिम 16 में

मुंबई। भारत के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और इंग्लैंड के डेविड कोजियर ने लगातार तीसरी जीत के साथ शुक्रवार को यहां अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बेंगलुरू के आडवाणी ने मुंबई के रेयान राजमी को ग्रुप ए मुकाबले में 603-418 से हराया। आडवाणी ने 235 के ब्रेक के साथ शुरुआत की और फिर 90 के ब्रेक के साथ जीत दर्ज की। राजमी ने 93 और 124 के ब्रेक बनाए। राजमी भी दो जीत के साथ अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहे। कई विश्व खिताब जीतने वाले इंग्लैंड के कोजियर ने 203, 124, 160, 152, 162, 93 और 70 के ब्रेक के साथ ग्रुप सी मैच में महाराष्ट्र के महेश जगदाले को एकरफा मुकाबले में 1168-418 से हराया।

पहली जीत की तलाश में उतरेगी लखनऊ सुपर जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **लखनऊ में आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबले आज से**
- **पंजाब किंग्स से इकाना स्टेडियम पर मुकाबला आज**

अमृत विचार: आईपीएल के इस सत्र में एक मैच खेल चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम शनिवार को पहली जीत की तलाश में उतरेगी। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम पर आज उसकी भिड़ंत पंजाब किंग्स से होगी। पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से एलएसजी को 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इकाना स्टेडियम में मेजबान टीम ने तैयारियों को आज अंतिम रूप दिया। दिया। आईपीएल के पहले मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ जीत और दूसरे मुकाबले में बंगलूरू से मिली हार के बार पंजाब किंग्स एक बार फिर जीत की लय पाने के लिए मैदान में उतरेंगे। रॉजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलएसजी के गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। क्रुणाल पंड्या को छोड़कर सभी गेंदबाज फ्लाप साबित हुए।

टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार रवि बिश्नोई कुछ कमाल नहीं कर सके। ओवरसीज प्लेयर नवीन उल हक कोई खास छाप नहीं छोड़ सके। कप्तान केएल राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा जिससे टीम प्रबंधन को खासी राहत मिली। चोट से उबरने के बाद 58 रन की शानदार पारी खेली और विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। बल्लेबाजों में क्विंटन डिकॉक, आयुष बडोनी, देवदत्त पडिक्कल को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मेहमान टीम पंजाब किंग्स को पावरप्ले में तेजी से रन बनाए होंगे। इसके लिए पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो को अपनी खाई हुई फार्म पानी होगी। साथ कप्तान धवन को भी अपना स्ट्राइक रेट सुधार पाए तो परिणाम शानदार होगा। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। हरफनमौला खिलाड़ी सैम करन ने दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिनवेगेंदबाजी में कुछ खास नहीं कर सके। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी टी-20 विश्वकप के लिए टीम में जगह बनाने को जुटे है, लेकिन उन्हें विकेट के पीछे और बल्ले से दमदार प्रदर्शन करना होगा तभी चयनकर्ताओं की नजर इन पर पड़ेगी। गेंदबाजी में कागिसो रबाडा को अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल से सहयोग की उम्मीद है। बायें हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार प्रभावी रहे, जबकि लेग स्पिनर राहुल चाहर को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।

आमने-सामने

- लखनऊ सुपरजायंट्स की 56 रन से जीत- 28 अप्रैल 2023
- पंजाब किंग्स दो विकेट से जीता- 15 अप्रैल 2023
- लखनऊ सुपरजायंट्स 20 रन से जीता- 29 अप्रैल 2022

लखनऊ सुपरजायंट्स : केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन, टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, शिवम मावी, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा।

पंजाब किंग्स : शिखर धवन (कप्तान), विश्वजीत सिंह, अर्शदीप सिंह, राहुल चाहर, आशुतोष शर्मा, ऋषि धवन, नेथन एलिस, सैम करन, वी कावेरप्पा, जितेश, शर्मा, अथर्व तायडे, तनय त्यागराजन, प्रभसिमरन सिंह, प्रिंस चौधरी, जॉनी, बेयरस्टो, सुबोध भाटी, सिकंदर रजा, कगीसो रबाडा, राइलो रूसो, मोहसिन खान, लिविंगस्टन, क्रिस वोक्स, शशांक सिंह, हरप्रीत बराड, हरप्रीत सिंह, हर्षल पटेल। **मुकाबला 7 :30 बजे से शुरू होगा।**



विराट कोहली

कोहली का अर्धशतक, नाइट राइडर्स को 183 रनों का लक्ष्य

विराट ने कैमरन ग्रीन के साथ 65 और ग्लेन मैक्सवेल के साथ 42 रनों की साझेदारी की

बेंगलुरू, एजेंसी

विराट कोहली के नाबाद अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ छह विकेट पर 182 रन बनाए। कोहली ने 59 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से नाबाद 83 रन की पारी खेलने के अलावा कैमरन ग्रीन (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 और ग्लेन मैक्सवेल (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी भी की। दिनेश कार्तिक ने अंत में आठ गेंद में तीन छक्कों की मदद से 20 रन बनाए। केकेआर की ओर से आंद्रे रसेल ने 29 जबकि हर्षित राणा ने 39 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कोहली ने मिशेल स्टार्क (बिना विकेट के 47 रन) की पारी की पहली गेंद पर चौके से खाता खोला जबकि कप्तान फाफ डुप्लेसी (08) ने हर्षित राणा पर छक्का मारा लेकिन इस तेज गेंदबाज की अगली गेंद को शॉर्ट थर्ड मैन पर स्टार्क के हाथों में खेल गए। कोहली ने अगले ओवर में स्टार्क की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा जबकि ग्रीन ने भी चौके से खाता खोला। ग्रीन ने 500वां टी20 खेल रहे सुनील नारायण का स्वागत छठे ओवर में लगातार दो चौकों और एक छक्के के साथ किया जिससे आरसीबी ने पावर प्ले में एक विकेट पर 61 रन बनाए। कोहली ने भी इस ऑफ स्पिनर पर छक्का जड़ा। ग्रीन ने आंद्रे रसेल पर अपना दूसरा छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 21 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और दो छक्के मारे। कोहली ने लेग स्पिनर वरूण चक्रवर्ती पर छक्का और एक रन के साथ 36 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। मैक्सवेल ने चक्रवर्ती पर लगातार दो चौकों के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। वह हालांकि नारायण के अगले ओवर में भाग्यशाली रहे।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

विराट कोहली नाबाद	83
डुप्लेसी का स्टार्क बो हर्षित	08
कैमरन ग्रीन बो रसेल	33
मैक्सवेल का रिंकू बो नारायण	28
रजत का रिंकू बो रसेल	03
अनुज का सॉल्ट बो हर्षित	03
दिनेश कार्तिक रन आउट	20

अतिरिक्त : 04

कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर : 182 रन

गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-47-0, हर्षित 4-0-39-2, अनुकूल 2-0-6-0, नारायण 4-0-40-1, रसेल 4-0-29-2, चक्रवर्ती 2-0-20-0

सिंधू हारीं, सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स के सेमीफाइनल में

मैड्रिड, एजेंसी

भारत की पीवी सिंधू कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। पिछले साल इस टूर्नामेंट की उप विजेता रहीं सिंधू ने पहले गेम में कई गेम प्वाइंट बचाए लेकिन इसके बावजूद उन्हें थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 24-26 21-17 22-20 से हरा दिया।

एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की दंपत्ति जोड़ी ने रेहान नोफल कुशारजंतो और लिसा आयु कुसुमावती की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में

14-21 21-11 21-17 से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की तीसरी वरीय महिला युगल जोड़ी को हालांकि क्वार्टर फाइनल में ली चिया सिन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ 13-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपानिदा के खिलाफ आठ में से पांच मुकाबले जीते हैं और दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले दो साल में कुछ रोमांचक मुकाबले खेले गए हैं। सिंधू की शुरुआती धीमी रही और वह जल्द ही 3-7 से पिछड़ गईं। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 14-10 किया लेकिन सुपानिदा ने एक बार फिर लय हासिल की और सिंधू के नेट पर शॉट मारने पर दो गेम प्वाइंट हासिल किए। सिंधू ने लगातार दो स्मैश के साथ बराबरी हासिल की। सिंधू ने इसके बाद गेम प्वाइंट हासिल किया लेकिन नेट पर गलती करके गेम जीतने का मौका गंवा दिया। इसके बाद स्कोर 23-23 और फिर 24-24 हुआ। सुपानिदा ने रैली के बाद बाहर शॉट मारकर सिंधू को गेम प्वाइंट दिया और थाईलैंड की खिलाड़ी ने नेट पर चूक करके गेम भारतीय खिलाड़ी की झोली में डाल दिया। दूसरे गेम में सुपानिदा ने बेहतर प्रदर्शन किया।

अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान आईपीएल से बाहर

बेंगलुरु। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिन गेंदबाज मुजीब उर रहमान चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। केकेआर ने मुजीब के हमवतन 16 वर्षीय खिलाड़ी अल्लाह गजनफर को टीम में शमिल किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स ने प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को अपनी टीम में किया शामिल है। अफगानिस्तान के गजनफर ने इसी महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण किया था। हालांकि वह दोनों मैचों में विकेट नहीं मिला। उन्होंने अंडर 19 विश्वकप में 16.75 की औसत से आठ विकेट लिए थे।

चिराग-सात्विक ने तोड़ा साइना नेहवाल का रिकॉर्ड

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन स्टार चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने 10 सप्ताह तक दुनिया की नंबर वन पुरुष युगल जोड़ी रहने के साथ ही एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इससे पहले कोई भी अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष पर इतने अधिक समय तक कायम नहीं रहा है। चिराग-सात्विकसाईराज ने बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर नौ सप्ताह तक बने रहने के साइना नेहवाल के रिकार्ड को तोड़ दिया है।

एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग-सात्विक चाइना मास्टर्स, मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद इस साल 23 जनवरी को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) विश्व रैंकिंग में शीर्ष

स्थान पर जगह बनाई। मार्च में फ्रेंच ओपन जीतकर चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शीर्ष पर अपनी जगह और मजबूत कर ली। फिलहाल लीडरबोर्ड पर चिराग और सात्विक के 1,02,303 अंक हैं। वे दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे से 5,000 से अधिक अंक से आगे हैं। पिछले वर्ष अक्टूबर में, चिराग-सात्विक एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर दुनिया में नंबर 1 स्थान हासिल करने वाले पहली भारतीय युगल जोड़ी बने थे।

बॉलीवुड हलचल

'बिग बॉस 17' फेम खानजादी ने किया चौंकाने वाला खुलासा

मुंबई, एजेंसी। पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 17 काफी चर्चा में रहा है। इस शो के सभी कंटेस्टेंट शो के खत्म होने के बाद भी चर्चा में बने हुए हैं। बिग बॉस हाउस में फिरोजा खान यानी खानजादी ने लोगों काफी पसंद किया था। अभिषेक कुमार के साथ उनकी केमेस्ट्री काफी पसंद की गई। हालांकि खानजादी फिनाले तक पहुंचने से चूक गईं थीं। खानजादी जल्द ही अनुराग डोभाल के साथ एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। वहीं हाल ही में फिरोजा ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। रैपर ने बताया है कि उनका किडनैप हो गया था। खानजादी ने अपनी किडनैपिंग को लेकर और क्या कुछ कहा आइए आपको बताते हैं। खानजादी ने हाल ही में बॉलीवुड बबल को अपना एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी कुछ बताया है। खानज़ादी ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि कैसे वह मुंबई शहर में आने और इंडस्ट्री में एंट्री करने के लिए अड़ी हुई थी। जब उनसे पूछा गया कि शहर ने उसके साथ कैसा व्यवहार किया और क्या यह वैसा ही था जैसा उसने सोचा था। इसका जवाब देते हुए खानजादी ने कहा कि "मुझे बोला गया था कि बहुत लोग मिलेंगे। भड़काने की कोशिश करेंगे। तो वैसा ही हुआ। मेरा किडनैप हो गया था।"

कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को बताया लकी चार्म

मुंबई, एजेंसी। हाल में ही कपिल शर्मा ने सुनील ग्रोवर की तारीफ में कहा है कि पूरा शो एक तरफ और इनकी (सुनील) फैन फॉलोइंग एक तरफ। इस दौरान कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को खुद का लकी चार्म बताया है। बता दें, कपिल जल्दी ही द ग्रेट इंडियन कपिल शो से वापसी करने वाले हैं। यह शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस शो की यह खासियत है कि सुनील ग्रोवर 7 साल बाद इसमें वापसी कर रहे हैं। उनके और कपिल के बीच सभी मनमुटाव दूर हो गए हैं। कपिल ने शो के प्रमोशनल इवेंट में कहा, 'वह (अर्चना सिंह) हमारी लकी चार्म हैं। हमने 2013 में शो शुरू किया था। उससे पहले मैंने अर्चना जी के साथ कॉमेडी सर्कस में काम किया था। उनकी खासियत यह है कि वो हर तरह से कॉमेडी को समझती हैं। यह उनकी एक कला है। जब वो हमारे सामने बैठती हैं, तो हमें बहुत मजा आता है। इस शो को 11 साल हो गए हैं। मैं इस शो को इतना प्यार देने के लिए सभी का शुक्रिया अदा करता हूं। इस बार हम और जोश के साथ आ रहे हैं।' इस शो में सुनील ग्रोवर 7 साल बाद वापसी कर रहे हैं। 2017 में कपिल और उनके बीच बहुत कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद से ही दोनों ने साथ काम करना बंद कर दिया था।

सलमान के कहने पर कैटरीना ने साइन की फिल्म न्यूयॉर्क

मुंबई, एजेंसी। कबीर खान की फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना कैफ ने काम किया था। हालांकि शुरुआत में वो इस फिल्म में काम नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने फिल्म का ऑफर रिजेक्ट भी कर दिया था। लेकिन सलमान खान के कहने पर उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी भरी थी। इस बात का खुलासा खुद फिल्म के डायरेक्टर कबीर खान ने हालिया इंटरव्यू में किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उस वक्त सलमान और कैटरीना रिश्ते में थे। एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू कबीर खान ने कहा- पहली फिल्म काबुल एक्सप्रेस की शूटिंग के दौरान मेरी मुलाकात सलमान खान से हुई थी। इसी मुलाकात के बदौलत मेरी दूसरी फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना की कास्टिंग हुई। दरअसल, इस फिल्म के लिए कैटरीना पहली पसंद थीं। यह यशराज प्रोडक्शन के साथ उनकी पहली फिल्म होने वाली थी। लेकिन पहली मीटिंग में ही वो कहानी सुनकर निराश हो गई थीं। शायद वो किसी लव स्टोरी वाली फिल्म में काम करना चाहती थीं। उस वक्त वो सलमान खान को डेट कर रही थीं। जब सलमान ने कैटरीना से इस मीटिंग के बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी अच्छी है लेकिन शायद उनके हिसाब की नहीं है। फिर सलमान ने डायरेक्टर का नाम पूछा। जब उन्हें पता चला कि डायरेक्टर मैं हूं तो उन्होंने कहा- आंख बंद करके पिक्चर साइन कर लो। मैं उस लड़के से मिला हूं। उसका काम अच्छा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

नर्सिंग छात्र की हत्या कर फंदे पर लटकाया

पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद और एक अज्ञात पर साजिशन हत्या का दर्ज किया केस

संवाददाता, संदलपुर

अमृत विचार। अगवासी गांव के बाहर नर्सिंग छात्र का शव आम के पेड़ में फंदे पर लटकता मिला। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चार नामजद व अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

सोनू उर्फ सत्येंद्र।

नर्सिंग छात्र की हत्या पर रोती-बिलखती परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

घटनास्थल पर छानबीन करते सीओ शिव ठाकुर। अमृत विचार

डेरापुर थाना क्षेत्र के अगवासी गांव निवासी प्रेम शंकर कटियार ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र सोनू उर्फ सत्येंद्र (24) कानपुर में नर्सिंग फाइनल ईयर का छात्र था। आरोप लगाया कि कुछ समय से उनकी गांव के सत्यबाबू के परिवार से रंजिश चल रही है। गुरुवार की रात उनका बेटा सोनू खेत में खड़ी फसलों में पानी लगाने ट्यूबवेल पर जा रहा था, तभी रास्ते में रामकेश, संतोष व सत्यम बाबू साथियों के साथ घेर कर उसके बेटे सोनू को पीटने लगे। शोर मचाने पर खेत पर काम कर रहे किसानों के आने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद सोनू उर्फ सत्येंद्र खेत चला गया था।

पिता प्रेमशंकर ने बताया कि गांव के कर्तव्य बाबू ने साजिश रचकर रामकेश, संतोष, सत्यबाबू व अन्य लोगों के साथ ट्यूबवेल पर पहुंचकर उसके पुत्र को दोबारा पीटा और हत्या कर शव को आम के पेड़ पर फंदे से लटका दिया। शुक्रवार सुबह खेत जा रहे ग्रामीणों ने शव लटका हुआ देखा तो हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी शिव ठाकुर ने छानबीन की। उन्होंने फॉरेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए।

वहीं मौके पर पहुंचे सपा नेता जितेंद्र दोहरे व पूर्व विधायक मिथिलेश कटियार ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। डेरापुर थाना प्रभारी अनिल बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर देकर रामकेश, सत्यबाबू, संतोष, कर्तव्य बाबू व अन्य पर युवक की हत्या को आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है। नामजद व अज्ञात खिलाफ षडयंत्र के तहत हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

जुमा की नमाज में सलामती को उठे हाथ

संवाददाता, राजपुर/सिकंदरा

अमृत विचार। माह-ए-रमजान के तीसरे जुमे की नमाज क्षेत्र की सभी मस्जिदों में सकुशल अदा की गई। नमाजियों ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। राजपुर व सिकंदरा क्षेत्र की मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ देखने को मिली।

शुक्रवार को माह-ए-रमजान के तीसरे जुमे को रोजेदारों ने राजपुर नगर और ग्रामीण इलाके की मस्जिदों में नमाज अदा की। नमाज से पहले इमाम ने तकरीर कर रमजान के दूसरे अशरे की फजीलत बयान की। उन्होंने रोजे के दौरान ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत में गुजारिश की। इस दौरान राजपुर की पुरानी जामा मस्जिद, नूरी जामा मस्जिद समेत जल्लापुर सिकंदरा, रमऊ, अफसरिया, सटटी समेत आसपास की सभी मस्जिदों में भी जुमे की नमाज अदा कर मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। जुमे की नमाज पढ़े जाने को लेकर सुबह से ही रोजेदारों में उत्साह था। दोपहर को मस्जिदों में अजान होने से पहले ही नमाजी पहुंच गए और मस्जिदें भर गईं।

सिकंदरा की मस्जिद में जुमा की नमाज अता करते रोजेदार। अमृत विचार

राजपुर की नूरी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना सैय्यद अजमत अली बरकाती ने तकरीर कर मुकददस रमजान की अहमियत बताते हुए कहा कि अल्लाह रमजानुल मुबारक महीने में बंदों को बुराइयों से रोकने का मौका देता है। उन्होंने रमजान में इबादत करने की अहमियत बताई। जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मी तैनात रहे पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा। इसी तरह सिकंदरा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा रसधान, सिकंदरा, पीतमपुर, पिंडार्थू, संदलपुर, खोजाफूल आदि जगहों की मस्जिदों में पुलिस व पीएसी की मौजूदगी में मुस्लिम भाईयों ने नमाज अदा की। जामा मस्जिद के इमाम ने बताया कि रमज़ान के जुमा की नमाज काफी अहमियत दार होती है। रोजेदारों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। माना जाता है कि रमज़ान में जुमा की नमाज में अल्लाह से जो भी दुआ की जाती है। उसे अल्लाह जरूर पूरी करते हैं।

सार-संक्षेप

मूसानगर में सड़क पटरी से अतिक्रमण हटवाते थाना प्रभारी। अमृत विचार

मूसानगर में सड़क से हटाया गया अतिक्रमण

मूसानगर। कस्बे की मेन बाजार रोड किनारे पटरी पर दुकानदारों के कब्जे को पुलिस ने हटवाया। वहीं गजनेर रोड चौराहे पर आटो व रिक्शा चालकों को वाहन खड़ा न करने की हिदायत दी गई। नगर पंचायत मूसानगर कस्बा के मेन रोड व बस्ती बाजार रोड पर दुकानदारों ने दुकानों को आगे बढ़ा कर सड़क किनारे तक अतिक्रमण कर कब्जा कर रखा था। जिसको हटाने के लिए कई बार नगर पंचायत द्वारा एनाउंसमेंट भी कराया जा चुका है। वहीं थाना प्रभारी ने पैदल गस्त कर सभी रेहड़ी, ठेलिया दुकानदारों को मौखिक चेतावनी भी दी थी। लेकिन बावजूद अतिक्रण नहीं हटवाया गया। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों व वाहनों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही थी। वहीं बाजार वाले दिन जाम की स्थिति बनती थी। शुक्रवार को थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने फोर्स के साथ बाजार रोड पर दुकानदारों के अवैध अतिक्रमण को हटवा कर पटरी को खाली कराया। साथ ही दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई है। वहीं गजनेर रोड चौराहे पर ऑटो व रिक्शा चालकों को हिदायत दी गई कि कोई भी नाबालिग या बिना कागजात के गाड़ी न चलाएं और न ही रोड़ पर गाड़ी खड़ी करें। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

आग लगने से गृहस्थी जलकर खाक

रसूलाबाद। तहसील क्षेत्र के तिस्ती गांव में गुरुवार रात्रि संदिग्ध हालात में एक झोपड़ी में आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से गाय और उसका बछड़ा गंभीर रूप से झुलस गया। आग बुझाने के प्रयास में 55 वर्षीय किसान भी झुलस गया। झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सूरजपुर निवासी प्रदीप कुमार यादव ने तिस्ती पुलिस चौकी में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका तिस्ती स्थित यूनियन बैंक के पास मकान है। जिसमे वह अपने परिवार समेत रहता है। जहां गुरुवार देर रात अज्ञात लोगो ने घर के पीछे झोपड़ी में आग लगा दी। जिससे झोपड़ी में बंधी गाय और उसका बछड़ा आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गई। आग बुझाने के प्रयास में प्रदीप यादव भी झुलस गए। जब तक आग पर काबू पाया गया। तब तक झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत

शिवली। साथी के साथ जेसीबी ठीक करके वापस आते समय शिवली-कल्याणपुर मार्ग पर ककरदही गांव के पास बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। कानपुर नगर के अनवरगंज निवासी महताब (45) जेसीबी ठीक करने काम करता था। गुरुवार को वह अपने साथी सुरेश के साथ बाइक से रसूलाबाद जेसीबी ठीक करने गया था। देर रात वापस लौटते समय शिवली-कल्याणपुर मार्ग पर ककरदही गांव के पास सामने से आ रहे काशीपुर भौरा निवासी उदयवीर की बाइक से भिड़ंत हो गई, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को शिवली सीएचसी भेजा, जहां से तीनों को कानपुर हैलट रेफर दिया गया। शुक्रवार की शाम इलाज के दौरान महताब की मौत हो गई। पति की मौत से पत्नी रोशनी, बेटा अलफाज, बेटी नादिया का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि बाइक को कब्जे में ले लिया गया है। शव का कानपुर में पोस्टमार्टम हुआ है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

इरफान छह माह के लिए जिला बदर

कानपुर देहात। रूरा थाना पुलिस की रिपोर्ट पर एडीएम प्रशासन ने असामाजिक क्रिया-कलापों में लिप्त होने का दोषी पाए जाने पर नौरंगाबाद गांव निवासी अभियुक्त इरफान को छह माह के लिए जनपद एवं उसकी सीमा से जिला बदर किया है। इस अवधि में अभियुक्त यदि जनपद की सीमा के अंदर आता है तो उसके खिलाफ पुलिस को अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

ईडीसी से मतदान कर सकेंगे सरकारी कर्मचारी

कानपुर देहात। सरकारी कर्मचारी जो जिले में वोटर हैं, लेकिन उनकी ड्यूटी चुनाव में लगी हैं। उन्हें मतदान के लिए फार्म 12-ए जमा करना होगा। इससे इनका निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। साथ ही मतदाता सूची में उस कर्मचारी के नाम के आगे ईडीसी लिखा जाएगा। इसके बाद वह किसी भी बूथ पर मतदान कर सकेंगे। लोकसभा चुनाव में स्थानीय सरकारी कर्मचारियों को वोट डालने की विशेष सुविधा दी गई है। अभी तक जो कर्मचारी निर्वाचन ड्यूटी में लगाए जाते थे। उन्हें पोस्टल बैलेट से वोट डालना पड़ता था। अब जनपद में जो कर्मचारी वोटर हैं। वह किसी भी बूथ से अपना वोट ईडीसी के माध्यम से डाल सकेंगे। यह सुविधा पहली बार निर्वाचन आयोग ने दी है। एक बार ईडीसी में नाम दर्ज होने के बाद कर्मचारी अपने बूथ पर बिना ईडीसी के वोट नहीं डाल पाएंगे। उन्हें ईडीसी दिखाकर ही वोट डालने का अधिकार मिलेगा। इस बावत उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों को वोट डालने के लिए ईडीसी प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। वहीं प्राइवेट कर्मचारियों के संबंध में अभी तक आयोग से कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

स्कूलों में प्रवेश से पहले बच्चों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

कानपुर देहात। सरकारी परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई के लिए कक्षाओं में प्रवेश देने से पूर्व बच्चों को बारह सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें बच्चों को अक्षर व संख्या ज्ञान के साथ ही खेलकूद, कहानी, कविता आदि के जरिए स्कूल के प्रति रूचि विकसित की जाएगी। इसे स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम नाम दिया गया है। नई शिक्षा नीति के तहत परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र में बाल वाटिका या कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों को पढ़ाई शुरू कराने से पहले उन्हें स्कूल के लिए तैयार किया जाएगा। इसके अंतर्गत 84 से 90 दिन का अतिरिक्त कार्यक्रम तैयार किया गया है। जिसमें पांच साल तक के बच्चे बाल वाटिका में गतिविधियों पर आधारित अंक दक्षता और भाषा के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इसे 15 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। शिक्षक इस बारे में अभिभावकों को बताने के साथ ही बच्चों से विद्यालय में सीखी गई गतिविधियों की जानकारी लेंगे। अगस्त में अभिभावकों के साथ बैठक कर उन्हें बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी दी जाएगी।

अपहरण में पत्नी सहित तीन को दस साल कैद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। मंगलपुर क्षेत्र के गांव उड़नवापुर में करीब बारह साल पहले एक व्यक्ति घर आए रिश्तेदार को अपनी पत्नी के साथ गांव बाहर छोड़ने गया था। वापस न लौटने व पत्नी के गोलमोल जवाब देने पर युवक की मां ने बहू सहित तीन लोगों के खिलाफ पुत्र का अपहरण कर गायब कर देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एडीजे प्रथम की अदालत ने पत्नी सहित तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए दस-दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार सिंह व विवेक त्रिपाठी ने बताया कि मंगलपुर थाना क्षेत्र के उड़नवापुर गांव निवासिनी कमलेश ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसके पुत्र कोमल की शादी शिवली कोतवाली क्षेत्र के गांव बैरी बस्ता निवासी सुषमा के साथ एक साल पहले हुई थी। तीन जुलाई 2011 की रात घर पर दो अज्ञात व्यक्ति आए। उन्होंने अपने को सुषमा का रिश्तेदार बताया। करीब एक घंटा बाद जब वह जाने लगे तो उसकी बहू सुषमा ने लड़के से कहा कि चलो इनको गांव के बाहर तक छोड़ आए। जिसपर उसका पुत्र साथ चला गया। कुछ समय बाद सुषमा अकेले वापस आई और गांव में रहने वाले अपने बहनोई शिवशरण के घर चली गई। वहां से वापस आने पर जब उसने अपने पुत्र के बारे में पूछा तो गोलमोल जवाब देने लगी। काफी तलाश करने पर भी बेटे की जानकारी नहीं हुई। पुलिस ने मामले की विवेचना कर सुषमा, शिवशरण सहित शिवली क्षेत्र के बैरी बस्ता निवासी अमर सिंह के खिलाफ अपहरण के मामले में आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज प्रथम चंद्रशेखर की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए दस-दस साल कठोर कारावास की सजा सनाई है। साथ ही प्रत्येक पर दस-दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगताना होगा।

- मंगलपुर क्षेत्र के उड़नवापुर गांव में 12 साल पहले का मामला

युवती से दुष्कर्म के दो दोषियों को 10 साल की सजा

कानपुर देहात। घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती को करीब दस साल पहले बहला कर ले जाने व दुष्कर्म के मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने दो आरोपियों को दोषसिद्ध करते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अर्थदंड भी लगाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर नगर की घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता शादी के कार्ड बांटने के लिए 17 मार्च 2013 को बांदा गए थे। उसी दौरान गांव के ही अन्नू उर्फ अरुण कुमार अग्निहोत्री, अजय अग्निहोत्री व रिंकू मिश्रा उसकी पुत्री व भतीजी को बहलाकर ले गए। पुत्री घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण व एक लाख 25 हजार रुपये भी ले गई। वापस आने के बाद युवती के पिता ने 21 अप्रैल 2013 को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए युवती को बरामद करने के बाद दुष्कर्म की धारा बढ़ाने के साथ तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी। सुनवाई के दौरान आरोपी रिंकू की मौत हो गई थी। शुक्रवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी अन्नू उर्फ अरुण कुमार व अजय अग्निहोत्री को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर 18-18 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोनों को दस-दस माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जरैलापुरवा में घायल मिला मोर

रूरा। क्षेत्र के जरैलापुरवा गांव में सुबह एक राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल अवस्था में पड़ा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे वन दरोगा विजय सिंह ने पशुपालन विभाग को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आईए सिद्दीकी ने घायल पक्षी का इलाज कर वन दरोगा को सौंप दिया।

सूबेदार पति की हत्या में आरोपी पत्नी गिरफ्तार

फालोअप

- पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर सबूत मिटाने की धारा बढ़ाई

संवाददाता, मंगलपुर

अमृत विचारः होली में छुट्टी पर घर आए सूबेदार के ऊपर पत्नी द्वारा मिट्टी का तेल डालकर जलाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को सबलपुर के एक कालेज के पास गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पत्नी के खिलाफ आग लगाकर घर नष्ट करने की धारा बढ़ाई है।

मंगलपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुदौली मड़ौली के मजरा किशनपुर गांव निवासी चरण सिंह निषाद (34) सेना में सूबेदार के पद पर जम्मू में तैनात थे। वह होली पर छुट्टी लेकर घर आए हुए थे। चरण सिंह का विवाह कंचौसी क्षेत्र के मधवापुर निवासी आकांक्षा उर्फ बेबी से लगभग बारह वर्ष पूर्व हुआ था। उसके एक पुत्र कृष्णा (10) और पुत्री रानी (8) है।

मंगलवार की दोपहर चरण सिंह कमरे में सो रहे थे, तभी पत्नी आकांक्षा ने मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी थी और दरवाजे की कुंडी बंदकर जरूरी कागजात लेकर फरार हो गई थी। चरण सिंह गंभीर रूप से झुलस गए थे। हवासपुर सीएचसी से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल अकबरपुर और वहां से लखनऊ के कमांड अस्पताल भेजा गया था। बुधवार को चरण सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार गांव में ही किया गया था। सूबेदार की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पत्नी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। एसआई किशनपाल ने शुक्रवार को आरोपी आकांक्षा उर्फ बेबी को अनंतपुरी इंटर कालेज सबलपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। दरोगा ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर आरोपी महिला के खिलाफ धारा 436 की बढ़ोतरी की गई है।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

हवासपुर सीएचसी को मिली एक्सरे मशीन

मंगलपुर। हवासपुर सीएचसी में मरीजों को जल्द ही एक्सरे कराने की सुविधा मिल सकेगी। शासन की ओर से मशीन भेज दी गई है। अब लोगों को सिकंदरा व जिला अस्पताल की दौड़ से मुक्ति मिलेगी।

संदलपुर ब्लॉक की हवासपुर सीएचसी में दो वर्ष पहले एक्सरे टेक्नीशियन की तैनाती हुई थी, लेकिन एक्स-रे मशीन न होने की वजह से टेक्नीशियन दूसरे काम कर रहे थे। सीएचसी के डॉक्टर मरीजों को सिकंदरा सीएचसी या फिर जिला अस्पताल अकबरपुर के लिए रेफर कर दते थे। ऐसे में मरीजों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई मरीज तो अधिक दूरी होने के चलते जिला अस्पताल न जाकर अधिक मूल्य देकर प्राइवेट सेंटर में ही एक्सरे करा लेते थे।

बचाव पक्ष का गवाह से जिरह का अवसर खत्म

बिकरू कांड

- एंटी डकैती कोर्ट में अब दो अप्रैल को होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचारः बिकरू कांड की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को अदालत ने बचाव पक्ष के अभियोजन गवाह से जिरह न करने पर उसके जिरह का अवसर समाप्त कर दिया है। अब अदालत ने सुनवाई के लिए 2 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है।

कानपुर नगर के चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे ने गिरोह के साथ सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी थी, जबकि कई घायल हो गए थे। एंटी डकैती कोर्ट में अभियोजन गवाह दरोगा कुंवरपाल से कुछ आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष ने जिरह पूरी की थी। कई आरोपियों की ओर पिछली कई तिथियों से गवाह से जिरह नहीं की जा रही है। सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा व विकास सिंह ने बताया कि मामले में दयाशंकर, शिव तिवारी, विष्णुपाल उर्फ जिलेदार, रामसिंह, गोपाल सैनी, हीरू दुबे सहित 21 आरोपियों की ओर से गवाह से जिरह के लिए कोर्ट ने कई अवसर दिए, लेकिन जिरह नहीं की गई। शुक्रवार को कोर्ट ने बचाव पक्ष के उपस्थित न होने पर अवसर समाप्त कर दिया।

निरीक्षण | पुल नहीं तो वोट नहीं की घोषणा पर गांव पहुंची अफसरों की टीम

बहिष्कार पर पुल की कवायद शुरू

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। पुल नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ रूरा क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया है। दूसरे दिन शुक्रवार को एसडीएम अकबरपुर, सीओ, डीसी मनरेगा ने गांव पहुंचकर पुल की मांग वाली जगह का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को अंदाया, बैजूपुरवा, दम्मूपुरवा, इकघरा, कुरियानपुरवा, भूलनीपुरवा, कथारा, आजाद नगर समेत दर्जनों गांव के ग्रामीण गांव के बाहर रेल पटरी किनारे नहर पर पुल बनाने की मांग को लेकर बैजूपुरवा अंडरपास के समीप एकत्र हो गए थे और जगह-जगह पोस्टर लगाकर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार का अल्टीमेटम दिया था। ग्रामीणों का कहना था कि रूरा जाने के लिए पहले रेलवे लाइन के पास से पैदल रास्ता था। जिससे स्कूली छात्र व स्टेशन आने वाले लोग आसानी से कम समय में एक किलोमीटर का रास्ता तय कर लेते थे, लेकिन अब रेलवे द्वारा रास्ता बंद कर देने से करीब आठ किलोमीटर का चक्कर लगा कर छात्र स्कूल व लोग रूरा पहुंचते हैं। जिससे दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

बैजूपुरवा में ग्रामीणों को समझाते एसडीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

सूचना पर तहसीलदार अकबरपुर व रूरा थाना प्रभारी ने पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया था। इस दौरान लोगों ने मांग संबंधी प्रार्थना पत्र तहसीलदार को दिया था। इसके बावजूद लोग मतदान बहिष्कार पर अड़े थे। जानकारी पर शुक्रवार को एसडीएम अकबरपुर अवनीश कुमार, सीओ तनु उपाध्याय, डीसी मनरेगा प्रेम प्रकाश त्रिपाठी ने बैजूपुरवा गांव पहुंच कर ग्रामीणों से वार्ता की। साथ ही पुल की मांग वाली जगह का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही समस्या का निदान कराया जाएगा। ग्रामीणों ने समस्या का निदान न होने पर मतदान न करने का ऐलान किया है।



गर्मी बढ़ने के साथ गहराएगा पेयजल का संकट

उपेक्षा के कारण कई तालाब-हैंडपंप बदहाली की स्थिति में

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मार्च माह के अंत में ही मई-जून जैसी गर्मी का एहसास होने लगा है। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में तापमान बढ़ने के साथ ही पानी का संकट भी गहराने लगा है। उपेक्षा के कारण कई हैंडपंप बदहाली की स्थिति में हैं। जिससे पानी के लिए अभी से लोगों को परेशानी होने लगी है। यह माना जा रहा है कि गर्मी बढ़ने के साथ पानी की यह परेशानी और भी बढ़ सकती है।

जिले के यमुना कटरी क्षेत्र के लोग पानी को लेकर परेशानी झेलने को खासे मजबूर हैं। दरअसल स्थिति यह है कि इन क्षेत्रों में कई गांवों में लगे अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े हैं। हैंडपंप ग्राम पंचायत स्तर पर सुधारे जा सकते हैं लेकिन फिर भी नहीं सुधारे जा रहे हैं। तमाम हैंडपंपों में पानी ही नहीं है। गांवों में पानी के इंतजाम की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों का होती है लेकिन उदासीनता के कारण ही क्षेत्र के कई गांवों में अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े हैं। इसी वजह से लोगों को पेयजल की समस्या के लिए भटकना पड़ रहा है। जबकि अभी केवल गर्मी की शुरुआत है। एक तरफ जहां ग्रामीण पीने के पानी के लिए परेशान हैं, वहीं पशुओं को भी पानी नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि प्रधान व सचिव से खराब हैंडपंपों की शिकायतें की जाती हैं लेकिन पेयजल की समस्या का समाधान ही नहीं करते हैं। गांव के लोग सचिव और प्रधान से ही अपनी समस्या बताते हैं और समाधान न होने पर मौन हो जाते हैं। गमी के दिनों में पानी की समस्या तो परेशान करेगी। वर्तमान में ग्रामीणांचलों के तालाबों में पानी के बजाए धूल उड़ रही है।

पानी भरने के लिए लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

बढ़ते हुए तापमान से अभी से छूटने लगा पसीना

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बाजारों में सजने लगी सुराही और मटकों की दुकानें
- कूलर पंखों के रिपेयरिंग का कार्य भी तेजी से शुरू

अमृत विचार। मार्च में ही सूरज की तपिश के साथ गर्मी की शुरूआत हो गई है। तापमान भी धीरे धीरे ऊपर चढ़ रहा है। इसके चलते शहर में गरीबों की फ्रिज का बाजार मटके, सुराही से सजने लगे हैं। हालांकि दाम सभी के अलग-अलग हैं लेकिन बिक्री रेट 50 से 200 रुपये तक है। विक्रेताओं ने बताया कि ग्राहक भी आने लगे हैं। धीरे-धीरे व्यापार में तेजी आएगी। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया।

सूबह से ही सूरज ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। यही वजह है कि शहर के प्रमुख बाजारों की सड़क किनारे मटके, सुराही और गगरी की दुकानें सज गई हैं। विक्रेताओं ने बताया कि मटके, सुराही और गगरी का माल तैययार कर लिया गया है। जो मटके व गगरी आए थे, उनमें



अलग अलग वैरायटी हैं। सादा मटका 120 और जिसमें नल लगा, उसकी कीमत 150 रुपये है। वैसे मटके-सुराही के रेट 50 से 250 रुपये तक है। जबकि गगरी 80 से 150 रुपये के बीच मिल रही है। जैसे जैसे गर्मी पकड़ रही, वैसे वैसे बिक्री होने लगेगी।

इस समय लेने वाले कम, पूछने वाले ज्यादा आ रहे है। अप्रैल से बिक्री में रफ्तार आएगी। वहीं शहर के शादीपुर, पत्थरकटा चौराहा आदि स्थानों में खुली कूलर पंखों की रिपेयरिंग की दुकानों में भी रौनक आने लगी है। लोग अपने पुराने पंखों एवं कूलर को ठीक कराते नजर आ रहे हैं।

मवेशियों के लिए भी होगा पानी का संकट

गर्मी के दिन शुरू हो रहे हैं और तालाबों में पानी की कमी दिखाई दे रही है, ऐसे में आने वाले दिनों में पशुओं के लिए भी पानी की परेशानी हो जाएगी। निर्देश दिए गए थे कि गर्मी से पहले तालाबों में पानी भर दिया जाए। इसके बाद भी अधिकांश स्थानों पर तालाब खाली पड़े हैं। जिससे आने वाले दिनों में यह समस्या हो जाएगी कि पशुओं को पानी कहां से पिलाया जाए। अभी भी तालाबों की स्थिति में कोई सुधार नहीं किया जा रहा है।

साउथ सिटी में 12 घंटे बिजली गुल, पानी का भी संकट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- गर्मी आते ही रुलाने लगी बिजली कटौती
- कई- कई घंटों तक बाधित रहती आपूर्ति, लोगों में रोष

अमृत विचार। गर्मी का मौसम आते ही बिजली कटौती रुलाने लगी है। लाइन में ट्रिपिंग के साथ ओवरलोडिंग के चलते बिजली की कटौती होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को साउथ सिटी स्थित राधानगर पावर हाउस से संचालित कई फीडरों की आपूर्ति 12 घंटे से अधिक बाधित रही। जिससे लोगों को गर्मी पेयजल के साथ साथ गर्मी से जूझना पड़ा। ऐसे ही ग्रामीणांचलों में भी मात्र दस से बारह घंटे ही बिजली मिल रही है। सिंचाई के लिए भी किसानों को बिजली की कटौती के कारण जूझना पड़ रहा है।

अभी से बहुत तेज गर्मी शुरू नहीं हुई है। मौसम में हल्की गर्मी आते ही शहरी क्षेत्र में समेत ग्रामीणांचलों में में बिजली की अघोषित कटौती अपना रंग दिखाने लगी है। मौसम में हल्के परिवर्तन के साथ ही बिजली की घोषित कटौती के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साउथ सिटी के श्यामनगर, खम्भापुर, विष्णुपुरी कालोनी, राधानगर, देवीगंज, पीएसी परिसर समेत अन्य फीडरों के मोहल्लों में सुबह 11 बजे के बाद गुल हुई बिजली रात 12 बजे तक भी सुचारु रूप से आपूर्ति नहीं हो सकी। जिससे गर्मी में लोगों को कराहना पड़ा। साथ ही पेयजल के लिए लोगों को परेशान होना पड़ा। उपभोक्ता, विनय कुमार, राहुल कुमार समेत अन्य लोगों ने बताया कि 12 घंटे से अधिक आपूर्ति बाधित होने से घरों के इनवर्टर भी बोल गए। जिससे अंधेरे में रहना पड़ा। वहीं ग्रामीणांचलों के किसानों का कहना है कि फसलों की सिंचाई के लिए अघोषित कटौती के कारण समस्या हो रही है। क्षेत्र में बिजली के घोषित कटौती का आलम यह है बिजली कितने टाइम आएगी और कितने टाइम जाएगी। इसका कोई पता नहीं है। रोस्टिंग व ओवरलोडिंग के चलते कटौती किया जाना भी जारी हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र के फीडरों की आपूर्ति का तो आलम यह है कि तीन-चार घंटे तक बिजली गुल रहती है।

बिजली घर फोन कर जानकारी करने पर कभी लाइन में फाल्ट होना तो कभी ओवरलोड में फीडर बन्द होने की तो कभी रोस्टिंग चलने की बात ग्रामीणों को बता दी जाती है। शाम के समय देहात के फीडरों पर ओवरलोडिंग के चलते आधा से एक घंटा की ज्यादा कटौती की जाने लगी है। मलवां, बहुआ, जोनिहां आदि क्षेत्रों के ग्रामीणों की मानें तो अभी जब बहुत तेज गर्मी पड़ना शुरू नहीं हुई है तब भी बिजली की कटौती का आलम यह है। 10 घण्टे भी बिजली बमुश्किल मिल पा रही है। जिससे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बबूल का पेड़ गिरने से बिजली के सात खंभे धराशाई

खागा फतेहपुर। क्षेत्र के खखरेरु कनपुरवा विद्युत उपकेंद्र अनर्गत बीती रात ड़ढिया गांव में अचानक बबूल का पेड़ जमीन से उखड़ गया और बगल में खडे ग्यारह हजार लाइन में जा गिरा। इस दौरान विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए लगभग सात पोल टूट गए। बिजली के पोल टूटने से बड़े नलकूप वाले किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं इसी लाइन से ड़ढिया गांव में जाने वाली एलटी लाइन पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जिससे गांव के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।गुरुवार रात ग्यारह हजार बिजली के पोल टूट जाने से बोरबेल के किसानों के सामने बड़ी समस्या उतपन्न हो चुकी है। किसानों में रामवीर निषाद, रामबहोरी निषाद, दुर्गा निषाद, बृजमोहन निषाद, देवराज निषाद, राज किशोर निषाद, भूखन निषाद, छोटा निषाद, अमरपाल निषाद ने बताया कि पेड़ गिरने की वजह से कई पोल टूट गए हैं। जिससे पानी की किल्लत किसानों के लिए ख़डी हो गई है। सारे बोरवेल बंद हो चुके हैं। इन्होंने ने बताया कि गेहूं की खेती को अभी पानी की सख्त जरूरत है। दूसरी तरफ ड़ढिया गांव में तालाब, पोखर न होने के कारण जानवरों के लिए पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे जानवरो को लिए भी बड़ी समस्या उतपन्न हो चुकी है। इस बीच गर्मी का समय चल रहा है गांव में आगजनी हो जाए तो पानी कहां से लाया जाएगा, यह बड़ा सवाल है। कुछ ग्रामीणों ने कहा कि समय से बिजली दुरस्त नहीं की गई तो विद्युत विभाग को लेकर जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र दिया जाएगा। वही जेई आदित्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर लाइन मैन को भेजा गया है। टूटे हुए पोल का इस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है। जल्द लाइन को दुरस्त करा कर आपूर्ति बहाल कराई जाएगी।

जमींदोज हुआ बिजली का पोल।

कच्ची दीवार गिरने से किसान की मौत

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के सरांय खालिस गांव में घर के अंदर काम कर रहे किसान के ऊपर कच्ची दिवार गिर गई। जिसके मलबे में दबकर किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

असोथर थाना क्षेत्र के सरांय खालिस गांव निवासी अमरनाथ मौर्य घर मे जानवरों की चरही की सफाई कर रहा था। उसी दौरान घर की कच्ची दिवार भरभरा कर उसके ऊपर गिर गई। जिससे अमरनाथ दीवार के मलबे में दब गया, तुरन्त सभी ने मिलकर उसको मलबे से बाहर निकाला। लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के छोटे भाई ऊदल ने बताया कि भाई मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था।

बोर्ड परीक्षा : 10,468 कॉपियों का मूल्यांकन अभी है शेष

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- तीन केंद्रों में मूल्यांकन शुक्रवार को हो गया समाप्त

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन का कार्य जिले में लगभग समाप्त हो गया है। शुक्रवार को तीन केन्द्रों में आवंटित कापियों को चेक कर दिया गया है। एएस इंटर कालेज में हाईस्कूल 10468 कापियों का मूल्यांकन ही शेष रह गया है।

यूपी बोर्ड ने 31 मार्च की समय सीमा तय की है। लेकिन जिले में मूल्यांकन कार्य समय सीमा के पहले ही पूरा हो जाएगा। यूपी बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिये जिले में चार केन्द्र बनाये गये थे। इसमें राजकीय इंटर कालेज एवं जीजीआईसी में इंटर की कापियों का मूल्यांकन हो रहा था। शुक्रवार को जीआईसी में आवंटित 83848 कापियों का मूल्यांकन परीक्षकों ने पूरा कर दिया है। इसी तरह से राजकीय बालिका इंटर कालेज में आवंटित 75389 कापियों का लक्ष्य पूरा हो चुका है। एएस इंटर कालेज एवं सदाशिव इंटर कालेज में हाईस्कूल की कापियों का मूल्यांकन किया गया। शुक्रवार को सदाशिव इंटर कालेज में आवंटित कुल 126158 कापियों का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया। परीक्षा प्रभारी विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि अब सिर्फ हाईस्कूल की 10468 कापियों का मूल्यांकन होना शेष है।

निजी बस की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के मानापुर सेमरामऊ गांव के पास प्राइवेट बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर ने रेफर कर दिया।

हथगाम थाना क्षेत्र के दमौदापुर गांव निवासी गजराज का पुत्र रावेंद्र व गांव निवासी राजू का पुत्र अंकित बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे। जब उनकी बाइक थाना क्षेत्र के मानापुर सेमरामऊ गांव के पास पहुंची तभी प्राइवेट बस ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

मेधावी बच्चों को दिए पदक व शील्ड

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के विपिन राज कान्वेंट पनी में परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ रामानुज त्रिपाठी एवं जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण रहे। विद्यालय में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को अंकपत्र, मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय में अनेकों गतिविधियों में रुचि रखने वाले बच्चों में दिव्यांशी सिंह, अथर्व, तमन्ना, प्रिंस केसरवानी, अफ्फान अली, अविका, गगन, अश्मीरा, मुजम्मिल, रुद्र तिवारी, अंशिका अग्रहरि, अनिका, अवनी सोनी, कार्तिक सोनी, असमीरा नाज, आस्था त्रिपाठी, हर्षित, आयुश को भी सम्मानित किया गया।

वहीं पीजी में संस्कार गुप्ता, अहद खान प्रथम व अन्हा खान मरियम दूसरे स्थान पर कक्षा एक में दरपिता श्रीवास्तव, अबान प्रथम, कक्षा दो अभय राज शरन, अरीबा उमरा प्रथम, कक्षा तीन में अयान प्रथम, मो साहिर दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा चार में नसरा प्रथम महावीर दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा 5 अरिबा , सत्यम प्रथम, सरस्वती दूसरे स्थान पर रही। कक्षा 6 में इफरा प्रथम, दूसरे स्थान परअलिया रही।

कक्षा 7 में अनामिका प्रथम, असरा, एंजल राज दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा 8 में वैभवी मिश्रा प्रथम, मो कैफ दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा 9 में रिषभ यादव प्रथम, शबाना नाज दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा 11 में निशू यादव प्रथम , अंजली पांडेय दूसरे स्थान पर रहे।

टॉपर को मिलीं साइकिल

थरियांव। हसवां विकास खंड के नौबस्ता मंडासराय में स्थित श्रीराम जानकी इण्टर कॉलेज में शुक्रवार को परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण में कॉलेज की टॉपर कक्षा 6 की छात्रा अंशिका पाल को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। कई मेधावियों को घड़ी, शील्ड और डायरी पेन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि थरियांव थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह विद्यालय के संरक्षक राम औतार सिंह यादव, पवन कुमार यादव आदि लोग मौजूद रहे। रामपुर थरियांव स्थित सरला देवी श्रीराम इंटर कॉलेज में परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया।

सार-संक्षेप

चर्च में लोगों को सुनाई गई वाणियां। अमृत विचार

यीशु मसीह की सात वाणियां सुनाई गईं

फतेहपुर। शहर के गिरिजाघरों में शुक्रवार को गुड फ्राइडे मनाया गया। सुबह से गिरिजाघरों में पहुंचे लोगों ने प्रार्थना की। इसके अलावा प्रभु यीशु मसीह की सात वाणियां सुनाई गईं। समाज के लोगों ने उसे ध्यानपूर्वक सुना। शहर के देवीगंज स्थित चर्च में गुड फ्राईडे मनाया गया। वहीं हरिहरगंज मोहल्ले में स्थित चर्च में तालाबंदी रही। समाज के लोगों ने सुबह से घरों में भी प्रार्थना सभा आयोजित की। जिसमें इसाई समुदाय के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। फादर ने उपस्थित लोगों को प्रार्थना कराई। प्रभु यीशु मसीह की पहली वाणी के रूप में कहा गया कि हे पिता इन्हें क्षमा कर, दूसरी वाणी आज ही तू मेरे साथ स्वर्ग लोक में होगा, तीसरी वाणी हे नारी-ये तेरा पुत्र है, चौथी वाणी एली एली लमा शबक्तनी, पांचवी वाणी मैं प्यासा हूं, छठी वाणी पूरा हुआ तथा सातवीं वाणी के रूप में मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं, सुनाया गया। इसके अलावा प्रत्येक वाणी के बाद गीत भी प्रस्तुत किए गए। गिरिजाघर में शाम पहर तक कार्यक्रम होते रहे। जिसमें ईसाई धर्म के लोगों ने सहभागिता निभाई।

मेधावियों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

मेधावियों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम में लूटी वाहवाही

बिंदकी। नगर के फरीदपुर मोड़ स्थित चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में राइजिंग स्टार एवं पूर्व छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसके बाद विद्यालय में सांस्कृतिक व गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की प्रस्तुति ने अभिभावकों शिक्षकों को मुख्य अतिथियों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उप जिलाधिकारी अवनीत, नगर पालिका अध्यक्ष राधा साहू, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी चंद्र कृष्णा पांडे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथियों ने कक्षा प्राइमरी से 12 तक के छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं शैक्षणिक प्रतिभा को देखते हुए पुरस्कृत किया गया। जिसमें कक्षा पीजी कार्तिक शुक्ल, एलकेजी परिधि ओमर, यूकेजी माधवन सोनी, कक्षा एक आर्यश मिश्रा, कक्षा दो अग्रिम गुप्ता, कक्षा तीन अनिका पटेल, कक्षा चार उन्नति सोनकर, कक्षा पांच रेयान खान, कक्षा छह वैभव प्रजापति, कक्षा सात उजैफ खान, कक्षा आठ काव्या सिंह, कक्षा नौ आस्था सिंह, कक्षा ग्यारह शिक्षा सिंह को प्रथम तो कक्षा एक अदिति, कक्षा चार स्पर्श राज, कक्षा छह अवनी सिंह, कक्षा सात आस्था, कक्षा आठ कनक, कक्षा नौ काव्या शुक्ला द्वितीय स्थान व कक्षा एक नव्या, कक्षा तीन अर्नव सोनी, कक्षा पांच नैंसी, कक्षा छह अर्थव, कक्षा आदित्य यादव, कक्षा आठ प्रेरणा साहू, कक्षा नौ हर्षित सिंह तथा कक्षा ग्यारह की तुबा खान ने तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथियों ने सभी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, निदेशिका प्राची श्रीवास्तव व प्रधानाचार्य नितिन तिवारी के अलावा वरुण श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

मामूली विवाद में युवक को मारी गोली, घायल

फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात को मामूली विवाद को लेकर एक युवक को दो लोगों ने गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहानाबाद थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी मोहम्मद अजीम का पुत्र नसीम ई-रिक्शा चालक है। बताया कि गुरूवार की रात दो लोगों ने उसे गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान घायल ने बताया कि गुरूवार की शाम वह सवारी लेकर जा रहा था तभी गांव के ही गुफरान पुत्र जीशान ई-रिक्शा के आगे अपनी बाइक खड़ी कर दी। मना करने पर गाली-गलौज करने लगा। जिस पर वह उसके घर जाकर उसकी शिकायत की। इसी बात की खुन्नस को लेकर रात करीब डेढ़ बजे अपने साथी मोईन अंसारी निवासी मलिकपुर के साथ घर आया और उसे गोली मार दी। घटना के बाद दोनों फरार हो गए। उसने बताया कि सूचना पर आई पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार जख्मी

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के रज्जीपुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिया। जिससे साइकिल सवार घायल हो गया। इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। हथगाम थाना क्षेत्र के रज्जीपुर गांव निवासी झूरीलाल साइकिल से गांव-गांव फेरी कर हरी सब्जी बेचने का काम करता है। रोज की तरह शुक्रवार को भी वह साइकिल से फेरी कर सब्जी बेचने निकला था। जैसे ही वह गांव से कुछ दूर आगे बढ़ा तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दिया। जिससे साइकिल सवार झूरीलाल घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत घायल अवस्था मे उसको हथगाम सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

व्यवस्था बालश्रम कराने वाले लोगों पर नजर रखेगी बाल कल्याण समितियां, रैलियों में बच्चों के इस्तेमाल न करने की हिदायत

लोकसभा चुनाव के प्रचार में बच्चे नहीं होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव होने में अब कुछ ही समय रह गया है। इसको लेकर राजनीतिक दलों के साथ-साथ चुनाव आयोग ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव आयोग ने सियासी दलों और उम्मीदवारों को राजनीतिक अभियानों और रैलियों में किसी भी तरह से बच्चों के इस्तेमाल करने से बचने की हिदायत दी है।

आयोग ने सभी दलों, उम्मीदवारों और चुनावी काम में लगे लोगों और मशीनरी को एक निर्देश जारी कर चुनाव संबंधी कार्यों और अभियानों की गतिविधियों में बच्चों को किसी भी रूप में शामिल नहीं करने को कहा है। निर्देश में साफ तौर पर कहा गया है कि ऐसा करना बिल्कुल स्वीकार नहीं होगा। बड़ी रैली और सभा में वीडियो ग्राफी होगी। यदि कोई बच्चा प्रचार करता मिला तो बाल कल्याण समिति के जरिये कार्यवाई होगी। इसके लिए बाल कल्याण के अफसर नजर भी रखेंगे। हर बार लोकसभा चुनाव में बच्चों को प्रचार प्रसार में लगा दिया जाता है। कहीं पम्पलेट तो कहीं प्रसार के लिये भेजी जा रही गाड़ियों में इन्हें मेहनताना देते हुए भेजा जाता है।

इसकी शिकायते बाल श्रम विभाग को कई बार मिली। चुनाव आयोग ने इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए बच्चों द्वारा प्रचार प्रसार पर रोक लगा दी है। इसमें कार्यवाई की जिम्मेदारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स की होगी। उनके पास ही हर बड़ी रैली और सभा की वीडियोग्राफी की जिम्मेदारी है। यदि वीडियोग्राफी में यह तय हुआ की बच्चों द्वारा बाल श्रम कराया गया है, तो कार्यवाई तय की जाएगी। हालांकि चुनाव आयोग ने साफ किया कि किसी राजनीतिक नेता के निकट अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ एक बच्चे की मौजूदगी को दिशा निर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। शर्त यह है कि वह बच्चा चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल न हो।

बुजुर्गों समेत 12 विभागों के कर्मी करेंगे मनपसंद जगह से मतदान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- चुनाव आयोग की कोशिश हर हाल में मतदान का प्रतिशत 67 पार हो
- सर्विस वोटर की तरह 12 डी फार्म भरकर कराया जा सकेगा मतदान

अमृत विचार। दिव्यांग और बुजुर्गों के साथ 12 विभागों के कर्मचारियों को भी मनपसंद जगह से मतदान करने का मौका मिलेगा। लोकसभा चुनाव में इस बार इन सभी को सर्विस वोटर की तरह 12-डी फॉर्म भेजकर मतदान कराया जाएगा।

चुनाव आयोग ने हर प्रदेश से अलग-अलग विभागों को छांटा है। आयोग ने डीएम को सूची भेजकर सुविधा को देखते हुए मतदान का निर्देश दिया है, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके।

चुनाव आयोग इस बार लोकसभा चुनाव में हर हाल में मतदान 67 फीसदी के पार कराना चाहता है। इसके लिए आयोग ने मतदाताओं को काफी सहूलियत दी है। सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर आयोग ने यूपी के 12 विभागों के कर्मचारियों को उनकी सुविधा के अनुसार मतपत्र भेजकर मतदान कराने को कहा है। कर्मचारियों को उनकी सुविधा के मुताबिक 12डी फॉर्म भेजकर मतदान कराया जाएगा। कर्मचारी चुनाव के दिन में भी जरूरी सेवा होने से नौकरी में ही रहते हैं, जिससे वोट नहीं डाल पाते हैं। अब उनको आयोग ने सहूलियत देकर मताधिकार से वंचित होने से बचाया है।

कर्मचारियों की सूची मांगी

मनपसंद जगह से मतदान करने की छूट की जानकारी आते ही जिले का चुनाव कार्यालय सक्रिय हो गया है। कार्यालय की ओर से सभी 12 विभागों के प्रभारियों को पत्र भेजा गया है। सभी की बैठक कराकर फॉर्म 12 डी के जरिए मतदान के इच्छुक कर्मचारियों की सूची ली जाएगी। फिर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी विभागों को मतपत्र भेजे जाएंगे।

इन विभागों के कर्मियों को मिलेगा लाभ

विभाग में रेलवे, ट्रैफिक, बिजली, मेट्रो, दूरदर्शन, पोस्ट ऑफिस, सूचना विभाग, हेल्थ एंड फैमली वेलफेयर (इमरजेंसी व एंबुलेंस सर्विस), सिविल एविएशन, ऑल इंडिया रेडियो, बीएसएनएल, मीडियाकर्मी (चुनाव आयोग से मतदान के दिन कवरेज में लगे अधिकृत मीडिया कर्मी शामिल हैं।

युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के महदौली गांव में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपने जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के मंहदौली गांव निवासी बबलू के पुत्र पिंटू ने घर के अंदर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो घर में हड़कंप मच गया तुरंत उसको नजदीकी प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मेरा हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 2263759 वर्ष 2010 वास्तव में कहीं खो गया है। **शाहिला राशिद पुत्री अब्दुल राशिद सदर बाजार करनैलगंज गोंडा**

सूचना

सूचित हो कि मैं भावना भट्ट तिवारी पत्नी मनोज कृष्ण तिवारी निवासी 8/54 a-3 अशोक विहार कॉलोनी, इंदिरानगर लखनऊ, मैंने अपने पुत्र का नाम Avyukt Tiwari से बदलकर Anshuman Tiwari रख लिया हैं, आज से उसे Anshuman Tiwari के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

सूचना

मेरा हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 212627168 वर्ष 2021 वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहम्मद एहतिशाम पुत्र अनीस अहमद ग्राम परशरामपुर थाना पखरपुर बहराइच**

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति/भूखण्ड संख्या- सी-27, स्थित माधव ग्रीन, लखनऊ से सम्बन्धित मूल विक्रय विलेख पंजीकृत दिनाकं - 29-11-2014, बही संख्या-01, जिल्द संख्या- 16148 के पृष्ठ संख्या- 235 से 260 तक क्रमांक संख्या-20068 उप निबन्धक कार्यालय, द्वितीय, लखनऊ में पंजीकृत है, जो कि मेसर्स अर्षा इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा0लि0 द्वारा निदेशक, मथुरेश श्रीवास्तव द्वारा श्रीमती सुषमा यादव पत्नी श्री सुनील के पक्ष में निष्पादित है, वास्तव में कहीं खो गया है, जो कि बहुत खोजने के बाद भी नहीं मिला। सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध बैंक आफ बड़ौदा, शाखा- शहजादपुर, अम्बेडकरनगर में ऋण हेतु आवेदन किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा किसी भी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति किया जाता है तो वह अपना दावा/आपत्ति 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी अथवा बैंक आफ बड़ौदा, शाखा- शहजादपुर, अम्बेडकरनगर के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। सूचना प्रकाशन के 15 दिनों उपरान्त किसी भी व्यक्ति/संस्था का दावा उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध उक्त मूल बैनामा के आधार पर मान्य नहीं होगा।

प्राथिर्नी (हेमलता वर्मा) पता- 1/43, विकास नगर, सेक्टर-1, लखनऊ। मो0नं0- 7007914933

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1222367663 वास्तव में खो गया है। **महेश पुत्र श्री पप्पू ग्राम धरमपुर पोस्ट पातुपुर थाना रानीपुर जिला बहराइच, पिन कोड 271872**

कवायद: अब बिजली मित्र रोकेंगे बिजली की चोरी

विभाग ने शुरू की प्रक्रिया, पोर्टल को बनाया माध्यम

संवाददाता, फतेहपुर



● अफसरों को उपलब्ध कराया जाएगा विवरण

अमृत विचार। बिजली चोरी रोके जाने के लिए विभाग ने नई कवायद शुरू की है। विभाग बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली मित्र बनाए जाने की तैयारियां कर रहा है जिनके द्वारा बिजली चोरी वाले स्थानों की डिटेल पोर्टल के माध्यम से विभागीय अफसरों को उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके बाद विभागीय टीमें मौके पर पहुंच कर सम्बंधितों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तय लोड के अनुसार जुर्माना लगाने का काम करेंगी।

मोबाइल व साइबर कैफे से दर्ज हो सकेंगी शिकायतें: शिकायत हाल ही में लांच किए गए ऐप के माध्यम से बिजली चोरी किए जाने वाले स्थान की सूचना विभागीय वेबसाइड यूपीपीसीएल के पोर्टल बिजली मित्र के लिंक पर जाकर शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। इसके लिए शिकायत दर्ज कराने वाले बिजली मित्र को सम्बंधित स्थान की फोटो व वीडियो सहित बिजली चोरी होने वाले स्थान का डिटेल मोबाइल या साइबर कैफे के माध्यम से देना होगा। विभागीय कर्मचारी तत्काल पहुंचकर सम्बंधित के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

पहचान बताए बिना दी जा सकेगी सूचना

विभाग बिजली चोरी की सूचना देने वालों की पहचान छिपाने के लिए भी विशेष तैयारी कर रहा है। जिससे न तो पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने वाले को अपना नाम व पता बताना होगा। विभाग इस ओर भी विशेष ध्यान देते हुए काम कर रहा है जिससे शिकायत कर्ता की गोपनीयता भंग न हो सके। ऐप से बिजली चोरी की सूचना बिना पहचान बताए ही की जा सकेगी।

नई व्यवस्था पर भरोसा

इस नई व्यवस्था से जहां बिजली चोरी रोके जाने में मदद मिल सकेगी वहीं चोरी से होने वाले लाइन लॉस को भी कम किया जा सकेगा। सूचना देने वालों की पहचान छिपाई जाएगी। निगरानी अफसरों द्वारा की जाएगी। वहीं चोरी वाले स्थान पर कनेक्शन नहीं है तो कनेक्शन दिया जाएगा।

क्रय केंद्रों में नहीं पहुंच रहा गेहूं, अधिकारी परेशान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

● क्रय केंद्र खुले 29 दिन बीत गए, बोहनी तक नहीं हुई

● खुले बाजार में अधिक कीमत मिलने से नहीं आ रहे किसान

अमृत विचार। गेहूं क्रय केन्द्र खुलने के 29 दिन बीत जाने के बाद भी क्रय केन्द्रों की बोहनी तक नहीं हो रही है। जिले की कई एजेंसियों के करीब 44 क्रय केंद्रों में सन्नाटा पसरा है। वहीं अफसर व क्रय केंद्र प्रभारी इस बार अधिकाधिक किसानों व बटाईदारों से गेहूं खरीद के लिए उनका ऑनलाइन पंजीकरण कराने की कवायद में जुटे हैं। लेकिन खुले बाजार में अधिक कीमत होने से किसान सरकारी क्रय केंद्रों में गेहूं बेंचने का मन बनाना तो दूर पंजीकरण तक कराने में बेरुखी दिखा रहे हैं।

जिले में इस बार शासन ने गत वर्ष के सापेक्ष इस बार समर्थन मूल्य में 150 रुपए की बढ़ोत्तरी कर 2275 रुपये प्रति कुंतल की दर से गेहूं की खरीद का फैसला किया है। इसके लिए जिले में 44 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस आदि एजेंसियां शामिल हैं। जिले में एक मार्च से गेहूं खरीद के लिए खरीद का काम शुरू होना था, लेकिन अभी तक गेहूं की फसल तैयार नहीं होने से सभी क्रय केंद्रों में सन्नाटा पसरा है। इस स्थिति ने अफसरों को पशोपेश में डाल दिया है कि वह क्या करें।

खुले बाजार में 2350 रुपये क्विंटल का भाव

पिछले साल मूल्य समर्थन योजना के तहत 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद की गई थी। इस साल समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल किया गया है, लेकिन खुले बाजार में अभी गेहूं का मूल्य 2350 रुपये से 24 सौ रुपये प्रति क्विंटल होने से किसान सरकारी क्रय केंद्रों में गेहूं तैयार होने के बाद भी बिक्री करने का मन नहीं बना रहे हैं। इससे परेशान जिम्मेदार किसानों व बटाईदारों की अभी से मानमनौवल में जुटे हैं।

माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद दोआबा में रहा हाई अलर्ट

संवाददाता, फतेहपुर

● चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे पुलिस और पीएसी के जवान

● जुमा की नमाज पर मस्जिदों में लगाई गई फोर्स

शहर में गश्त पर निकले एसपी उदय शंकर सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाने की पुलिस हाई अलर्ट पर रही। जुमा की नमाज को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों के आस पास पुलिस बल तैनात रहे। जुमे की नमाज के कारण किसी अनहोनी की आशंका पर शहर के लाला बाजार, सैयदबढ़ा, मुराइन टोला, पीरनपुर सहित अन्य जगह पर पुलिस और पीएसी बल तैनात रहे।

पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने पुलिस टीम के साथ शहर क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शहर क्षेत्र में एसडीएम सदर प्रभाकर त्रिपाठी और सीओ सिटी वीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस और पीएसी बल तैनात किया गया। बिंदकी तहसील क्षेत्र में एसडीएम और डीएसपी भ्रमण कर रहे हैं। खागा तहसील क्षेत्र में एसडीएम और सीओ लगाए गए हैं। जिले के सभी थाना पुलिस को अलर्ट कर रखा गया।

लोकसभा चुनाव के कारण जिले में धारा 144 लागू है। कहीं भी एक साथ चार लोग से ज्यादा नहीं खड़े हो सकते हैं। किसी ने माहौल बिगाड़ने के प्रयास किए तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। कई स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। कंट्रोल रूम में बैठी टीम हर जगह पर निगाह बनाये रखी। सादी वर्दी में भी पुलिस टीम को लगाया गया। कुछ मार्ग के रूट भी बदले गए।

किसानों को मिल रहे आलू के अच्छे भाव, चेहरे खिले

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

● अगैती फसल में भाव गिरने से परेशान थे किसान

● पिछैती आलू की फसल ने नुकसान की भरपाई की

अमृत विचार। दोआबा में आलू की अगैती फसल से मायूस हुए किसान पिछैती फसल से खुश नजर आ रहे हैं। कई वर्षों बाद आलू का अच्छा भाव किसानों को मिल सका है। आलू का अच्छा भाव इस बार किसानों की होली में रंग भरने का काम किया है। इस बार किसानों ने दिल खोलकर होली का त्योहार मनाया है।

किसानों के त्योहार फसलों के भाव पर निर्भर करते हैं। यदि फसलों का भाव अच्छा रहता है तो किसान के त्योहार भी अच्छे और बेहतर ढंग से मनते हैं। लेकिन जब फसलों के भाव गिरे रहते है तो किसानों के त्योहार फीके हो जाते हैं। बीते कई वर्षों से किसानो के त्योहार फीके ही होते आए हैं। इस बार आलू का अच्छा भाव रहा है। इस समय आलू का भाव 1500 रुपये कुंतल के आसपास चल रहा है। आलू भाव एक हजार से पार में बीते जनवरी माह से चल रहा है। जब से आलू के भाव में उछाल आया है तब से आलू के भाव में लगातार सुधार होता आया है। अब तो आलू का भाव 1500 रुपए कुंतल के आपस पहुंच गया है। होली से पहले अच्छे भाव में किसानो का बिका आलू किसानों की होली में मानो सतरंगी रंग भर गया है। इस बार किसानों की होली देखने लायक थी। किसानों ने होली पर दिल खोलकर कपड़े आदि की खरीदारी की और इसके साथ ही पकवान आदि भी खूब बनवाए गए। किसानों के घरों पर मनाई गई होली बीते कई वर्षों की अपेक्षा अलग दिखाई दी। किसानों ने बताया उनका त्योहार तो फसलें निर्भर करती है कि त्योहार अच्छा रहेगा या फीका रहेगा। फसलों के भाव अच्छे मिल जाते हैं तो त्योहार अच्छे तरह से मना लिया जाता है और फसल का भाव डाउन रहता है तो त्योहार फीके रह जाते है। किसानों ने बताया इस बार आलू का भाव अच्छा रहने के चलते होली का त्योहार भी अच्छा रहा। अगैती फसल तैयार होने के बाद भाव एकदम से गिर गया था, जिससे नुकसान उठाना पड़ा था।

चोर को पुलिस ने दबोचा नकदी व बकरे बरामद

संवाददाता, फतेहपुर

● बैलापुरवा गंगचौली मोड़ के पास से आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार। पिछले कई दिनों से हर क्षेत्र में बकरी चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। बाइक या कार से घटनाओं को अंजाम देने वाले बकरी चोरों की तलाश पुलिस भी कर रही है। शुक्रवार को मामले में औंग पुलिस को सफलता मिली। चोरी के बकरों के साथ एक आरोपी की गिरफ्तारी की है।

औंग पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को दबोच लिया। उसके पास से पुलिस ने चोरी की एक बकरी व एक बकरा बरामद किया है। तलाशी दौरान उसके पास से 22 सौ रुपये भी बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने खुद की पहचान गंगचौली खुर्द निवासी सत्यम पाण्डेय उर्फ कल्लू पाण्डेय पुत्र उमेश पाण्डेय के रूप में बताई है। बताया कि कई गांवों से वह पहले भी बकरी चोरी कर चुका है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए कोर्ट में पेश किया।

सार-संक्षेप

अलग-अलग जगहों से तमंचे के साथ चार दबोचे गए

फतेहपुर। राधानगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान मलाका मोड़ के पास से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। तलाशी दौरान उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान परशुरामपुर चौराहा गंगानगर निवासी आदर्श बाजपेयी उर्फ भोलू पुत्र छंगू बाजपेयी के रूप में बताई है। इसी तरह गाजीपुर पुलिस ने सामियाना निवासी अरविन्द रैदास उर्फ गोटी और अजय उर्फ विजय रैदास को सीजशुदा बाइक, एक तमंचा, कारतूस, दो सुतली बम के साथ पकड़ा है। उधर बकेवर पुलिस ने सराय बकेवर निवासी हिमांशु विश्वकर्मा पुत्र रामकिशोर को एक तमंचा कारतूस के साथ पकड़ा है।

ट्रक की टक्कर से साले-बहनोई घायल

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के केवई चौराहे के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार साले-बहनोई घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनो को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं। असोथर थाना क्षेत्र के गेड़ूरी गांव निवासी सिरोहीलाल का पुत्र रवि व छोटे लाल का पुत्र अमृत लाल गुरूवार की शाम बाइक पर सवार होकर किसी काम से निकले थे। जब उनकी बाइक राधानगर क्षेत्र के केवई चौराहे के पास पहुंची तभी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बहनोई अमृत लाल व साला रवि दोनो घायल हो गए।

प्लेटलेट्स-प्लाज्मा की व्यवस्था पर ग्रहण

संवाददाता फतेहपुर

● दो साल पहले तैयार की गई थी कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट

● इंस्टाल की गई मशीनें जरूरत पर नहीं आ रहीं काम

अमृत विचार। डेंगू की चपेट में आने पर मरीजों को इलाज के लिए लखनऊ कानपुर की दौड़ न लगानी पड़े इसके लिए जिला अस्पताल में ठीक दो साल पहले कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट तैयार की गई थी। मशीनें भी इंस्टाल हुईं लेकिन लाइसेंस जारी न होने से यूनिट का संचालन शुरू नहीं हो सका। जिसके चलते एक साल से मशीनें धूल ही फांक रही हैं।

कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का भवन दो साल पहले मार्च महीने में बन कर तैयार हो गया था। इसके बाद भवन हैंडओवर हुआ तो मशीने भी पहुंच गईं। इंजीनियरों ने मशीनें भी इंस्टाल कर दीं। जिसके बाद संचालन के लिए लाइसेंस का इंतजार शुरू हो गया। इस दौरान केन्द्र व राज्य से टीमें भी पहुंचीं और जांच पड़ताल कर शासन को रिपोर्ट भी सौंपी। लाइसेंस जल्द मिल सके इसके लिए लगातार औपचारिकताएं होती रहीं लेकिन अभी तक एक साल भी यूनिट को संचालित करने के लिए लाइसेंस नहीं मिल सका।

बता दें कि जनपद में अब तक ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट न होने के कारण डेंगू के मरीजों को कानपुर, प्रयागराज या लखनऊ रेफर करना पड़ता हैं।

रक्त को अलग करने का किया जाएगा काम

सेपरेशन यूनिट में रक्त की परत दर परत को अलग किया जाता है। इसके बाद आरबीसी, प्लाज्मा, प्लेटलेट्स और क्रायोप्रेसीपिटेट अलग-अलग हो जाते हैं। हर तत्व की अलग-अलग जीवन अवधि होती है। एक यूनिट रक्त से तीन से चार लोगों की जरूरत पूरी होगी।

ये मशीनें हैं

दो डीप फ्रीजर, प्लेटलेट्स एगिटेटर, डोनर काउच, ब्लड कलेक्शन मानीटर, प्लाज्मा एक्सप्रेशर, ट्यूब सीलर, एफरेसिस मशीन, सेल काउंटर, एलाइजा रीडर, एलाइजा वाशर, पोर्टेबल डोनर टेबल, ब्लड ट्रांसपोर्टेशन बाक्स आदि का यूनिट में इंस्टालेशन हो चुका है।

यूनिट पूरी तरह से तैयार है। मशीनें भी इंस्टाल हो चुकी हैं। देर है तो लाइसेंस मिलने की। लाइसेंस मिलने के बाद ही यूनिट को संचालित कर सुविधा शुरू की जा सकेगी।

– डा. पीके सिंह, सीएमएस

होली मिलन के दौरान किया जा रहा राजस्थानी लोक नृत्य।

होली मिलन समारोह में उड़ा अबीर-गुलाल

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के चौक चौराहे स्थित हनुमान मंदिर के पास सर्राफा एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्गो के लोगों की भागीदारी रही फूलों की होली अबीर-गुलाल के साथ एक दुसरे को गलें मिलकर शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में में राजस्थानी कलाकारों द्वारा बृज की होली व राजस्थानी लोक नृत्य के साथ कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इसके बाद ठंडाई व सुक्ष्म जलपान के साथ होली मिलन समारोह का आनन्द उठाया। इस मौके पर सर्राफा एसोसिएसन जिलाध्यक्ष कुलदीप रस्तोगी, पप्पन सचिव धर्मेन्द्र गुप्ता, मोनू रस्तोगी, आनन्द स्वरूप रस्तोगी, हरिओम रस्तोगी, मनीष दीक्षित, शिवाकान्त चौरसिया, कालका मोदनवाल, जगन्नाथ, सत्य भगवान, सूरज, अमित, सतीश, अतुल चौरसिया, सुशील गुप्ता समेत कमेटी के लोग मौजूद रहे।

रोजा इफ्तार पार्टियों ने बढ़ाई मुकद्दस रमजान की रौनक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

● रमजान माह में हर रोज कई स्थानों पर इफ्तार पार्टी

● यह महीना इबादत के लिहाज से होता है अफजल

अमृत विचार। मुस्लिम समुदाय का मुकद्दस रमजान का महीना अब आधे पड़ाव से आगे निकल चुका है। मुसलमान रमजान के पाक महीने में रोजे रखने के साथ इबादत करने में जुटे हुए हैं। अब इफ्तार पार्टियों का दौर चल पड़ा है इससे मुकद्दस रमजान की मानो रौनक और बढ़ गई है।

रमजान का मुबारक महीना इबादत के लिहाज से अफजल होता है। इसलिए रमजान का महीना शुरू होते ही मस्जिदों में अचानक नमाजियों की भीड़ बढ़ जाती है। आम माह के अपेक्षा रमजान माह में मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ के चलते जगह तक नहीं रह जाती है। मोमिन बड़ी संख्या में रोजा रखकर पांच वक्त की नमाज अदा करते हैं। रमजान का मुबारक महीना जब से शुरू हुआ है तब से मस्जिदों में नमाजियों की संख्या में तीन गुना से भी अधिक बढ़ोत्तरी हो गई है। रोजा रखने को लेकर रोजेदार सुबह तीन बजे से उठकर सेहरी की सुन्नत अदा करते हैं और इसके बाद फजिर की नमाज अदा करने के बाद या आराम करते हैं या फिर काम पर व्यस्त हो जाते हैं। दोपहर एक बजते ही जोहर की नमाज का वक्त शुरू होता है तो फिर से नमाजी मस्जिदों को पहुंचते हैं। इसके बाद शाम पांच बजे असर की नमाज में नमाजी मस्जिद पहुंचकर नमाज अदा करते हैं। इसके बाद शाम रोजा इफ्तार का समय हो जाता है तो मस्जिदों से लेकर घरों तक रोजा इफ्तार के समय का नजारा बेहद ही खुशनुमा होता है। लेकिन अब रमजान का आधे से अधिक महीना गुजर चुका है तो अब लोग रोजा इफ्तार पार्टियां भी देने लगे हैं। जिले में अब शायद की कोई दिन ऐसा हो जिसमे एक से दो इफ्तार पार्टियां नहीं होती हो। इफ्तार पार्टियां शुरू होने से रमजान मुबारक की मानो रौनक और बढ़ गई है। इफ्तार पार्टियों में रोजा न रखने वाले भी पहुंच रहे हैं। काजी शहर ने बताया रोजा इफ्तार कराना बहुत बड़ा शबाब का काम होता है।

तकलीफ | तापमान बढ़ने से बीमारियां भी बढ़ रहीं, खानपान बिगड़ने से लोग हो रहे बीमार

गर्मी से अस्पतालों में पेट दर्द और दस्त के बढ़े मरीज

संवाददाता, फतेहपुर

शुक्रवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार। होली के त्योहार में जोश में होश खोना काफी लोगों को भारी पड़ गया। शुक्रवार को जिला अस्पताल पहुंचे मरीजों में अधिकांश पेट दर्द और दस्त के मरीज पहुंचे। वहीं हादसे व मारपीट के घायल व खानपान में लापरवाही के चलते बीमार हुए लोग शामिल रहे। डाक्टरों ने गंभीर मरीजों को भर्ती करने के साथ सामान्य रोगियों को इलाज के बाद घर भेज दिया।

होली के चलते बीते दिनों से जिला अस्पताल में ओपीडी निर्धारित समय तक संचालित नहीं हो रही थी। ऐसे में शुक्रवार को चिकित्सकीय परामर्श के लिए सुबह से ही अस्पताल पहुंच गए। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर करीब एक हजार लोगों ने ओपीडी पर्चा बनवाया। दोपहर तक अस्थि रोग विशेषज्ञ व फिजीशियन कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं। घंटों इंतजार के बाद चिकित्सक का परामर्श मिलने पर मरीजों ने राहत की सांस ली। जानकारों के मुताबिक इन दिनों जिला अस्पताल में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संखा बढ़ी है। वहीं होली के त्योहार में नशे के चलते के चलते कई जगह मारपीट व हादसे भी हुए हैं। ऐसे में दो दिन बाद ओपीडी सुचारु होने से मरीजों की भीड़ रही। फिजीशियन डॉ. एनके सक्सेना ने बताया कि त्योहार में खानपान पर लगाम न रखने से लोग पेट संबंधी दिक्कतों से परेशान हुए हैं। उनको हल्का खाना और तेल मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज रखने की सलाह दी जा रही है।

95 मरीजों का हुआ एक्सरे

चिकित्सक हादसे व मारपीट में घायलों की हड्डियों में टूट-फूट की स्थिति देखने के लिए एक्सरे कराने की सलाह देते हैं। शुक्रवार को 95 मरीजों का एक्सरे किया गया इनमें अधिकांश घायल शामिल रहे। भारी भीड़ के चलते घंटों इंतजार के बाद मरीजों का एक्सरे किया जा सका।

105 ने कराई सैंपलिंग

वहीं मौसम में बदलाव और होली के बाद जिला अस्पताल में शुक्रवार को उल्टी, डायरिया के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई। डाक्टरों ने इन मरीजों को खून की जांच कराने की सलाह दी। शुक्रवार को 105 मरीजों की खून की जांच की गई। भारी भीड़ के चलते कई मरीजों को जांच कराने के लिए अगले दिन बुलाया गया वहीं रिपोर्ट लेने पहुंचे लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

जूनियर डॉक्टरों के भरोसे है आपातकालीन सेवाएं

संवाददाता, फतेहपुर

● दूसरी पाली में सीनियर डॉक्टर ढूंढने पर भी नहीं मिल रहे

अमृत विचार। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की मनमानी चरम पर है। इमरजेंसी में आने वाले घायलों व गंभीर रूप से बीमार मरीज जूनियर डॉक्टरों के भरोसे पर हैं। हालांकि इलाज व्यवस्था नर्सिंग स्टाफ के हाथों में ही होती है। वार्डों के हालात भी इससे जुदा नहीं हैं। डाक्टर स्टाफ नर्स से फोन पर फीडबैक लेकर मरीज का इलाज बता कर कोरम पूरा कर रहे हैं। विडम्बना है कि कराह रहे मरीजों को भी देखने की डाक्टरों को फुर्सत नहीं होती या वह अस्पताल में मौजूद ही नहीं होते हैं। हालात यह हैं कि अधिकतर डाक्टर प्रभाव व सेटिंग गेटिंग कर इमरजेंसी ड्युटी से नदारद रहते हैं।

इमरजेंसी में ड्यूटी का चार्ट लगा है। ईएमओ ऑन काल होते हैं, जरूरत पर जूनियर उन्हें बुलाते हैं। कहीं गड़बड़ी है तो उसे दिखवाएंगे।

– डा. पीके सिंह, सीएमएस

ग्राउंड फ्लोर स्थित पुरुष वार्ड में नर्सिंग स्टाफ से डाक्टरों की गैर मौजूदगी व इलाज व्यवस्था के बारे में पूछने पर बताया कि जरूरत पड़ने पर संबंधित डाक्टर को फोन करके बुलाया जाता है। रात में डाक्टर की उपलब्धता के सवाल पर खामोशी रही। वार्ड में भर्ती दो मरीजों के तीमारदार दिक्कत होने पर डाक्टर को खोजते रहे पर वह नहीं मिले।

डायग्नोस्टिक विंग में उमड़ी भीड़: इन दिनों मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते लोग बीमार हो रहे हैं। वहीं होली में हादसे व खानपान संबंधी दिक्कतों के चलते भी अस्पताल में मरीजों की भीड़ रही। डाक्टरों ने इन मरीजों की ब्लड़ सैंपलिंग व एक्सरे संबंधी जांच कराने की सलाह दी। सुबह से ही मरीजों की भीड़ लगी रही।

संवेदनशील गांवों में पुलिस ने दिया सुरक्षा का भरोसा

फतेहपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की टीम पूरी तरह से अलर्ट है। शुक्रवार को जिले भर में अलग अलग स्थानों पर अद्धसैनिक बलों को साथ में लेकर पुलिस ने रूट मार्च किया। रूट मार्च के दौरान लोगों से संवाद भी स्थापित किया। पुलिस ने आम जन को सुरक्षा का भरोसा दिया।

सीओ जाफरगंज के नेतृत्व में गाजीपुर पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल के साथ थाना क्षेत्र के संवेदनशील गांव साखा, अयाह, शाह, बड़ागांव, लोहारन गढ़वा मजरे गम्हरी, गाजीपुर, सेवरामऊ, खेसहन, लम्हेटा, गोपालपुर समेत कई गांवों के हिस्ट्रीशीटरों को चेक किया गया। साथ ही अराजकता फैलाने की कोशिश पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर भी पुलिस की नजर रही। रूट मार्च कर पुलिस की टीम ने आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया। कहा कि कोई व्यक्ति संदिग्ध लगे तो उसकी जानकारी पुलिस को दें। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने ग्रामीणों से बातचीत की और सुरक्षा का भरोसा दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

वसूली को गई विद्युत टीम पर हमला, तीन कर्मचारी घायल

अवर अभियंता ने थाने पहुंच कर दी तहरीर, पुलिस ने की जांच

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

अमृत विचार। बिजली का बकाया वसूलने गई टीम पर ग्रामीण के पुत्रों समेत चार लोगों ने हमला कर दिया। घटना में तीन कर्मचारी घायल हो गए। घटना के बाद अवर अभियंता ने थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। इसमें सरकारी कार्य में बाधा के अलावा मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप लगाए हैं।

अवर अभियंता सुनील कुमार ने सौरिख थाने में दिए प्रार्थनापत्र में बताया है कि शुक्रवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विद्युत बिल बकायेदारों में यहां वसूली के लिये संविदा कर्मचारियों कौशल किशोर पुत्र रामसनेही निवासी नगला डडुवन, संजीव पुत्र दीप सिंह निवासी पिपरिया चौकी खड़नी व शिवरतन पुत्र जगदीश निवासी पिपरिया चौक खड़नी को नगला समाधान गांव भेजा था। आरोप लगाया कि बिल वसूली के दौरान समाधान नगला निवासी आदित्य यादव एवं शिवम यादव पुत्रगण रामदत्त ने गालीगलौज शुरू कर दी। कर्मचारियों ने विरोध किया तो कौशल किशोर को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। बचाने पहुंचे शिवरतन और संजीव को भी मरापीट कर जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच प्रारंभ कर दी तथा घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिये भिजवाया।

घायल संजीव।

शिवरतन।

कौशल किशोर।

यह था मामला

गांव निवासी रामदत्त का नलकूप कनेक्शन है जिस पर लगभग डेढ़ लाख रुपया बकाया था। छूट योजना के दौरान कुछ धनराशि जमा करके उसने किस्तें बनवा ली थीं जिन्हें समय से जमा नहीं किया जा रहा था। वर्तमान समय में 70 हजार रुपये बकाया है। इसी बकाया को जमा करने के लिए विद्युत टीम रामदत्त के नलकूप पर पहुंची। बिल जमा न करने पर कनेक्शन काटने की बात कही। इस पर रामदत्त के दोनों पुत्र आगबबूला हो गए और गाली गलौज करते हुए हमलावर हो गए।

आज पूरा हो जाएगा बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन

कन्नौज। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन आज यानि 30 मार्च को समय से पहले समाप्त हो जाएगा। अब कुल 2228 उत्तरपुस्तिकाएं जांचने को बचीं हैं।

शहर स्थित केके इंटर कॉलेज के उप नियंत्रक एके शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को आठ और विषयों की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा हो गया। इंटरमीडिएट में अब तक 18 विषयों की कॉपियों जांची जा चुकीं हैं। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट की कुल 1464 कॉपियों का मूल्यांकन होना है। यहां 697 परीक्षक व उप प्रधान परीक्षकों के सापेक्ष 285 ने ड्यूटी की। एसबीएस इंटर कॉलेज के उप नियंत्रक एसएल सिंह ने बताया कि हाईस्कूल की 99.61 फीसदी कॉपियां जंच गईं हैं। अब 764 उत्तरपुस्तिकाओं का ही मूल्यांकन होना है। इस दौरान 1125 परीक्षकों व उप प्रधान परीक्षकों के सापेक्ष 489 ने ही मूल्यांकन कार्य में सहयोग किया। वहीं मूल्यांकन के बाद केके इंटर कॉलेज में परीक्षक व उप प्रधान परीक्षक मिलकर बिल बनाते रहे। बताया गया है कि पूरा ब्योरा यूपी बोर्ड को जाएगा।

प्रवक्ता के खाते से 1.66 लाख का ऑनलाइन फ्रॉड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। साइबर लुटेरों ने प्रवक्ता के खाते से एक लाख 66 हजार रुपये उड़ा दिए। संदेश आने पर जानकारी हुई तो प्रवक्ता ने साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है।

तिर्वा स्थित डीएन इंटर कॉलेज के प्रवक्ता कुलदीप कुमार सिंह ने बताया कि 28 मार्च की शाम 7.10 बजे उनके खाते से ऑनलाइन फ्राड हो गया। लुटेरों ने पीएनबी एप के माध्यम से खाते से एक लाख 66 हजार रुपये पार कर दिए। मामले की जानकारी मोबाइल पर संदेश आने पर हुई। इसकी सूचना उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई। बैंक के टोल फ्री नंबर पर बात की तो भी एप के माध्यम से रुपये निकाले जाने की जानकारी हुई। प्रकरण में उन्होंने कोतवाली प्रभारी को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है। बताते चलें कि तेजी से बढ़ती तकनीकी के बीच साइबर ठगी और लूट के मामले बढ़ गए हैं। कहीं तो झांसा देकर तो कहीं ओटीपी पूछ कर तो कहीं अन्य एडवांस तकनीकी से खाते से रुपये उड़ा दिए जाते हैं। पीड़ित की भागदौड़ शुरू होती है और उसे 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी जाती है। इसके बाद एफआईआर की औपचारिकता। कुछ लोग ही भाग्यशाली होते हैं जिनके पैसे वापस आ जाते हैं। असल में साइबर ठग इतने शातिर हैं कि वे तुरंत ही पैसा इधर उधर कर देते हैं। भले ही प्रत्येक जिले में साइबर सेल और अब तो थाना भी है लेकिन लुटेरों की तकनीक के आगे इनकी तकनीक फेल होती नजर आती है। पीड़ित मान लेता है कि पैसा अब नहीं मिलना।

पीड़ित शिक्षक।

- एडवांस तकनीकी से लगाया जा रहा चूना, साइबर पुलिस हो रही फेल

सार-संक्षेप

जिला कारागार में हुआ लोक अदालत का आयोजन

जलालाबाद, कन्नौज। जिला कारागार में उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर अपर जिला जज लवली जायसवाल के नेतृत्व में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें पांच बंदियों ने अधिवक्ता देने की याचना की। शुक्रवार को अनौगी स्थित जिला कारागार का अपर जिला जज ने निरीक्षण किया गया। इस दौरान पांच बंदियों को अधिवक्ता उपलब्ध कराने को लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल को निर्देशित किया। तीन बंदियों ने जमानतदार न होने से जमानत नहीं भर पाने की जानकारी दी। इसके लिए जेलर को निर्देशित किया गया। सचिव ने लीगल एड प्राप्त करने वाले विचाराधीन बंदियों के रजिस्टर, लीगल एड क्लीनिक के रजिस्टर, कार्यरत पराविधिक स्वयं सेवक को बंदियों को विधिक सहायता देने के निर्देश दिए। एडीजे ने बैरकों, तथा महिला बंदियों हेतु प्रशिक्षण केन्द्र में निरंतर स्वच्छता बनाये रखने पर जोर दिया। बंदियों को निरंतर मीनू के अनुसार ही भोजन बनाने का निर्देश दिया।

पूछताछ करतीं एडीजे लवली जायसवाल।

संत निरंकारी भवन में लगा सेवा दल कैंप

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के पूर्वी बाईपास स्तिथ संत निरंकारी सत्संग भवन में सेवा दल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें पीटी परेड करवाकर सभी से स्वस्थ रहकर परिवार का स्वास्थ्य का खयाल रखने की अपील की गई। कानपुर से आए क्षेत्रीय संचालक डॉ. जे.एस बिंद्रा की अध्यक्षता में लगे कैंप में महात्मा सुरेशचंद्र ने संबोधित किया। गुरसहायगंज के मुखी विपिन गुप्ता, छिबरामऊ के मुखी राजकुमार गुप्ता, संचालिका शशी प्रभाकर, संचालक मनीष, संतोष भाटिया ने आभार प्रकट किया।

होली मिलन में कलमकारों ने उड़ाया गुलाल

गुरसहायगंज, कन्नौज। हाइवे स्थित एक होटल पर पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार किया गया। अध्यक्षता कर रहे ज्ञानेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज के समय में पत्रकारिता संघर्ष के दौर से गुजर रही है। ऐसे में सभी पत्रकारों को एकजुट होकर निष्पक्ष कार्य करना चाहिए और कलम की ताकत से समाज मे व्याप्त बुराइयों को समाप्त करना चाहिए। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी संतोष तिवारी, रंजीत ठाकुर, सुमित मिश्रा, अवनीश तिवारी, फहीम खान, मतीउल्लाह, प्रशांत पाठक, अनूप चौरसिया, नासिर अहमद, शान आलम, मनजीत सिंह, विनीत तिवारी रहे।

अश्लील हरकत करने का आरोपी झोलाछाप गिरफ्तार

संवाददातातिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। थाना ठठिया क्षेत्र के एक गांव में औरैया जनपद के बेला निवासी पुष्पेंद्र कुमार अपना अस्पताल चलाता था। वह महिलाओं के रोगों इलाज करता और उनकी अश्लील फोटो व वीडियो बना लेता। इसके बाद ब्लैकमैल किया करता था। गुरुवार को वह ठठिया थाना के गांव निवासी एक महिला के घर आया और छेड़छाड़ करने लगा। महिला के शोर मचाने पर परिजन आ गए और आरोपी को पकड़ लिया। परिजनों ने उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे न्यायालय पेश किया। एसओ किसन पाल ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

तमंचा, कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

तालग्राम, कन्नौज। शुक्रवार थानाध्यक्ष पारुल चौधरी के नेतृत्व में उप निरीक्षक राममनोज द्विवेदी ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर हमराह सिपाहियों के साथ छापेमारी की।

इसमें पंकज पुत्र संजीवन लाल निवासी ग्राम माधौनगर को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

बालिका से छेड़खानी में युवक को चार साल की जेल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। नौ साल की बच्ची से छेड़खानी करने वाले युवक को चार साल कारावास की सजा सुनाई गई है। उस पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट ने अर्थदंड की राशि को पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार दुबे ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 17 अगस्त 2017 को रिपोर्ट लिखाई थी कि 15 अगस्त 2017 को तीन बजे उनकी 9 साल की बेटी उसे लेने के लिए जलालपुर आ रही थी। गांव के पास दुकान किए सोनू पुत्र प्रकाश नाई बेटी को दुकान के अंदर ले गया और छेड़खानी की। चिल्लाने पर उसका मुंह दबा लिया। आरोपी ने बेटी को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। 19 अगस्त 2018 को विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि अभियोजन पक्ष की तरफ से चार गवाह पेश किए गए। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अलका यादव ने सोनू को शुक्रवार को छेड़खानी में तीन वर्ष की कैद व तीन हजार रुपये जुर्माना, जान से मारने की धमकी में भी तीन वर्ष की कैद व तीन हजार रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट में चार साल का कठोर कारावास व चार हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

- विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने सुनाई सजा, लगाया 10 हजार रुपये अर्थदंड
- कोर्ट ने अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में देने के दिए आदेश

तीन सगे भाइयों को एक-एक साल की कैद

एपीओ दानिश जमाल ने बताया कि विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मिघौली निवासी रमेश, दिनेश व महेश पुत्र यदुनाथ प्रसाद को एसीजेएम ने मारपीट के मामले में एक-एक साल का कठोर कारावास व 1500-1500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह मुकदमा 1993 में विशुनगढ़ थाने में दर्ज कराया गया था। 30 साल तक चली सुनवाई के बाद तीनों भाईयों को दोषसिद्ध कर सजा सुनाई गई है।

समय से प्रशिक्षण न देने वाली कंपनी ब्लैक लिस्टेड करें

कन्नौज। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में कौशल विकास मिशन के तहत बैठक की। कहा, प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न ट्रेडों की बारीकियां बताकर रोजगार मुहैया कराएं। समय से प्रशिक्षण न देने वाली कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करें।

बैठक में डीएम ने प्रशिक्षण ले चुके प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण, जिला कारागार में संचालित प्रशिक्षण, प्रवीन योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना आदि के प्रशिक्षण योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इच्छुक लोगों को ब्यूटी पार्लर, जूट प्रोडक्ट, डेयरी फार्मिंग, कृषि उद्यमी, बकरी पालन, फास्ट फूड, अगरबत्ती, पानी पूरी, मशरूम, एसी, फ्रिज, एलईडी वल्ब आदि का गुणवत्तापरक प्रशिक्षण दिया जाए। डीएम ने कहा कि जो कंपनी इस कार्य में लापरवाही बरते उसको ब्लैक लिस्टेड किया जाए। साथ ही उसका लक्ष्य दूसरी कार्य करने वाली कंपनियों को दिया जाए। डीएम ने डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के तहत लखपति दीदी को प्रशिक्षण दिया जाए।

'वसुधैव कुटुम्बकम्' के साथ लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने वसुधैव कुटुम्बकम् की विचारधारा के साथ राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया। भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सभी से प्राणपण से जुटने के लिए आह्वान किया गया। वहीं, संस्कार भारती के तत्वावधान में कवि सम्मेलन व संगीत संध्या का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को मकरंदनगर स्थित कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि समाजसेवी कृष्णचंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम कर शुभारंभ किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सर्वेश कुमार ने बताया कि होली पर बुराइयों को अग्नि में स्वाहा कर प्रेम को बढ़ाने के लिए आह्वान किया जाता है। इसी प्रकार सभी लोग मन में किसी राग-द्वेष के बिना राष्ट्र प्रेम की अलख जगाएं और मां भारती की सेवा में तत्पर रहें, तभी राष्ट्र और चरित्र निर्माण सार्थक होगा। हमारा चिंतन राष्ट्र के लिए होना चाहिए। जिस प्रकार हम दिन भर अपने परिवार के कल्याण के लिए मंथन व चिंतन करते हैं, उसी प्रकार कुछ पल निकालकर राष्ट्र के लिए चिंतन अवश्य करें। इसके बाद वरिष्ठ कवि अरविंद, साहिल, अभिनव मिश्र, अनिल द्विवेदी मनीषी, महेशचंद्र शर्मा ने काव्य पाठ कर राष्ट्र प्रेम की अलख जगाई। संस्कार भारती द्वारा आयोजित संगीत संध्या में कृष्णचंद्र गुप्ता व उनके शिष्यों में भजन प्रस्तुत कर समां बांध दी। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और गले मिलकर कलुषों और कल्मषों को दूर किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, लोकसभा क्षेत्र समन्वयक डॉ. प्राची गुप्ता, गोपाल गुप्ता, जिला प्रचारक अंकित, डॉ. अमरनाथ दुबे, धर्मेंद्र वर्मा सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित थे।

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित किया गया होली मिलन समारोह
- संस्कार भारती के तत्वावधान में कवि सम्मेलन व संगीत संध्या भी हुई

दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्य अतिथि समाजसेवी कृष्णचंद्र गुप्ता।

बूथ तक वाहन पहुंचाने को तैयार हो रहा रूट चार्ट

तिर्वा, कन्नौज। मतदान के दिन बूथों तक जल्द वाहन पहुंचाने के लिए तहसील प्रशासन ने बीएलओ के जरिए रूट चार्ट बनवाना शुरू कर दिया है। रूट चार्ट बन जाने से मतदान कर्मियों को आसानी रहेगी। वे बिना भटके गंतव्य तक सुगमता से पहुंच जाएंगे।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तहसील प्रशासन सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने में जुट गया है। आयोग ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक बूथ तक जाने वाले मार्गों का रिकार्ड एकत्रित कर आने जाने के लिए रास्तों का नक्शा बना लें। इससे मतदान के दिन आसानी से अधिकारी और बूथ कर्मी पहुंच सकें।

तहसील प्रशासन ने तिर्वा विधान सभा मे पडने वाले 487 बूथ पर आने जाने वाले मार्गों का रूट चार्ट बनवाने का काम शुरू कर दिया। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि मतदान के दौरान बूथों तक जाने के लिए किसी अधिकारी व मतदान कर्मचारी को भटकना न पड़े इसके लिए रूट चार्ट तैयार किया जा रहा है। इसके हिसाब से कर्मचारी बिना समय खराब किए जल्द ही बूथ तक पहुच जाएंगे।

वर्ग पहेली-24

बाएं से दाएं

2.1. कला पूर्ण शारीरिक मुद्रा 2. स्त्रियों के हाव-भाव या कोमल चेष्टाएं 3. कुटिलता, वक्रता।

4.1. पद्म, कमल 2. स्वर्ण, सोना 3. कनक, धतूरा 4. तांबा 5. सारस पक्षी 6. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण

5.1. दुश्मन या शत्रु होने की अवस्था या भाव, वैमनस्य 2. किसी बात पर होने वाली कहासुनी, अनबन 3. शरीर आदि को अस्वस्थ करने वाली शारीरिक प्रक्रिया, रोग।

6. सुपाड़ी, पुंगीफल।

8.1. बुड्ढा, बूढ़ा, वृद्ध 2. दुर्बल।

9.1. सच्चे होने की अवस्था या भाव, सत्यता 2. किसी बात को सही बतलाना या ठहराना 3. उक्त के पक्ष में स्वीकृति देना, समर्थन 4. प्रमाणित, पुष्टि 5. गवाही।

ऊपर से नीचे

1.1. ज़मीन की दूरी नापने का एक मान जो 220 गज़ के बराबर होता है 2. मील का आठवां भाग, 1/8 मील अथवा 201.168 मीटर।

3.1. मिलकियत 2. मालिक या स्वामी होने का भाव 3. धन-दौलत, जायदाद।

5. वह जो नल लगाता

7. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. फ़कत)।



वर्ग पहेली -23 का हल

	1 ठा	2 कु	री		3 जु	आँ
		सु		4 औ		
5 अ		मां		ढ		6 म
7 मि	ज़ा	ज	दा	र		नो
ता		लि		8 दा	दु	र
				नी		मा
9 अ	प	ना	ना			

सुडोकू-103

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	3			5		2		
4				9			1	
	2				6	8		7
		4			2			1
	8					9	7	
6			9			3		
7		1	8				3	
	4			7				9
		5		4			2	

सुडोकू -102 का हल

1	4	9	2	5	8	7	6	3
6	2	8	7	3	1	9	5	4
5	7	3	6	4	9	2	8	1
7	3	6	1	9	4	5	2	8
8	9	4	5	2	3	1	7	6
2	5	1	8	7	6	3	4	9
4	6	5	3	1	2	8	9	7
9	1	7	4	8	5	6	3	2
3	8	2	9	6	7	4	1	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 21.13 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 22.03 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज दोपहर बाद स्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होंगी। मन में डर का भाव रहेगा। लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलने से प्रसन्नता होगी। अपने विचारों को लोगों से साझा न करें।

वृष — आज भविष्य की योजना बना सकते हैं। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। आपके अधिकार और प्रसिद्धि बढ़ेगी। साझेदारी वाले व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। आप किसी गंभीर मामले को लेकर साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

मिथुन — आज चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शुभ रहने वाला है। अपनी पुरानी गलतियों से सबक लेंगे। किसी पर भी अपने विचारों को लेकर ज्यादा दबाव न बनाएं। आपकी भूमिका समन्वय करने वाले व्यक्ति के रूप में होगी।

कर्क — आज मन में विरक्ति का भाव रहेगा। ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करें। पुराना रोग उभरने की संभावना है। व्यवसाय में कुछ नुकसान की आशंका है। घर के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रखें।

सिंह — आज मन में विरक्ति का भाव उत्पन्न होगा। माताजी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कार्यों में बदलाव करने के प्रयास उचित नहीं है। अपरिचित जनों पर ज्यादा भरोसा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। किसी के साथ वाद-विवाद न करें।

कन्या — आज आप दूसरों का हित करने का प्रयास करेंगे जिसके कारण आपकी प्रशंसा होगी। व्यवसाय में नए साझेदार बन सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती हैं। आपको कोई शुभ सूचना मिलने की संभावना बन रही है। परिवार में कोई बड़ा आयोजन हो सकता है।

तुला — आज विवादों का निपटारा करने का प्रयास करें। आलस्य को अपनी जीवनशैली से दूर रखें। लोग आपके अधिकारों पर प्रश्न चिन्ह लगा सकते हैं। धन के उधार लेन-देन नुकसानदेह सिद्ध हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे।

वृश्चिक — आज नई तकनीक का प्रयोग सीखना उचित होगा। परोपकार के कार्यों में आप भाग लेंगे। विवेक पूर्ण लेने से आपको करियर में उत्तम लाभ मिल सकता है। व्यापार वृद्धि के अच्छे योग बन रहे हैं। अपनी सोच को सकारात्मक रखने का प्रयास करें।

धनु — आज आपको शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। काम की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। किसी नजदीकी व्यक्ति को लेकर मन दुखी हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा कर सकते हैं।

मकर — आज नए बिजनेस अनुबंध आपको प्राप्त होने की संभावना है। लोग गंभीर विषयों पर आपसे परामर्श ले सकते हैं। मन में बेचैनी का भाव रहेगा, लेकिन आपके सभी काम बनते हुए नजर आएंगे। प्रेम संबंधों को लेकर काफी संवेदनशील हो सकते हैं।

कुंभ — आज परिवार में आपकी प्रशंसा होगी। नई तकनीक का प्रयोग सीखने का प्रयास करेंगे। आप मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। भावनाओं के बहकर निर्णय न लें। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीन — आज व्यापार के लिए आपको उधार धन लेना पड़ सकता है। संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। मन में बेचैनी का भाव हो सकता है। खर्चों के मामलों में आपको सावधान हो जाना चाहिए। सेहत से जुड़े हुए मामलों में धन खर्च करेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- एक और एक ग्यारह — सुबह : 11.17
- धड़कन — रात : 07.00

&pictures
- सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10.51
- बुलंदी — शाम : 05.01

SONY PIX
- ब्राइटबर्न — सुबह : 11.42
- वेनम — रात : 07.30

ZEE CINEMA
- बच्चन पांडे — सुबह : 08.40
- सिंबा — रात : 08.20

colors CINEPLEX
- हिडिंभा — सुबह : 10.51
- रथथम — शाम : 04.18

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.20 बजे

जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक-बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई, सांता डरते-डरते बोला- हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पति और पत्नी जब दुकान से निकले तो एक फकीर ने कहा-ऐ हुस्न की मल्लिका, अंधे को पांच रूपए दे दे। पति ने पत्नी की तरफ देखा और कहा- दे दे, बिचारा वाकई अंधा है।

जिला छोड़ चुके अफसर, एनआईसी की वेबसाइट में फिर भी डटे

पड़ताल

अजय मिश्र, कन्नौज

- खुद की सूची दुरुस्त नहीं जिले को सुधारने का कर रहे हैं दावा
- कई अफसरों का हो चुका प्रमोशन, लेकिन वेबसाइट में फिर भी काबिज


एनआईसी की वेबसाइट में तीनों एसडीएम के लिखे गलत नाम।


वेबसाइट में एएसपी का भी नाम पुराना दर्ज है।

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को डिजिटल बनाने का दावा कर रहे हैं। ज्यादातर सरकारी योजनाएं ऑनलाइन पहुंच गईं हैं। कई योजनाओं व कार्यों के लिए एनआईसी के बिना सहयोग उसे पूरा नहीं किया जा सकता है। दूसरी ओर एनआईसी की वेबसाइट ही लोगों को गलत जानकारी दे रही है। इसमें दिखाए जा रहे कई अधिकारी जनपद में नहीं हैं या उनका प्रमोशन हो गया है।

जिले की तीनों तहसीलों के एसडीएम का नाम गलत लिखा है। दो तहसीलदार भी पुराने ही दर्ज हैं। लोगों का कहना है कि खुद का काम दुरुस्त नहीं है और जनपद को सुधारने का दावा किया जा रहा है।

कन्नौज जनपद की एनआईसी वेबसाइट में सदर एसडीएम पद पर अब भी गरिमा सिंह का ही नाम दर्ज है, उनको यहां से गए हुए कई महीने बीत गए हैं। वर्तमान में वह हरदोई में शाहाबाद तहसील में न्यायिक एसडीएम पद की जिम्मेदारी संभाल रहीं हैं। कन्नौज सदर के एसडीएम अविनाश गौतम हैं, उनका वेबसाइट में कहीं भी नामोनिशान नहीं है। खास बात यह है कि कई महीने पहले से ही वह एसडीएम पद की कमान संभाल रहे हैं। इसी तरह तिर्वा तहसील के एसडीएम पवन मीना (आईएएस) का जिक्र वेबसाइट में है, जबकि वर्तमान में वह फतेहपुर के सीडीओ हैं। उनका कई महीने पहले ही प्रमोशन व कन्नौज से तबादला हो गया था। तहसीलदार पद पर नवनीता राय का नाम लिखा है, जबकि वह पीसीएस रैंक पर प्रोन्नत हो चुकीं हैं। उनके पास एसडीएम न्यायिक सदर के अलावा सहायक अभिलेख अधिकारी का चार्ज है।

वास्तविक रूप से तिर्वा तहसीलदार पद पर वर्तमान में अवनीश सिंह कार्य कर रहे हैं। छिबरामऊ तहसील के एसडीएम उमाकांत तिवारी हैं, लेकिन वेबसाइट में अशोक कुमार लिखा है। वर्तमान में अशोक कुमार तिर्वा के एसडीएम हैं। छिबरामऊ तहसीलदार पद पर अनिल सरोज अब भी काबिज हैं, जबकि उनका प्रमोशन और तबादला भी कई महीने पहले हो चुका है। तहसीलदार के रूप में छिबरामऊ में अभिनव कुमार की वास्तविक तैनाती है।

एएसपी का नाम भी गलत लिखा

वेबसाइट में एएसपी संसार सिंह की बजाय एएसपी अरविंद कुमार का नाम अब भी लिखा है। कुछ महीने पहले ही उनका गैरजनपद तबादला हो चुका है। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व एडीएम आशीष सिंह और एसपी अमित आनंद के नाम जरूर सही दर्ज हैं।

अफसरों के लिए 'दुधारू गाय' हैं कर्मी, तभी करते बचाव

कन्नौज। जनपद के कई अफसरों के लिए कुछ कर्मचारी 'दुधारू गाय' से कम नहीं माने जाते हैं। इसलिए उनकी सैकड़ों गलतियां व शिकायतें भी माफ कर दी जातीं हैं। अगर कर्मचारियों की शिकायतें आलाधिकारियों से होती हैं तो जांच में उनको स्थानीय अफसर क्लीन चिट दे देते हैं। तिर्वा तहसील के लेखपाल की गलत रिपोर्ट पर एसडीएम की ओर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का आवेदन निरस्त करने का मामला भी कुछ इस तरह से जुड़ गया है। तिर्वा कस्बे के एक मोहल्ला निवासी शुभा की ओर से बेटी को योजना में दूसरी किस्त के लिए किए गए ऑनलाइन आवेदन को लेखपाल हृदेश पांडेय ने गलत रिपोर्ट लगाकर निरस्त कर दिया। आवेदक ने जब इसकी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई तो अफसरों ने संबंधित लेखपाल को ही जांच देदी और उसकी आख्या को सही मानते हुए आवेदन के निरस्तीकरण को सही माना। साथ ही उस शिकायत का इस तरह निस्तारण किया कि फीड बैक भी न दिया जा सके। नियम विरुद्ध किए गए निस्तारण को लेकर कई तरह के आरोप लगने लगे हैं। दूसरी ओर सीएम डैश बोर्ड (दर्पण पोर्टल) पर जनसुनवाई के तहत प्रदेश में कन्नौज की रैंक 73वीं है। इस तरह के ही निस्तारण को लेकर रैंक गिर रही है। अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं है।

आज रिपोर्ट कार्ड बांटने का दिन पहली से शुरू होगा नया सत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एक अप्रैल से कई परिषदीय स्कूलों में वितरित होने लगेंगी निःशुल्क किताबें
- गुड फ्राइडे का अवकाश होने के बाद भी निजी विद्यालयों में जुटे रहे शिक्षक

अमृत विचार। जिलेभर के 1459 परिषदीय स्कूलों व पांच कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में वार्षिक गृह परीक्षाएं 27 मार्च को समाप्त हो गईं थीं। आज यानि 30 तारीख को प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड बांटने का दिन है। निजी शिक्षण संस्थानों में भी रिपोर्ट कार्ड बनाने के लिए शिक्षक गुड फ्राइडे की छुट्टी के बाद भी शुक्रवार को कार्य में जुटे रहे।

बेसिक शिक्षा परिषद के निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने पत्र भेजकर 31 मार्च को रविवार का साप्ताहिक अवकाश होने से एक दिन पहले ही कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड वितरण के लिए कहा है।

उसी के तहत शिक्षक-शिक्षिकाएं उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा करने में जुटे रहे। अवकाश की वजह से कई अध्यापक घर भी कॉपियां ले गए। शुक्रवार को कार्य पूरा करने का अंतिम दिन रहा। इस वजह से अध्यापक घरों में कार्य करते रहे। एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र भी शुरू हो जाएगा। कई परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें भी बांटी जाएंगी। इसकी तैयारियां जोरों से चल रहीं हैं। बताया जा रहा है कि एक अप्रैल तक पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित कर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि स्कूल चलो अभियान के तहत विद्यार्थियों व अध्यापकों के सहयोग से गांव में रैलियां भी निकाली जाएंगी।

दूसरी ओर कई शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बताया कि उनको एक दिन पहले तक विभाग से रिपोर्ट कार्ड मुहैया नहीं कराए गए हैं। इससे परीक्षा परिणाम बच्चों को बोलकर ही बताना पढ़ेगा। कार्ड मिलने के बाद ही वितरण होगा।

बीआरसी को मिली है रिपोर्ट कार्ड देने की जिम्मेदारी

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि परिषदीय स्कूलों को रिपोर्ट कार्ड देने की जिम्मेदारी संबंधित सभी बीआरसी की है। शासनादेश के तहत बीआरसी के ही खातों में बजट भेजा गया है। बीएसए ने बताया कि सभी बीईओ को निर्देश दिए गए हैं कि प्रधानाध्यापकों को रिपोर्ट कार्ड मुहैया करा दें।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बढ़ा टोल, भारी वाहनों पर पड़ेगा बोझ

एक अप्रैल से लागू हो जाएंगी नई दरें, 10 से 25 रुपये तक की गई है बढ़ोतरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एक अप्रैल से लागू होंगीं नई दरें, 10 से 25 रुपये तक की गई वृद्धि
- हल्के वाहनों को पहले कट के बाद देने होंगे रुपये

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तालग्राम में बना टोल प्लाजा। अमृत विचार

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे टोल दरें बढ़ा दीं हैं। नई टोल दरें एक अप्रैल से लागू होगीं, जिससे भारी वाहनों पर अधिक बोझ पड़ेगा। हल्के वाहनों को एक कट के बाद आगे की यात्रा के लिए अतिरिक्त रुपये देने होंगे। दो पहिया वाहन, कार-जीप, हल्के व्यवसायिक वाहनों और बस या ट्रक की टोल दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है जबकि भारी निर्माण कार्य मशीनों या विशाल वाहनों की दरों में 10-25 रुपये की वृद्धि की गई है।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पहले से अंतिम टोल के लिए अब भारी निर्माण कार्य मशीनों या वाहनों को 15 से 25 रुपये अधिक चुकाने होंगे। पहले से अंतिम टोल तक के लिए ऐसे वाहनों को एक अप्रैल से 3170 की जगह अब 3185 रुपये देने होंगे, जबकि विशाल आकार के यान की दरों को संशोधित करते हुए 4070 से बढ़ाकर 4095 रुपये किया गया है।

आगरा से लखनऊ तक 302 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे पर जिले में चार स्थानों पर टोल प्लाजा बनाए गए हैं। इनमें पहला सौरिख में, दूसरा तालग्राम में, तीसरा तिर्वा क्षेत्र के फगुहा गांव में और चौथा विशिष्ट आलू मंडी ठठिया में बना है। इन कटों से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन लखनऊ और आगरा के लिए जाते हैं।

दो पहिया वाहन, कार-जीप, हल्के व्यवसायिक वाहनों और बस या ट्रक को एक कट से आगे की यात्रा करने पर अतिरिक्त पांच रुपये देने होंगे, जबकि पहले कट के लिए टोल दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। वहीं, भारी वाहनों के लिए इसमें कोई छूट नहीं प्रदान की गई है।

प्लाजा के पास लगा टैक्स दरों का बोर्ड।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे (पथकर उद्ग्रहण और फीस निर्धारण व वसूली) नियमावली 2017 के तहत प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल से डब्लूपीआइ (थोक मूल्य सूचकांक) के आधार पर वार्षिक वृद्धि का प्रविधान है। नई संशोधित दरों को एक अप्रैल से लागू किया जाएगा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के अलावा पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर भी टोल दरों में वृद्धि की गई है।

-राजेश पांडेय, नोडल अधिकारी (यूपीडा)

कन्नौज से टोल दरों की स्थिति

वाहन का प्रकार	लखनऊ के लिए	आगरा के लिए	पुरानी दरें	नईं दरें
2/3 व्हीलर व ट्रैक्टर	140	145	185	190
कार या जीप	280	285	365	370
मिनी ट्रक या डीसीएम	445	455	585	595
बस और ट्रक	900	925	1175	1200
भारी वाहन बहुधुरीय	1375	1400	1795	1820
बड़े वाहन 7 धुरीय	1765	1790	2300	2325

खाकी ने भ्रमण कर जनता को दिया शांति का संदेश

गुरसहायगंज, कन्नौज। सीओ सदर कमलेश कुमार ने शुक्रवार की देर शाम लोक सभा चुनाव व आगामी त्योहार को लेकर पुलिस टीम के साथ नगर में भ्रमण कर जनता को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने रूटमार्च कर अराजकतत्वों को क्षेत्र छोड़ देने की चेतावनी दी।

क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार ने कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, उपनिरीक्षक रोबिन सिंह व पुलिस टीम के साथ नगर सहित आसपास के ग्रामों में रूटमार्च किया। इस दौरान उन्होंने संवेदनशील, अति संवेदनशील बूथों पर शांति से मतदान करने की अपील की। कहा कि रमजान व ईद पर्व पर सभी लोग गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए सौहार्द से त्योहार मनाएं। पर्व पर गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान चन्द्रभान सिंह, राजेश प्रताप सिंह, रविंद्र सिंह, विनय शर्मा, कांस्टेबल गजेंद्र सिंह, दीपांशु गंगवार, विनय कुमार, जितेंद्र सिंह, अमन सिंह, मोनू कुमार, कौशल सहित कर्मी मौजूद रहे।

नहर में मिला बालक का शव

सौरिख, कन्नौज। पांच वर्षीय बच्चे का शव नहर में उतराता मिला। जानकारी पर आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुटी है। सौरिख थाना क्षेत्र के गांव मुड़ियन नगला के सामने से गुजरी निचली गंग नहर में पशु चरा रहे ग्रामीणों ने बालक के शव को नहर में उतराते देखा।

जूनियर हाईस्कूल (कंपोजिट) बेहरिन में एक कार्यक्रम में छात्राएं व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

जिले के 10 परिषदीय स्कूल पीएम श्री योजना में शामिल

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दूसरे चरण में सूबे के 782 विद्यालयों की सूची जारी हुई
- पहले चरण में आठ स्कूलों का चयन किया गया था

अमृत विचार। जिले के 10 परिषदीय विद्यालयों का चयन पीएम श्री योजना के तहत हो गया है। सूबे के 782 स्कूलों का नाम दूसरे चरण की सूची में आया है। इसमें कन्नौज से भी चयन हुआ है। अब जनपद में इस योजना के तहत कुल 18 विद्यालय हो गए हैं।

पहले चरण में कुल आठ स्कूलों को पीएम श्री योजना के तहत चयनित किया गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से जारी सूची में सभी बीएसए से 15 अप्रैल तक कुल 15 बिंदुओं पर चयनित विद्यालयों के बारे में जानकारी मांगी गई है। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि पीएम श्री योजना के स्कूलों में बजट अलग से जारी होता है। उससे काफी विकास कार्य कराए जाते हैं। उन्होंने बताया कि पीएम श्री भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत चयनित स्कूलों में अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

इन बिंदुओं पर मांगी गई रिपोर्ट

बीएसए ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने 15 बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। उसका प्रपत्र भी जारी किया है। चयनित 10 विद्यालयों के नाम, ब्लॉक, यू-डायस कोड, प्रधानाध्यापक का नाम, कार्यरत शिक्षकों की संख्या, छात्र-छात्राओं की संख्या, स्कूल के कुल कक्ष, पठन-पाठन के लिए योग्य कक्ष, प्रत्येक कक्षा वर्ग के लिए एक कक्षा उपलब्ध है या नहीं, दिव्यांग बच्चों के लिए शौचालय बना है या नहीं, अतिरिक्त शौचालय की यूनिट की दरकार है या नहीं, स्कूल में खेल का मैदान, बाल वाटिका, निर्माण योग्य जमीन है तो उसका क्षेत्रफल और विद्यालय का मूल भवन या कोई कक्षा-कक्ष जर्जर है या नहीं उसकी रिपोर्ट मांगी गई है।

इन विद्यालयों को किया गया शामिल

1-प्राथमिक स्कूल इस्माइलपुर, नगर पंचायत समधन, 2-प्राथमिक स्कूल तिर्वागंज, नगर पंचायत तिर्वा, 3-प्राथमिक स्कूल अनौगी, ब्लॉक जलालाबाद

4-प्राथमिक स्कूल खोजीपुर, ब्लॉक छिबरामऊ, 5-जूनियर हाईस्कूल इब्राहिमपुर, ब्लॉक गुगरापुर, 6-जूनियर हाईस्कूल महोना, ब्लॉक तालग्राम, 7-कन्या प्राथमिक स्कूल गुरसहायगंज, नगर पालिका गुरसहायगंज, 8-जूनियर हाईस्कूल बेहरिन, ब्लॉक कन्नौज, 9-जूनियर हाईस्कूल तालग्राम, नगर पंचायत तालग्राम

गश्त करते एसपी अमित आनंद, एसडीएम अविनाश गौतम व सीओ सिटी कमलेश कुमार।

हाई अलर्ट : पुलिस के पहरे में अता कराई गई जुमे की नमाज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद सरकार ने जारी किया था हाई अलर्ट
- जनपद के आला अधिकारियों ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ किया पैदल गश्त

अमृत विचार। बांदा जेल में माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद सरकार द्वारा जिलों में घोषित हाई अलर्ट के चलते रमजान के जुमा पर जिले की सभी मस्जिदों में पुलिस के कड़े पहरे में नमाज अता कराई गई। वहीं, पुलिस व प्रशासन के आला अफसरों ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त की और लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

शुक्रवार को जिले में सुबह से ही हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया था, जिससे पुलिस सड़कों पर आ गई। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से नजर रखी गई। दोपहर में सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई तो वहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, एसडीएम सदर अविनाश कुमार गौतम, सीओ सिटी कमलेश कुमार सहित कई अधिकारियों ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ शहर की गलियों में भ्रमण किया और लोगों को निषेधाज्ञा लागू होने की जानकारी दी।

अराजकतत्वों पर रही पुलिस की नजर: तिर्वा हाई अलर्ट के दौरान पुलिस प्रशासन की अराजकतत्वों पर नजर रही। कई पुलिस कर्मी सादा वर्दी में रहे और अराजकतत्वों की निगरानी की। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी अफसरों की नजर रही।

दोपहर में जुमे की नमाज के दौरान एसडीएम अशोक कुमार, सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेयी ने पुलिस बल के साथ तिर्वा व ठठिया की मस्जिदों का भ्रमण किया तथा रोजेदारों से शांतिपूर्वक नमाज अदा करने की अपील की। चेतावनी दी कि अराजकतत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, ठठिया थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह भी मौजूद थे।

सीसीटीवी कैमरों से की गई नगर की निगरानी

गुरसहायगंज, कन्नौज। हाई अलर्ट के चलते पुलिस ने कस्बे में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की और दोपहर में जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा, उपनिरीक्षक चन्द्रभान सिंह, राहुल पाल, नीरज शर्मा नगर के तिराहा स्थित जामा मस्जिद, तिर्वा रोड, गांधी नगर सहित समधन, डुंडवाबुर्जुग, मझपुर्वा, सफीपुरजप्ती, इस्माइलपुर, सराय प्रयाग की मस्जिदों पर पुलिस कर्मियों के साथ तैनात रहे।

सियासत

भाजपा ने 27 दिन पहले ही मौजूदा सांसद को टिकट देकर मार ली बाजी

'पत्ते' न खुलने से बढ़ रही सपाइयों के खेमे में बेचैनी

इरा अवस्थी, कन्नौज

- अखिलेश के ही उतरने की संभावनाओं के बीच अटकलें और भी

अमृत विचार। सियासी दृष्टिकोण से कन्नौज संसदीय क्षेत्र खासा महत्वपूर्ण है। करीब तीन दशक से देश की राजनीति में भी चर्चा में रहता है।

अब लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है और 27 दिन पहले ही भाजपा ने मौजूदा सांसद को टिकट देकर बाजी भी मार दी है। शुरू से ही सपा से चेहरे के नाम पर पार्टी अध्यक्ष अखिलेश का नाम ही सामने आ रहा है लेकिन अभी तक अधिकृत घोषणा न होने से सपाई खेमे में बेचैनी साफ दिखाई दे रही है। मौसम का पारा चढ़ने के साथ ही राजनीतिक गर्मी भी बढ़ने लगी है। लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही हर किसी के मन में जिज्ञासा है कि इस बार कन्नौज की धरती किसे अपना अभिभावक चुनेगी ? क्या मोदी का जादू सिर चढ़ेगा और फिर से सिटिंग जनप्रतिनिधि का दोहराव होगा ? या फिर उनका रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता हिसाब करेगी ? एक बड़ा प्रश्न और भी है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा करीब 27 दिन पहले प्रत्याशी की घोषणा किए जाने के बाद भी अब तक प्रमुख प्रतिद्वंद्वी मानी जा रही समाजवादी पार्टी की तरफ से 'पत्ते' खोले नहीं गए हैं। यह बात अलग है कि समय समय पर सपा मुखिया अखिलेश यादव खुद ही यहां से चुनाव लड़ने के संकेत देते रहे हैं। पार्टी के लोगों को उम्मीद थी कि होली पर सैफई जाते समय या फिर वहां से लौटते समय वे खुद की प्रत्याशिता की घोषणा कर देंगे। अब तो होली के बाद चार दिन और बीत चुके हैं। इसके साथ ही सपाइयों की बेचैनी भी बढ़ गई है। इसी बीच और भी अटकलें लग रहीं है कि बिधूना विधायक रेखा वर्मा (स्व.सपा नेता धनीराम वर्मा की पुत्री) या फिर अखिलेश के भतीजे तेजप्रताप भी चुनाव मैदान में कूद सकते हैं। यह बातें फैलीं तो जिले के पार्टी पदाधिकारी जा पहुंचे मुखिया की मनुहार करने। बताया जा रहा है कि फिलहाल उन्होंने कन्नौज से ही चुनाव लड़ने का भरोसा दिलाया है। बहरहाल जितने मुंह हैं उतनी ही बातें। पार्टीजनों की परेशानी यह है कि जब तक चेहरा स्पष्ट न हो तो तैयारी कैसे शुरू की जाए और इसमें देरी भी हो रही है। भाजपा का प्रचार काफी पहले से ही शुरू हो चुका है। सपा के भरोसेमंद सूत्र बता रहे हैं कि अधिकृत तौर पर प्रत्याशी की घोषणा अगले हफ्ते या फिर अधिसूचना जारी होने के बाद भी हो सकती है। इतना तय है कि सभी प्रत्याशी घोषित होने के बाद ही चुनावी तस्वीर को लेकर कोई खाका खींचा जा सकेगा। यदि पूर्व मुख्यमंत्री अपनी राजनीतिक 'प्राइमरी पाठशाला' से फिर से ताल ठोंकते हैं तो भाजपा से दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है।

तहसीलदार ने परखी मस्जिदों की सुरक्षा

छिबरामऊ, कन्नौज। हाई अलर्ट के कारण नगर की सभी मस्जिदों व संवेदनशील जगहों पर पुलिस की तैनात कर दी गई थी। साथ ही तहसीलदार अभिनव कुमार ने नगर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं नमाज के बाद मस्जिदों के इमाम ने देश में अमन और चैन की दुआएं की। हाई अलर्ट के कारण पुलिस प्रशासन की अराजकतत्वों पर नजर रही और ड्रोन से भी निगरानी की गई। तहसीलदार ने बताया कि अलविदा जुमा की नमाज दो शिफ्टों में अदा कराई जाएगी। पहली जमात दोपहर एक बजे मौलाना सैय्यद फुरकान तथा दूसरी जमात 1:30 बजे कारी अजमतुल्लाह पढ़ाएंगे।

सार-संक्षेप

आम के पेड़ों पर आई बहार

वसंत के साथ ही हवा बदल जाती है और आम के पेड़ों पर बौर आ जाता है। इस बार तो अमराई में जमकर बौर आया है। बौर से लदे आम के वृक्ष देखते ही बन रहे हैं। यह दृश्य है मानपुर को जाने वाली सड़क पर बौर से लदे वृक्ष का जो देखते ही मन को प्रफुल्लित कर रहा है।

दिनभर गश्त करती रही पुलिस अलर्ट रहा प्रशासनिक अमला

रमजान का तीसरा जुमा होने से मस्जिद में रही नमाजियों की भीड़

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। रमजान के तीसरे जुमे की नमाज तथा गुड फ्राइ-डे व मुख्तार अंसारी की मौत पर पूरे दिन हाई अलर्ट रहा। जगह-जगह पर पुलिस तैनात रही। पुलिस के आला अधिकारियों ने पैदल गश्त करके आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्हें बताया कि आपसी भाईचारे से सभी त्योहारों को मनाया जाए।

इस अवसर पर सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने अर्ध सैनिक बल के साथ शहर क्षेत्र में रूट मार्च किया। जबकि मोहम्मदाबाद क्षेत्र में सीओ अरुण कुमार और कायमगंज में सत्येंद्र सिंह तथा एसडीएम यदुवंश कुमार ने पैदल चलकर लोगों को शांति और सुरक्षा का भरोसा दिया। इस मौके पर सीओ सिटी प्रदीप कुमार ने कहा कि पुलिस पूरी तरह से हर धर्म, हर समाज की सुरक्षा करने के लिए तैयार है। आज जहां ईसाई समुदाय के लोग गुड फ्राइडे को धूमधाम से मना रहे हैं। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान के महीने की दूसरे जुमा की नमाज अदा कर रहे हैं। इन सब की सुरक्षा के लिए पुलिस जिले भर में गश्त कर रही है। उन्होंने कहा कि शहर में पूरी तरह से अमन कायम है। यहां के लोग गंगा जमुनी तहजीब के चलते शांति का संदेश देकर एक दूसरे के त्योहारों को खुशी से मना रहे हैं। फर्रुखाबाद जिले में लॉ एंड डॉटर की कोई समस्या नहीं है। यहां पूरी तरह से शांति बनी हुई है। हालांकि सुरक्षा की तौर पर मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इसी तरह से गिरजाघर के बाहर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है। सीओ सिटी ने कहा कि पुलिस हर समय सक्रिय रहेगी ।

गश्त करती रहेगी। शहर क्षेत्र में एसडीएम गजराज सिंह घूम-घूम कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। जिलाधिकारी डॉक्टर वीपी सिंह और पुलिस कप्तान विकास कुमार पल-पल पर अधिकारियों से शांति व्यवस्था के बारे में जानकारी करते रहे। समाचार लिखे जाने तक शहर क्षेत्र में जगह-जगह पुलिस बल तैनात है । पुलिस के आला अधिकारी अर्धसैनिक बल के साथ गश्त कर रहे हैं। कमालगंज प्रतिनिधि के अनुसार यहां रमजान के दूसरे जुम्मे की नमाज पर मुसलमानों ने देश में अमन जैन की दुआ की और नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर हमेशा भाईचारा बनाए रखने की अपील की। मोहम्मदाबाद, जहानगंज , अमृत पुर,नवाबगंज,शमसाबाद में पुलिस पूरी तरह मुश्तैद रही।

नमाज के समय मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस के जवान।

जामा मस्जिद में नमाज अता करते रोजेदार। अमृत विचार

स्कूल निरीक्षण में मिलीं खामियों पर वेतन रोका

फर्रुखाबाद। नायब तहसीलदार के निरीक्षण में विद्यालयों में पाई गईं खामियों की रिपोर्ट पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का निरीक्षण दिवस का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। नायब तहसीलदार अतुल कुमार ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय परतापुर कला, प्राथमिक विद्यालय गूजरपुर गहलवार व कंपोजिट विद्यालय लीलापुर का निरीक्षण किया था। तीन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों पर कार्रवाई की गई है।

प्राथमिक विद्यालय परतापुर कला में प्रधानाध्यापक सौरभ दोहरे अनुपस्थित पाए गए थे। अन्य विद्यालयों में अमानक मिडडे मील समेत कई खामियां मिली थीं। बीएसए ने शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय परतापुर कला के प्रधानाध्यापक सौरभ दोहरे, प्राथमिक विद्यालय गूजरपुर गहलवार के प्रधानाध्यापक व कंपोजिट विद्यालय लीलापुर के प्रधानाध्यापक का निरीक्षण दिवस का वेतन अवरुद्ध करने के निर्देश दिए हैं। बीएसए गौतम प्रसाद ने बताया कि तीन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का वेतन रोके जाने की कार्रवाई अमल में लाई गई है।

नवनिर्मित नगर पंचायत भवन में गड़ा मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मेरापुर थाना क्षेत्र में पड़ोसी जिला कन्नौज के युवक का शव नवनिर्मित नगर पंचायत भवन संकिसा में गड्ढा खोदकर गाड़ दिया गया था। पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। हालांकि आरोपित कमलेश के अनुसार अंकुश की मौत शराब के नशे में छत से गिरने की वजह से हुई थी। घटनाक्रम के अनुसार कोतवाली छिबरामऊ की पुलिस चौकी प्रेमपुर के गांव नगला सबसुख के रहने वाले अंकुश (24) उर्फ बजरंगी पुत्र अखिलेश कुमार शाक्य छिबरामऊ थाना क्षेत्र के कूदेपुर में आटा मिल में नौकरी करता था। उसके गांव का ही कमलेश उसका दोस्त था।

कमलेश उसको लेकर बुधवार को संकिसा आया। जहां उसने संकिसा में मेला देखा। और दोस्त के साथ शराब पी और उसी पंचायत भवन छत पर सो गया। रात में छत से गिरने से अंकुश की मौत हो गई। कमलेश ने अपने साथियों के सहयोग से नव निर्मित नगर पंचायत भवन में गड्ढा खोदकर गाड़ दिया। जब अंकुश घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने कमलेश से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान कमलेश ने बताया कि उसने अंकुश का शव गड्ढे में गाड़ दिया है। उसका शव मेरापुर थाना क्षेत्र के संकिसा में गड़ा हुआ है। पुलिस ने कमलेश को हिरासत में लेकर संकिसा पहुंचकर अंकुश के शव को बरामद करने का प्रयास किया।

पुलिस ने घटना के 24 घण्टे बाद अंकुश के शव को नव निर्मित नगर पंचायत भवन से बरामद कर लिया। सीओ कायमगंज सतेंद्र कुमार ने बताया कि अंकुश के शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में चार को हिरासत में ले लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

● कन्नौज के युवक के शव की बरामदगी का मामला

अंकुर।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान, हत्या का आरोप

फर्रुखाबाद। थाना मऊ दरबाजा क्षेत्र में महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के ग्राम खिनमिनी निवासी सर्वेश नाई पत्नी सीमा (36) का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अमित गंगवार ने मामले की जांच पड़ताल की। दरोगा बलवीर सिंह ने शव का पंचनामा भरा। विकलांग सर्वेश सिलाई करके गुजारा करता था। उसके कोई संतान नहीं है। सूचना मिलने पर थाना नवाबगंज के शास्त्री नगर नया गनेशपुर निवासी परिजन बेटी के ससुराल पहुंचे। बताया जाता है कि घरेलू कलह के कारण महिला ने फांसी लगाई है। थाना नवाबगंज के ग्राम नया गनीपुर निवासी स्व. ओमप्रकाश श्रीवास्तव की पत्नी सोनी ने बहन सीमा की मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के लिए थाने में तहरीर दी है। मालूम हो की सर्वेश कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला मेमरान निवासी स्व. मन्नीलाल नाई का पुत्र है।

भारतीय ज्ञान परंपरा का अध्ययन आवश्यक

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भारतीय ज्ञान परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है। इस ज्ञान परंपरा में आधुनिक विज्ञान प्रबंधन सहित सभी क्षेत्रों के लिए अद्भुत खजाना है। भारतीय दृष्टिकोण से ही ज्ञान परंपरा का अध्ययन कर हम एक बार फिर विश्व गुरु बन सकते हैं। हमें अपनी मानसिकता को बदलकर अपने जीवन में भारतीयता को अपनाने की जरूरत है। भारतीय महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में यह विचार वक्ताओं ने व्यक्त किए। लोहाई रोड स्थित भारतीय महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोलते हुए मुख्य अतिथि रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के प्रो. केके चौधरी ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश के लिए लाभप्रद है। मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के संकाय प्रमुख प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के स्तंभों पर आधारित है। इस नीति का उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करना है, जो सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करके और भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में विकसित करके देश के परिवर्तन में सीधे योगदान दे। प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य स्कूल और कॉलेज दोनों शिक्षा को अधिक समग्र, बहु-विषयक और लचीला बनाना है। उन्होंने महाविद्यालय के इतिहास पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी व संचालन डॉ. आलोक बिहारीलाल ने किया। आगंतुकों का धन्यवाद सचिव डॉ. मधुप कुमार ने किया। इस अवसर पर सहायक प्रो. नीरज कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

● संगोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किये विचार

संगोष्ठी में विचार व्यक्त करते वक्ता। अमृत विचार

सांप के डसने से महिला की मौत

फर्रुखाबाद। पड़ोसी जिला मैनपुरी की महिला को सांप ने डस लिया। परिजन उसे लेकर लोहिया अस्पताल आये, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना बिछवां क्षेत्र के गांव बूटा निवासी जयचंद्र की पत्नी निशा(25) किचन में दूध लेने गई थी। निशा को पैर में सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों ने फर्रुखाबाद डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉ. वैभव यादव ने निशा को मृत घोषित कर दिया है। निशा के परिजनों ने लिखित रूप से कहा कि उन्हें कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करनी है। शव लेकर घर चले गए हैं। निशा का मायका अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव कंचनपुर में है।

संसार के पापों को यीशु ने लिया अपने ऊपर

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सीएनआई बढ़पुर चर्च में गुड फ्राइडे के पवित्र अवसर पर मसीह समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने यीशु के कर्तव्य और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। शहर के सीएनआई बढ़पुर चर्च, ऑलसोस चर्च, रखा चर्च व सिटी चर्च में प्रार्थना कर प्रभु यीशु मसीह को याद किया गया। पादरी जयपाल मैसी ने प्रार्थना करके गुड फ्राइडे की अराधाना शुरू की।

पादरी जयपाल मैसी ने पवित्र बाइबल से पहला वचन लूका को पढ़कर बताया। तब यीशु ने कहा हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि हमक्या कर रहें हैं। उन्होंने कहा यीशु आ रहा है और वह विश्वासियों को लेने आ रहा है । उन्होंने कहा याहुन्ना में लिखा है जो डाली मुझ में है और फलती नहीं है वो सूख जाती है और वहबटोर के जलाने में काम आती है। पवित्र बाइबल से दूसरा वचन आज ही तू मेरे साथ है। मसीह समाज के लोगों को बताया। तीसरा वचन रोज एस्थर दयाल ने पवित्र बाइबल से हे नारी तू देख मेरा पुत्र यहुन्ना से लोगों को प्रभु यीशु के बारे में बताया। इस मौके पर डब्ल्यूएफसीएस ने गुड फ्राइडे पर तेरे लहू के वसीले हो गए पाप क्षमा मसीह गीत गाकर प्रसभु यीशु की स्तुति की। गुड फ्राइडे एक पवित्र दिन है। इस दिन प्रभु यीशु मसीह ने संसार के पापों को अपने ऊपर ले लिया था। उनको सूली पर चढ़ाया गया और मारा और गाड़ा गया। ईसाई समाज में ये दिन एक शोक के दिन के रूप में मनाया जाता है । इस दिन चर्च में सभी लोग सफ़ेद कपड़ों में आते है। गुड फ्राइडे एक अहम धार्मिक त्योहार है। पवित्र बाइबल में लिखा वचन बताता है प्रभु यीशु मसीह को सूली पर लटकाया गया था। पादरी जयपाल मैसी ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह के क्रूसी करण का दिवस मनाया गया। आज के दिन प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया था।वह शुद्ध और पवित्र थे। प्रभु यीशु मसीह मानव जाति को बचाने के लिए मानव जाति के उद्धार के लिए। मौत पर विजय प्राप्त करके आये। इस दौरान जॉर्डन राज, आदित्य रोहित सहाय, विनीता सिंह, सुजीत सहाय, शशि सिंह, वीना साइमन आदि मौजूद थे।

● गिरजाघरों में हुए आयोजन बड़ी संख्या में मसीह समाज के लोग हुए शामिल

बढ़पुर चर्च में लोगों को संबोधित करते पादरी जयपाल मैसी, मौजूद मसीह समाज के लोग। अमृत विचार

सिटी मजिस्ट्रेट ने तलब किया मंडी शुल्क का रिकॉर्ड

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सातनपुर मंडी में द्वितीयक पर्ची काटकर मंडी शुल्क में लाखों का खेल करने के मामले में रिकार्ड तलब कर लिया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट इसकी गहनता से जांच कर रहे हैं। सातनपुर मंडी में 2 मार्च से 17 मार्च तक औरैया मंडी की फर्म के नाम से सातनपुर मंडी में करीब 30 हजार क्विंटल आलू की द्वितीयक प्रवेश पर्ची काटी गई। इसमें ओवरलोडिंग इस कदर दिखाई गई कि एक ट्रक में 450 क्विंटल से लेकर 1050 क्विंटल तक भार दिखाकर प्रवेश पर्ची काटी गई हैं। कांटा पर्ची में भी फर्जीवाड़ा है। 22 मार्च के अंक में अमृत विचार ने औरैया की फर्म के नाम 30 हजार क्विंटल आलू के गेट पास, शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया। इसका डीएम डॉ.वीके सिंह ने संज्ञान लिया।

रंग बरसे ... पर झूमकर नाचे किसान नेता

संवाददाता शमसाबाद, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भाकियू के होली मिलन समारोह में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे, गाने पर जमकर थिरके भाकियू पदाधिकारी कार्यकर्ता। अबीर, गुलाल लगाकर एक दूजे को दी होली पर्व की शुभकामनाएं। शुक्रवार को भाकियू अराजनैतिक गुट कार्यालय शमशाबाद में जिलाध्यक्ष राम बहादुर राजपूत के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम में दर्जनों पदाधिकारी ने भाग लेकर एक दूसरे को अबीर गुलाब लगाया तथा पर्व शुभकामनाएं दी। होली मिलन के कार्यक्रम में होली गीत गायकों ने भी बढ़-चलकर भागीदारी की। ढोल मजीरे के साथ होली गीत गाये गए। कलाकारों ने होली गीतों की छटा बिखेर उपस्थित लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। सभी पदाधिकारियो तथा कार्यकर्ताओं एक दूजे के गले मिल अबीर, गुलाल लगाया। युवा किसान नेता होली गीतो पर थिरकते नजर आए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम बहादुर राजपूत, जिला महासचिव संजय गंगवार ,डॉक्टर कैलाश चंद यादव, रामवरन यादव ,जगदीश चंद्र राजपूत ,नन्हेंलाल, सलमान अहमद, रामनिवास, पप्पू गंगवार ,नरेश चंद्र गंगवार आदि मौजूद थे।

होली मिलन समारोह में भाग लेते किसान नेता। अमृत विचार

सार-संक्षेप

सड़क हादसे में तीन युवक घायल

कायमगंज, फर्रुखाबाद। कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम भटासा निवासी पंकज पुत्र गजराज व आशीष पुत्र धनराज बाइक से सुधीर को साथ मे लेकर भटासा मार्ग पर पहुँचे तभी वहां से वापस आते समय अज्ञात बुलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे तीनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अबस्था में काफी देर तक घटना स्थल पर पड़े रहे। सूचना पर पहुचे परिजनों ने तीनों घायलो को आनन फानन में इलाज के लिए सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती कराया।

चोरों ने बंद घर से उड़ाया लाखों का माल

कायमगंज, फर्रुखाबाद । कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में बंद मकान से चोरों ने लाखों का माल पार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सदबाड़ा निवासी शंकर तहसील रोड पर काफी का ठेला लगाने का कार्य करता है। दो दिन पूर्व वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अपनी ससुराल जिला शाहजहांपुर के गांव ठकुरी में गमी में गया हुआ था। शुक्रवार को दोपहर के बाद जब शंकर अपने परिवार के साथ घर वापस आया तो देखा कि उसके घर के ताले टूटे हुए थे ।अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ था। यह माजरा देखकर शंकर के पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी। रिपोर्ट में शंकर की पत्नी पूजा ने बताया वह आज दोपहर बाद वापस आये देखा की उनके मैन दरवाजे के ताले टूटे पड़े है और कुंडी लगी है। पूजा ने बताया तीन जोड़ी झुमकी, तीन जोड़ी गुच्छी, दो पेन्डल, मांग का बेंदा, बिछवा तीन सोने की लर व 50000 नकद चुरा ले गए है ।सूचना पर पहुंची पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

पुलिस ने नगर में किया रूट मार्च

कायमगंज फर्रुखाबाद। कोतवाली पुलिस ने कस्बे में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य मार्गो से रूट मार्च किया। लोकसभा चुनाव व जुमे की नमाज को लेकर नगर में कानून एवं शांति सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने नगर के मुख्य मार्गो पर पैदल मार्च किया। शुक्रवार को लोकसभा चुनाव एवं जुमे की नमाज को लेकर सुबह से पुलिस एलर्ट मोड़ पर रही। नगर के मुख्य चैराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। जुमे की नमाज को लेकर क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र कुमार के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने भारी पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया।

करंट से महिला झुलसी

कायमगंज फर्रुखाबाद। कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव कटिया निवासी नीलू को पंखे का पिलग लगाते समय बिजली से करंट लग गया। परिजन सीएचसी लाए। जहां उसका इलाज किया गया।

ऊंचाई से गिरकर युवक घायल

कायमगंज । कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी राहुल ऊंचाई से गिरकर घायल हो गए। परिजन सीएचसी लेकर आए। जहां उसका इलाज किया।

सीढ़ियों से गिरकर महिला घायल

फर्रुखाबाद । कंपिल निवासी निवासी रीता देवी सीढ़ियों से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई। परिजन सीएचसी लेकर आए। उसका इलाज किया गया। गंभीर हालत मं प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया।

किशोरी ने कीटनाशक पीया

कायमगंज । क्षेत्र के गांव जौरा निवासी प्रिया ने कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन सीएचसी लेकर आए। जहां उसका इलाज किया गया।

स्वास्थ्य | ज्यादा चिकनाई युक्त भोजन बना देता है हृदय रोगी, पीठ के पिछले हिस्से में दर्द होना भी हृदय रोग के लक्षण

होली के बाद लोहिया अस्पताल में बढ़ी हृदय रोगियों की संख्या

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। होली के त्योहार के बाद हृदय रोगियों की संख्या में बेतहासा वृद्धि हुई है। इसकी वजह से हृदय रोग विशेषज्ञ चिकनी चीजों का सेवन करना बता रहे हैं। डॉक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत डॉक्टर मंनोज पांडे बताते है कि हर त्योहार पर हृदय रोगियों की संख्या में वृद्धि हो जाती है। इसकी खास वजह है कि त्योहारों पर खान पान असहज हो जाता है। नतीजतन व्यक्ति तरह-तरह की बीमारियों का शिकार हो जाता है। डॉक्टर पांडे का कहना है कि हृदय रोग से संबंधित बीमारियां वैसे तो कई कारणों से होती हैं ,लेकिन इस बीमारी का प्रमुख कारण सर्वाधिक चिकनी चीजों का प्रयोग करना सामने आया है। हृदय रोग विशेषज्ञ बताते हैं कि लोग स्वास्थ्य के लिए घी का सेवन करते हैं लेकिन घी धमनियों में जाकर जम जाता है ।वह स्वास्थ्य की वजह से व्यक्ति को रोगी बना देता है। डॉक्टर पांडे बताते हैं कि होली के त्योहार पर गुझिया, घी, तेल में बनी चीजें सबसे ज्यादा खाई जाती हैं। जो दिल के रोगी के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। चिकनी चीज धमनियों में जम जाती हैं जिससे दिल में रक्त का संचार होना कम हो जाता है। लोग हाई ब्लड प्रेशर और लो ब्लड प्रेशर के शिकार हो जाते हैं ।होली के बाद से प्रतिदिन 120 के आसपास रोगी हाई ब्लड प्रेशर और लो ब्लड प्रेशर के शिकार आ रहे हैं। डॉक्टर पांडे बताते हैं कि हृदय संबंधी बीमारी एक बार होने के बाद फिर पूरी तरह से ठीक नहीं होती। रोगी को आजीवन दवा खानी पड़ती है। उसकी जिंदगी की गारंटी खत्म हो जाती है। किस समय हृदय रोगी की सांस थम जाए यह चिकित्सा विज्ञान भी कह पाने में असमर्थ है ।डॉक्टर पांडे ने बताया कि लोग हृदय रोग को प्रथम और द्वितीय चरण में नहीं समझ पाते हैं। कभी किसी को गर्मी लगी पसीना आया और हल्की मूर्छा आई और वह ठीक हो गया। दूसरी बार में भी यह स्थिति हुई और तीसरी बार में उसकी मौत हो गई तो लोग कहते हैं कि पहले हार्ट अटैक में ही मौत हो गई। लेकिन उन्हें यह पता नहीं है कि उसे तीन अटैक पड़ चुके हैं। तीसरे अटैक में उसकी मौत हुई है ।इस वजह से जरा भी दिल घबराहट हो तो रोगी को तत्काल प्रभाव से हृदय रोग विशेषज्ञ के पास जाकर अपनी जांच करानी चाहिए। डॉक्टर पांडे बताते हैं कि लेफ्ट हाथ में दर्द होना पीठ के पिछले हिस्से में दर्द होना भी हृदय रोग के लक्षण हैं ।इन लक्षणों को लोग पहचान नहीं पाते हैं। नतीजतन अपनी जान जोखिम में डाल लेते हैं। इस तरह के लक्षण दिखाई दे तो रोगी को तत्काल प्रभाव से सरकारी अस्पताल में जाकर अपना इलाज कराना चाहिए ।डॉक्टर पांडे ने बताया कि आज के समय हर 10 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति हृदय रोग से सम्बंधित मिल रहा है। खास बजह है कि हृदय सम्बन्धी बीमारियों के प्रति लोग जागरूक नही है। घी के प्रयोग से शरीर में चर्बी बढ़ती है और चर्बी की वजह से मोटापा बढ़ता है और उसे मोटापा में धामनिया भी पतली होने लगती है एक दिन ऐसा आता है कि वह दिल में खून पहुंचना बंद कर देती हैं जिससे जिससे उसकी गति रुक जाती है और रोगी की मौत हो जाती है, अगर उम्र बढ़ानी है तो चिकनी चीजों का सेवन कम करें।

लोहिया अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

मरीजों को देख रहे हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मंनोज पांडे। अमृत विचार

बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की गई जान, महिला घायल

पछायगांव थाना क्षेत्र के गांव पुरा बल्देव सिंह के पास हुआ हादसा, परिजन बेहाल

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। पछायगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरा बल्देव के पास बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक बाइक पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। एक ही गांव के दो लोगों की मौत से गावं में मातम पसर गया। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया।

पछायगांव थाना क्षेत्र के गांव पुरा बल्देव के रहने वाले 55 वर्षीय सोबरन सिंह अपनी पत्नी मीरा देवी के साथ अपनी ससुराल रजपुरा भात मांग कर वापस गांव आ रहे थे। तभी गांव के पास ही उसके ही गांव का रहने वाला 22 वर्षीय अंकित पुत्र श्री कृष्ण अपने गांव से कोचिंग पढ़ने के लिए इटावा जा रहा था। तभी सामने से आ रहे सोबरन सिंह की बाइक अंकित की बाइक से जा टकराई जिससे अंकित, सोवरन सिंह व मीरा देवी गंभीर रूप से घायल हो गए।

अंकित।

जानकारी मिलने पर गांव के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और तीनों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने अंकित व सोवरन सिंह को मृत घोषित कर दिया। दो लोगों की मौत से गावं में कोहराम मच गया।

मृतक अंकित के बड़े भाई सोनू ने बताया कि वह कोचिंग पढ़ने के लिए घर से निकला था। तभी गांव के ही रहने वाले सोबरन सिंह और उसकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे सोबरन सिंह और अंकित वस्तु की मौत हो गई। अंकित बीएससी सेकंड ईयर का छात्र था और शिकोहाबाद में पढ़ाई कर रहा था। वह 6 भाइयों में सबसे छोटा था। वहीं सोबरन सिंह के छोटे भाई अशोक कुमार ने बताया कि उनकी बेटी की 3 अप्रैल की शादी होनी है, और इस काम को लेकर गांव राजपुरा से लौट रहे थे इस घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में शादी का माहौल था जो मातम में बदल गया। सोबरन सिंह और उनकी पत्नी मीरा देवी एक ही बाइक पर बैठकर आ रहे थे और पीछे से अशोक कुमार और उनकी पत्नी आशा देवी दूसरी बाइक पर सवार होकर आ रहे थे तभी तेज रफ्तार सामने से आ रही बाइक पर बैठे अंकित से आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे दोनों लोगों की मौत हो गई और भाभी मीरा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया पुलिस ने शवो का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

इटावा। बाजार से सब्जी लेकर साइकिल से घर जा रहे अधेड़ को सामने से आई कार ने टक्कर मार दी। जिससे अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने कार सवार को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गांव नगला उदई के रहने वाले 55 साल के राजवीर रोजाना की तरह शाम चार बजे साइकिल से सब्जी लेकर जा रहे थे। तभी सामने से आई तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे अधेड़ दूर जा गिरे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कार सवार को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी जब परिवार को मिली तो कोहराम मच गया। मृतक के छोटे भाई दिनेश कुमार ने बताया कि वे शहर के एक मैरिज होम में टेंट का काम करते हैं। और पांच बच्चों की देखरेख इसी काम से करते थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया है।

चोरी के मामले में छह साल की सजा

इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई चोरी के एक छह साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने एक आरोपी को दोषी पाते हुए छह साल, सात माह की सजा व तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया। बताया गया है कि क्षेत्र के एक मोहल्ले में वर्ष 2017 में चोरी हुई थी। छानबीन के बाद पुलिस ने गौरव मिश्रा निवासी टोक पुरा कोतवाली देहात भिंड को गिरफ्तार कर लिया था। उसके पास से पुलिस ने चोरी का माल भी बरामद किया था। उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई अभियोजन अधिकारी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने गौरव मिश्रा को दोषी पाया और उसे उक्त सजा सुनाई।

बुजुर्ग घर बैठे बैलेट पेपर से डालेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में पहली बार इटावा संसदीय क्षेत्र के 14808 मतदाताओं को घर बैठे वोट डालने का मौका मिलेगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को यह सुविधा दी गई है। इसके लिए संबंधित मतदाताओं को उप जिलाधिकारी कार्यालय में पहले से सूचना देनी होगी।

ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर बैठे वोट डालने की सुविधा दी गई है। इसके लिए संबंधित मतदाता को पहले से सूचना एसडीएम कार्यालय को भेजनी होगी। इसके बाद एसडीएम ऑफिस से बीएलओ के माध्यम से 12 डी फार्म मतदाता के पास पहुंचाया जाएगा। बीएलओ फार्म भरवाकर एसडीएम ऑफिस में जमा करेंगे।

- जिले में 14 हजार है बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या



बुजुर्ग मतदाता घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए अलग से पोलिंग पार्टी का गठन किया जाएगा। पोलिंग पार्टी मतदान दिवस से तीन दिन पहले बुजुर्ग मतदाता के घर पर जाकर बैलेट पेपर के जरिए मतदान कराएगी।

यह सुविधा अनिवार्य नहीं हैं, बल्कि ऐच्छिक है। 85 वर्ष से अधिक आयु के जो मतदाता चलने-फिरने में अक्षम हैं, या फिर वह पोलिंग बूथ तक नहीं जाना चाहते हैं वह इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता

विधानसभा	संख्या
इटावा	2329
भरथना	5362
दिबियापुर	2661
औरैया	1410
सिकंदरा	3046

पुलिस ने दो शराब तस्कर किए गिरफ्तार

इटावा। लवेदी थाना पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में वांछित चल रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि लवेदी थाना पुलिस तीन मार्च को शराब तस्करों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में शराब बरामद की थी। कुछ लोग मौके से फरार हो गए थे। पुलिस भागे लोगों की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार को नगला तिवारी मोड के पास से तस्करी के मामले में वांछित सनी पुत्र राम आसरे निवासी बरौना खुर्द कलां औरैया व हरी किशन पुत्र राम लाल निवासी हरटौली दिवियापुर को गिरफ्तार कर लिया। पकड गए तस्करों के पास से दो फर्जी आर सी बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

पॉक्सो एक्ट में एक दोषी को तीन साल की सजा

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना द्वितीय ने पांच साल पुराने पॉक्सो एक्ट के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे तीन साल की सजा और सात हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे दस दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

विशेष लोक अभियोजक दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि बकेवर क्षेत्र के एक कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि 11 फरवरी 2018 को उसके छोटे पुत्र की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। तभी उसके कस्बा का रहने वाला युवक दीपक ठाकुर वहां आ गया और वहां पर वह उसकी नातिन के साथ छेडछाड करने लगा।

- कोर्ट ने सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

उसके शोर मचाने पर परिवार के लोग व रिश्तेदार मौके पर पहुंचे तो वह भाग गया। बाद में उसने फोन पर नाबालिग को जबरन उठा ले जाने व परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद दीपक ने अपने साथियों के साथ उसके घर पर हमला भी किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानवीन शुरू की। बाद में पुलिस ने दीपक के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक के द्वारा पोश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने दीपक को दोषी पाया और उसे तीन साल की सजा व सात हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

कार्यकर्ताओं से लोस चुनाव में जुटने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की सदर विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें पार्टी पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं से चुनाव में जुटने को कहा गया। साथ ही भाजपा सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने को कहा गया।

लोकसभा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव आकांक्षाओं को पूरा करने वाला चुनाव है। केंद्र सरकार द्वारा गरीब कल्याण योजनाओं के विकास की प्रतिबद्धता का परिणाम है कि भाजपा को लगातार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सफलता मिल रही है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री को न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में समर्थन और सम्मान मिल रहा है।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ नियति और नीति भी हैं, इसलिए जनता भाजपा से सहमत है। अब सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन समिति के माध्यम से सामूहिक रूप से एक माह में इटावा लोकसभा को गति प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता लाभार्थियों से समन्वय स्थापित कर भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगें।

बैठक में शामिल भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

- भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति एवं कार्यकर्ता बैठक का हुआ आयोजन

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठनात्मक जनपद इटावा प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि सेवा, सुशासन, सुरक्षा और गरीब कल्याण के लक्ष्य को लेकर डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत में कहा कि अब समय कम है। बूथ प्रबंधन को मजबूत रखना हमारी जिम्मेदारी है। बैठक में पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, केके राज, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, डॉ. रमाकांत शर्मा, लोकसभा सह-संयोजक राकेश पाल, विधानसभा प्रभारी विनोद दुबे, विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशहवाह, देवप्रताप भदौरिया, सुबोध तिवारी, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, राहुल राजपूत, लोकसभा/जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विधानसभा मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अच्युत मिश्रा, राजेन्द्र गुप्ता, अनुरुद्ध गुप्ता, प्रवीण पचौरी, रमेश राजपूत, विकास भदौरिया, विरला शाक्य आदि उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

नहर में बहता मिला शव, शिनाख्त नहीं

बकेवर। भोगनीपुर नहर में एक अधेड़ का शव नहर में बहता मिला। लोगों की सूचना पर लखना चौकी पुलिस ने झाल पुल के पास से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव कुछ दिन पुराना लग रहा है। भोगनीपुर नहर में एक अज्ञात शव के नहर में बह कर जाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से निकलवाकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। शरीर पर कोई कपड़े भी नहीं थे। उम्र करीब 42 वर्ष बताई जा रही है।

घर में घुसे चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

बकेवर-इटावा। थाना क्षेत्र के अन्तगर्त निवाड़ी कलां में घर में घुसे चोर को गृहस्वामी ने रंगे हाथ पकड लिया। बाद में उसे पुलिस को सौपा दिया। ग्राम निवाड़ी कलां थाना बकेवर निवासी सर्वेश शाक्य ने बताया कि गुरुवार देर रात वह दुकान बंद करके खाना खाकर परिवार समेत घर के अंदर लेटे थे। तभी रात के समय करीब डेढ बजे कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ने की आवाज सुनाई दी। जागकर लाइट चालू की तो सामान बिखरा पड़ा देखा। खोजबीन के बाद अलमारी के पीछे छुपे एक चोर को पकड़ लिया गया।

कलश यात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

इटावा। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अवसर पर ग्राम लाखापुर कटरा में कलश यात्रा निकाली गई। जिसका पूरे गांव में महिला पुरुषों ने स्वागत किया। पूजन के बाद वेद मंत्रों के साथ कलश स्थापित कर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र ग्राम लाखापुर कटरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ पर पूरे गांव में कलश यात्रा निकाली गई। जहां जगह-जगह कलश यात्रा का फूल बरसा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा में परीक्षत अखिलेश कुमार यादव उत्तर प्रदेश कारागार प्रदेश कोषाध्यक्ष यूपी जेल एसोशिएशन एवं उनकी धर्मपत्नी मीता देवी आगे चल रहीं थीं। कलश यात्रा जब ज्ञान यज्ञ स्थल पर पहुंची तो कथा वाचक संगीता शास्त्री शिकोहाबाद ने वेद मंत्रों के साथ भागवत स्थल पर कलश स्थापित कराए। पूरा पंडाल श्री कृष्ण एवं श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद कथा का शुभारंभ हुआ। कथावाचक ने कहा कि राजा परीक्षत ने राजपाट छोडकर श्री भद्भभगवत कथा सुनी थी। शास्त्री ने आगे कहा कि मानव के शरीर में बचपन युवा एवं बुढ़ापा आता है इसलिए गृह कार्य के साथ हमें भगवान की कथा भी सुननी चाहिए।

तमंचा-कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस ने गस्त के दौरान आईटीआई चौराहे के पास से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। प्रभारी निरीक्षक दिवाकर प्रसाद सरोज अपनी टीम के साथ गस्त पर थे। तभी उन्होने आईटीआई के पास से सदिग्ध अवस्था में घूम रहे रोहित यादव व सौरभ यादव निवासी नगला सेवा थाना सैंफई को पकड लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए।

कार डिवाइडर से टकराई, सीएचसी अधीक्षक घायल

बकेवर। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अशोका ढाबा के सामने सिक्स लेन हाईवे पर ट्रक के ओवरटेक से कार डिवाइडर से टकरा गई, हादसे में सीएचसी अधीक्षक घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। राजपुर चकरनगर सीएचसी अधीक्षक अजय विक्रम सिंह अपनी कार से जा रहे थे। आगरा कानपुर सिक्सलेन हाईवे अशोका ढाबा के सामने ट्रक के ओवरटेक से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में अधीक्षक घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया।

अधिक शराब पीने से युवक की मौत

इटावा। चौबिया थाना क्षेत्र के गांव गनेश पुर में अधिक शराब के पीने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उक्त गांव निवासी राजीव उर्फ बब्लू (38) पुत्र विशम्भर दयाल शराब पीने का आदी था। गुरुवार की शाम को उसने अधिक शराब पी ली जिससे वह बेहोश होकर गिर पडा। बाद में उसकी मौत हो गई। सुबह परिवार के लोगों ने देखा तो वह मृत अवस्था में मिला। परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। थाना ध्यक्ष ने बताया कि युवक की अधिक शराब पीने से मौत हुई है। शव का पोस्ट मार्टम कराया गया है।

होली मिलन समारोह में एक-दूसरे को लगाया गुलाल

इटावा। जायंट्स ग्रुप आफ नवोदिता का होली मिलन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस मौके पर जुटे पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को होली की शुभ कामनाएं दी। होली के गानों पर सब लोग जम कर नाचे। महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और होली के गीत भी गाए। इस मौके पर फेडरेशन 5 की पूर्व अध्यक्ष ऊषा यादव, यूनिट डायरेक्टर आशा अवस्थी, फेडरेशन पदाधिकारी साधना शर्मा, पूनम पांडेय, ग्रुप अध्यक्ष अर्चना सिंह, उपाध्यक्ष अनुपम यादव, ओए कृष्णा अवस्थी, डीओएफ छवि गुप्ता, निर्देशक सरिता कुशवाह, विनीता टंडन, वीना शर्मा, सुनीता बाथम, सुमन यादव, नीतू यादव, पूजा यादव, तोशी पालीवाल, पारोमिता विश्वास, उमा, प्रिया, सपना त्रिपाठी, दीप्ति बाजपेयी मौजूद रहे।

होली मिलन कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

20 तक जमा होगी डीबीए की सदस्यता

इटावा। जिला बार एसोसिएशन कार्यकारणी की बैठक कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे एडवोकेट ने की। बैठक में डीबीए की सदस्यता 1 मार्च से जमा करने का प्रस्ताव पास हुआ। पिछली मीटिंग में प्रस्ताव पास हुआ था कि जिन सदस्यों ने अपनी सदस्यता शुल्क जमा नहीं की है वह स्वयं आकर डीबीए कार्यालय में कार्यालय प्रभारी तुलाराम राजपूत को जून 2024 तक की 20 अप्रैल 2024 तक अपनी सदस्यता जमा कर दें। सदस्यता शुल्क जमा करने के लिए सदस्य को स्वयं आना पड़ेगा अपनी सदस्यता जमा करने के लिए मीटिंग में महामंत्री राजेश यादव, अरविंद प्रताप सिंह चौहान, सत्येंद्र पाल सिंह, यादव गुरु प्रसाद द्विवेदी, मैराज अली खान, जीजी चौधरी, अनिल वर्मा, कुलदीप यादव, प्रदीप कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

फूलों की होली खेलते आरएसएस पदाधिकारी। अमृत विचार

सनातनी संस्कृति का प्रतीक है होली

संवाददाता, बकेवर इटावा

अमृत विचार। लखना में रेंज कोठी के पास होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आरएसएस के विभाग सह कार्यवाह रामनरेश शर्मा ने कहा कि होली का त्योहार हमारी सनातनी संस्कृति की पहचान भी है। विभाग प्रचारक यशवीर ने कहा होली के त्योहार पर मिलन समारोह के जरिये हमें एकता और अखंडता का मार्ग भी बताती है।

- लखना में हुआ आरएसएस का होली मिलन समारोह

जिला कार्यवाह बिहारी जी, खंड कार्यवाह धीरज, खंड प्रचारक योगेश, ने भी होली मिलन समारोह में अपने विचार व्यक्त किये। आयोजक विश्व हिंदू परिषद से जुड़े आशीष तिवारी, डॉ. गोविंद मोहन तिवारी, मोनू सिकरवार ने अतिथियों का स्वागत किया। राम मिश्रा,राजवीर चौबे, प्रशांत दीक्षित, शशिकांत त्रिपाठी, रामू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

अफवाहों पर न दें ध्यान : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिलाधिकारी अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने व जुमे की नमाज के अवसर पर शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पक्का तालाब चौराहे से नौरंगाबाद चौराहा, कोतवाली, बाइस ख्वाजा होते हुए नुमाइश चौराहे तक पैदल भ्रमण किया। शुक्रवार जुमा के समय दोनों ही अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने जनमानस को शांत व सुरक्षित माहौल में लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने का संदेश दिया और कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें।

इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय महोला विकास क्षेत्र सैफई एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय 1- 8 कंपोजिट विद्यालय चकूपुर विकासखंड सैफई के बूथों की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने वहां पर बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बिजली, पानी, रैंप, सुरक्षा व्यवस्था, सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

मतदान केंद्र पर अधिकारियों से जानकारी लेते डीएम अवनीश राय। अमृत विचार

- चुनाव और जुमे की नमाज को लेकर डीएम, एसएसपी शहर की सड़कों पर घूमे

उन्होंने कहा कि कोई भी हिस्ट्रीसीटर या अन्य अपराधी आपको परेशान करता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सैफई दीपशिखा, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार मौजूद रहे।

निर्देश समितियों को सौंपी गई किसानों के रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी

गेहूं की बिक्री से पहले रजिस्ट्रेशन जरूरी

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। जिला प्रशासन गेहूं खरीद को लेकर सक्रिय हो गया है। एडीएम अभिनव रजंन श्रीवास्तव ने गेहूं खरीद के पंजीकरण में वृद्धि लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि गेहूं की बिक्री के लिए किसान को विभागीय वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराना है। इसके लिए समितियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एडीएम ने कहा है कि किसानों को सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं विक्रय करने से पूर्व अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। किसान किसी भी खरीद केंद्र, साइबर कैफे, लोकवाणी केंद्र, जनसेवा केंद्र या अपने प्राइवेट लैपटॉप, कंप्यूटर से पंजीकरण करा सकते हैं। वर्तमान गेहूं क्रय वर्ष 2024-25 में सरकार की ओर से गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये घोषित किया गया है।

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं खरीद योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाए जाने के मकसद से अपने विभाग की समितियों के माध्यम से उपरोक्त का व्यापक प्रचार-प्रचार कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश भी दिए गए हैं कि प्रत्येक समिति को न्यूनतम 100 किसानों के पंजीयन का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिले में सरकार की ओर से घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं की खरीद के लिए खरीद केंद्र खोल दिए गए हैं। 1 मार्च से जिले में 78 गेहूं खरीद केंद्र खुल गए हैं। हालांकि अभी स्थिति यह है कि करीब दो महीना बीत जाने के बाद भी इन केंद्रों पर एक भी किसान नहीं पहुंचा।

हालांकि पिछले वर्ष गेहूं खरीद एक अप्रैल से शुरू हुई थी। इस साल एक माह पहले शुरू कर दी गई है। सरकार ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इसमें 150 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी हुई है। पिछले वर्ष इसकी दर 2125 रुपये प्रति क्विंटल थी। किसानों को अपना गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। केंद्रों पर इसकी सुविधा निशुल्क उपलब्ध है।

मोबाइल से भी हो सकता है रजिस्ट्रेशन

इटावा। जनसुविधा केंद्र, साइबर कैफे या अपने मोबाइल फोन के माध्यम से भी खाद्य विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता है। गेहूं की बिक्री के लिए ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था है। बिक्री के समय क्रय केंद्रों पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य का विवरण व आधार नंबर अवश्य रूप से फीड कराएं। गेहूं खरीद में किसानों से खरीद के साथ-साथ बटाईदारों को भी खरीद की सुविधा दी जाएगी। किसानों को गेहूं के मूल्य का भुगतान उनके आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा।

पति ने नहीं दिलाया सिम तो महिला ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर में पति द्वारा सिम न दिलाने से क्षुब्ध एक महिला ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के आजाद नगर टीला निवासी शादाब आटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वह अपनी पत्नी नरगिस व बच्चों के साथ आजाद नगर में रहता है। शादाब शुक्रवार की सूबह आटो लेकर निकल गया। तभी उसकी पत्नी नरिगस ने अपने कमरे में जाकर दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उस समय उसके बच्चे कमरे के बाहर खेलने के लिए गए थे। जब वह कमरे पर पहुंचे तो कमरा बंद मिला। उन्होंने आवाज लगाई तो दरवाजा नहीं खुला। बच्चों के शोर मचाने पर मकान मालिक आए और उन्होंने इसकी जानकारी शादाब को दी। वह मौके पर पहुंचा और उसने दरवाजा तोडकर अंदर जाकर देखा तो नरगिस फंदे पर लटकी मिली। वह उसे जिला अस्पताल लाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शादाब ने बताया कि सुबह पत्नी ने मोबाइल फोन की सिम मांगने की जिद की थी जिस पर उसने मनाकर दिया था इस बात को लेकर दोनों में आपसी कहा सुनी हो गई थी। वह आटो लेकर काम पर निकल गया था। तभी उसने फांसी लगा ली। उसके दो बच्चे जिसमें 6 साल का अहील और डेढ़ साल का जिदान है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह संधि नकुर्य्यात्॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सुखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती है। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

संपादकीय

अफस्पा हटाने की योजना

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा का चुनाव होगा। सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार ने सैनिकों की वापसी के लिए पहले ही एक रोडमैप तैयार कर लिया है और यह प्रक्रिया चुनाव के बाद शुरू की जाएगी। एक मीडिया ग्रुप से मंगलवार को उन्होंने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर भरोसा नहीं किया जाता था, लेकिन आज के समय में वो केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। साथ ही आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रही है। यानी अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सामान्य होती स्थिति के बीच केंद्रीय गृहमंत्री शाह द्वारा अफस्पा हटाने का संकेत दिए जाने का स्वागत किया जाना चाहिए। आज राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए अनुकूल वातावरण बनता दिख रहा है। जानकारों के मुताबिक सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा हटाने का कदम राज्य में विधानसभा चुनाव के अनुरूप राजनीतिक गतिविधियां आरंभ करने में सहायक साबित हो सकता है।

गौरतलब है कि अफस्पा को 1942 में तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने भारत छोड़ो आंदोलन पर अंकुश लगाने के लिए बनाया था, लेकिन देश की आजादी के बाद भी सरकार ने इसे बनाए रखा और साल 1958 में इसे एक अधिनियम के तौर पर अधिसूचित कर दिया गया। 11 सितंबर,1958 को बने इस कानून को पहली बार नागा पहाड़ियों में लागू किया गया था, जो तब असम का ही हिस्सा थीं। उग्रवाद के पांव पसारने के साथ इसे धीरे-धीरे पूर्वोत्तर के तमाम राज्यों में लागू कर दिया गया। इस विवादास्पद कानून के तहत सुरक्षा बल के जवानों को किसी को भी गोली मार देने का अधिकार है। सेना किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के हिरासत में लेकर उसे अनिश्चित काल तक कैद में रख सकती है। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत घोषित किया जाता है। जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों की ओर से अफस्पा को हटाने की मांग की जाती रही है। गृहमंत्री शाह ने पहले कहा था कि पूर्वोत्तर राज्यों में 70 प्रतिशत क्षेत्रों में अफस्पा हटा लिया गया है, हालांकि यह जम्मू-कश्मीर में लागू है। अब जब उच्चतम न्यायालय जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दे चुका है, अफस्पा हटाने का विचार जम्मू-कश्मीर के लोगों के बीच बेहद सकारात्मक प्रभाव डालेगा। नागरिक अधिकारों की बहाली से सरकारी तंत्र व नागरिकों के बीच भरोसा बढ़ेगा।

हैजा पर शोध में भारतीय वैज्ञानिकों का बड़ा काम

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है।

हैजा अर्थात् विसूचिका की विभीषिका से भारत के लोग आदिकाल से जूझ रहे हैं। पहले यह व्यापक होता था। अब वैसा नहीं है। मीडिया के लिए रिसर्च करते समय अपने देश से संबद्ध डेटा और अपने देश में प्रकाशित होने वाली कुछ नामी वैज्ञानिक शोध संचार पत्रिकाओं जैसे कि इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में और इस बारे में शासकीय रिपोर्ट्स, जोकि सन् 1860 के बाद से ही उपलब्ध हैं, जानकारी और कमेंट्रीज उपलब्ध हैं।

कलकत्ता स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ कॉलरा एंड एंटेरिक डिजीजेज इस पर समर्पित रूप से जीवाणु विज्ञान, बायो केमिस्ट्री, क्लिनिकल मेडिसिन, एपिडेमियोलॉजी, इम्मुनोलॉजी, पैरासाइटोलॉजी और पैथोफिजियोलॉजी शाखाओं में काम कर रहा है। संस्थान में सूक्ष्म जीवाणुओं की रचना और इनके व्यवहार को समझने के लिए संस्थान में इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप की सुविधा भी है। संस्थान ने कॉलरा जीवाणु की जैविकी और जीवन चक्र, संक्रमण के वाहक और स्रोत, वैक्सीन और ड्रग डेवलपमेंट, क्लिनिकल ट्रायल्स, जीवाणु की संततियों या विभेदों की लिस्टिंग और इनके जेनेटिक-मेकअप का ऐतिहासिक डेटा-बेस बनाने और महामारी जैसी स्थिति पैदा होने पर इसे नियंत्रित करने की व्यूह रचना करने में ही नहीं,बल्कि किस मौसम में कैसी वातावरणी परिस्थितियों में भारत में मनुष्यों में हैजा कहां फैल सकता है इसकी मैपिंग करने और चेतावनी सेवा देने में भी अग्रणी रहा है। जैसा कि बीएमसी 'इन्फेक्शस डिजीजेज' में सन् 2023 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित लेख 'सीजनेबिलिटी ऑफ कॉलरा इन कोलकाता एंड द इन्फ्लुएंस ऑफ़ क्लाइमेट' शोध-समीक्षा पत्र से जाहिर होता है।

इस पर्चे में कोलकाता में सन् 1999 से 2000 तक के 21 सालों में हैजा के प्रकोप से की जानकारी इकट्ठा की गई और इस प्रसंग में यह देखा गया कि महानगर क्षेत्र के लिए वर्ष के किस अरसे में मौसमी अवस्थाओं को प्रभावित करने वाले घटक यथा तापक्रम, वर्षा की मात्रा और इसका पैटर्न एवं कोलकाता के निकट बंगाल की खाड़ी में समुद्र की सतह का तापमान क्या रहा, कैसे इन घटकों में बदलाव होता रहा और हैजा के प्रकोप से इसका

अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं।

क्या संबंध हो सकता है, या नहीं भी हो सकता। मालूम हुआ कि कोलकाता में हैजा का चक्र द्विवर्षीय है। शोध कर्मियों ने यह स्थापित किया कि गर्मी की ऋतु में महानगर की सैंकड़ों छोटी-बड़ी झीलों में और गड्ढों में हैजा के जीवाणु की संख्या और घनत्व बढ़ता है। इसी तर्ज़ पर एक अध्ययन उक्त पर्चे के शोधकर्मियों ने तीन और नए लोगों के साथ मिलकर किया जिससे कलकत्ता में सन् 1897 से लेकर सन 1947 तक के पचास वर्षों में हैजा के प्रकोप और मौसम से इसके संबंध की जांच की गई। इस पर्चे का प्रकाशन 'गट पैथोजेंस' जर्नल के सितंबर 2023 के अंक में हुआ,जो व्यक्ति कोलकाता महानगर के भूगोल से परिचित हैं वे जानते हैं कि शहर में भीतर के इलाकों में तालाबों की बड़ी संख्या है।

उदाहरण के लिए सन् 1999 से 2000 के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में हैजा फैल जाने के बाद, खासतौर से कलकत्ता और उड़ीसा में,जहां इसका प्रकोप अधिक था,अनेक स्थानों से सैंपल लेकर खालिस जीवाणु को निकाल कर यह मालूम किया गया कि यहां विभेद-0139 ने इसे फैलाया। सन् 2001 के जनवरी महीने में अहमदाबाद में हैजा का प्रकोप तीव्र था,लेकिन यहां से लिए गए सैंपल की जांच से एक अजीब बात यह मालूम हुई थी कि इस बारे यह एक सहवर्ती (कांकोमीटेंट) जीवाणु 'एशिरीशिया कोली' जोकि हमारे उदर में एक मित्र माईक्रोब की तरह निवास करता है, के एक विभेद और विब्रियो-कॉलरी 0139 की मिलीभगत थी। बाद में इन जीवाणुओं की आनुवंशिकी का परीक्षण किया गया तभी विषाक्तता पैदा करने वाले जीन के एक टुकड़े को पढ़ा गया और इसकी भूमिका को जाना गया। इस अध्ययन को 'जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' (अमेरिका) के सितंबर 2001 के अंक में प्रकाशित किया गया था। इतना जान लेने के बाद शरीर में पैदा किए जाने वाले टॉक्सिन या विषाक्तता के लिए कौन सी एंटीबायोटिक असरदार होगी यह इस संस्थान ने बताया। कॉलरा के सभी विभेदों के प्रति कारगर हो सके ऐसी वैक्सीन का विकास एक चुनौती है,क्योंकि इसके लिए कौन सा तरीका अपनाना है, यह लंबे समय तक चलने वाले शोध और क्लिनिकल ट्रायल्स से ही मालूम होता है।

कॉलरा के पुराने और नए स्ट्रेन्स अर्थात् विभेदों और इनकी जैविकी पर अनेक तरीके से और नए इनवेस्टिगेटिव टूल्स अपनाकर भारतीय वैज्ञानिक समुदाय ने देश की प्रयोगशालाओं में सूझ-बूझ से मौलिक शोध में बड़ा काम किया है। कॉलरा पर भारतीय और विदेशी मूल के सांइसदानों के पर्चे बायो-मेडिकल रिसर्च जर्नल्स 'लांसेट', 'ब्रिटिश मेडिकल जर्नल' और इन्फेक्शस डिजीजेज पर शोधपत्र एवं निबंध प्रकाशित करने वाली पत्रिकाओं जैसे कि 'जर्नल ऑफ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' के अलावा 'नेचर' जर्नल ने अनेक बार प्रकाशित किए हैं। भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा हैजा और आंत्रशोथ पर ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण काम हुआ है जिसका जिक्र इंडियन रिसर्च फंड एसोसिएशन एवं इसके आधुनिक रूपांतरित नाम भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के सन् 1948 से लेकर 1964 तक निदेशक रहे डॉ.सीजी पंडित (चिंतामणि गोबिंद पंडित) ने 'माय वर्ल्ड ऑफ़ प्रिवेंटिव मेडिसिन' नाम से प्रकाशित आत्मकथा में जगह-जगह पर किया है।

बायो-मेडिकल साइंस में शोधकार्य को व्यापक रूप से देखने की प्रवृत्ति अभी नॉन-सांइस कम्युनिकेटर्स' में विकसित नहीं हुई है इसमें बहुत मेहनत होती है और समय लगता है। भारतीय वैज्ञानिकों ने देश में संक्रामक रोगों के प्रकट होने, इनका बड़े स्तर पर असर दिखाने और महामारियों में बदल जाने के ऐतिहासिक अध्ययन प्रकाशित किए तभी हैजा पर राष्ट्रीय स्तर के पब्लिक हैल्थ उपायों और शोध संस्थानों के काम की वजह से यह आज नियंत्रण में नजर आता है। हमारे वैज्ञानिकों के काम के प्रति उपेक्षा से 'पब्लिक ट्रस्ट' भी कभी बन नहीं पाता और मीडिया द्वारा महत्व दिए बिना एक आम धारणा कि हमारे वैज्ञानिक विश्वस्तरीय काम नहीं करते हैं, कैसे टूटेगी? शोधकार्य जारी रखने के लिए 'इंस्टिट्यूशनल फ्रेमवर्क' के भीतर जो धनराशी और सुविधाएं इन्हें दी जाती हैं, उनका वे भरपूर इस्तेमाल करते हैं, इसका भरोसा कैसे होगा? देश में सैनिटेशन को बढ़ावा देकर हैजा, सालमोनेला और शिगेला की रोकथाम के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया था, लेकिन अपर्याप्त सहयोग के कारण इसके नतीजे वैसे नहीं निकल रहे जैसे अपेक्षित थे। संक्रामक रोगों के बने रहने की असली वजह दूषित वातावरण, पानी और दूषित खाद्य-पदार्थ हैं।

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है। कॉलरा जीवाणु के नए विभेद पहले वाले 01 -विभेद से अधिक खतरनाक हैं। इनका तोड़ ढूंढा जा रहा है। इसी सिलसिले में वैज्ञानिक डॉक्टर शंभूनाथ डे ने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शोध करके कॉलरा टॉक्सिन की खोज सन 1946 में की थी। टॉक्सिन को निरस्त या बे-असर करने के लिए आगे जो कुछ हुआ उसकी नींव इन्हीं के काम पर रखी गई है। बेंगलुरु की इंडियन अकादमी ऑफ़ साइंसेज ने अपने 'करंट साइंस' जर्नल का जुलाई, 1990 का एक अंक डॉक्टर शंभूनाथ दे और कॉलरा टॉक्सिन की खोज और संबंधित सामग्री के प्रकाशन के लिए समर्पित किया था।

अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं। ऐसा इसलिए कि वर्तमान में उपलब्ध वैक्सीन दीर्घकाल तक हैजा फैलाने वाले विषाणु के सभी विभेदों के विरुद्ध इम्युनिटी प्रदान नहीं करती।

प्रसंगवश

गुड फ्राइडे: ईसा को याद करने और खुद को तराशने का दिन

ईसा कहते हैं,"बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे।



हफीज किदवई
लेखक

उन्होंने कहा कि अपने ही कंधों पर इस सलीब को खींचकर ले चलो। वह अपने कंधों पर नंगे पैर इस सलीब को खींचकर ले जाने लगे, नंगे पांव को नुकीले कंकर और कांटे चूमने लगे। उन्हें सलीब पर बांधा गया। हथेलियों को कीलों से सलीब पर रोका गया। फिर सलीब को खड़ा किया गया। वह शरीर जो सलीब से टांक दिया गया था, हवा में झूल उठा। उनके सिर पर कांटों का मुकुट पहनाया गया और यह सब करने वाले उन पर हंस रहे थे।

उनकी मृत्यु को हल्का किया जा सके,उसे त्याग की श्रेणी में रखा न जाए,इस योजना के तहत उनके दोनों तरफ दो चोरों को भी सूली पर लटकाया गया,ताकि यह केवल राजदंड लगे और तीनों अपराध की श्रेणी में आए मगर हुआ क्या।

सूली पर बीच में झूलता शरीर आखिरी बार बुदबुदाया। ईश्वर से प्रार्थना की,इन्हें माफ कर देना, यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं और आंखें बंद होने लगीं। उस सलीब पर से खून से रिसते होठों से जो प्रार्थना निकली, उसने पूरी राजशाही के ही नहीं,बल्कि पूरी सभ्यता के पांव उखाड़ दिए और दुनिया को संदेश दे दिया कि विचार के लिए मृत्युदंड नहीं,बल्कि पुरस्कार है। सत्य, न्याय और भाईचारे के मार्ग पर चलना,मृत्यु को अपना दोस्त मानकर चलना है, इन विचारों को जिंदा रखने के लिए मरना पड़ता है।

वह दिन तो गुड फ्राइडे या कहिए ग्रेट फ्राइडे था। अब बताइए दो चोरों के साथ उस शरीर को मिटा देने वालों ने कभी सोचा था कि उनके शहर से हजारों किलोमीटर दूर,जंगलों में,पहाड़ों में, रेगिस्तानों में, बर्फ में, भयंकर गर्मी में,भयंकर बारिश में भी उस ईसा को आज भी याद किया जाएगा और उनको कष्ट देने वालों का नाम लेवा भी नहीं होगा,जो भी उन्हें याद करेगा,बदबख्त कहकर याद करेगा और ईसा को,ईसा तो घर-घर पहुंच गए।

मैं अक्सर सोचता हूं कि यदि उस दिन ईसा के समर्थकों ने भयंकर विरोध करके ईसा को बचा लिया होता। रोते हुए वह मंजर चुपचाप न देखा होता,तो क्या होता। तब दुनिया कैसे मृत्यु के महान को पाती,तब कैसे विचारों के लिए त्याग के नए दरवाजे खुलते। ईसा मसीह ने बतला दिया कि यदि विचार शुद्ध, सत्य और न्यायसंगत हैं और मानवता के कल्याण के लिए है तो अपनी मृत्यु की चिंता मत करना,बल्कि उन विचारों को फैलाना, क्योंकि ईश्वर की यही मंशा है।

गुड फ्राइडे ईसा के त्याग को याद करने का दिन और खुद को तराशने का दिन है। तुम मृत्यु से मत डरो,तुम दंड से मत डरो,तुम मुंह फेरती भीड़ से मत डरो,तुम अपने समर्थकों की खामोशी से मत डरो, तुम अकेलेपन से मत डरो, तुम बदनामी से मत डरो, तुम डरो, खूब डरो की कहीं प्रेम मार्ग, कहीं न्याय मार्ग,कहीं अहिंसा मार्ग, कहीं मानवता,कहीं संवेदनशीलता के मार्ग से डिग न जाओ, इससे डरो।

ईसा कहते हैं,"बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे। भले ही वह बहुत कम लोग हों,मगर यह रास्ता तो अब नहीं छूटने का,गुड फ्राइडे का मंत्र तो अब जीवनपर्यंत रहना है...

चुनौती बनता मानसिक अवसाद

सीमा अग्रवाल
मेरठ

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव,हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी न होना और शारीरिक सेहत से नहीं होता,बल्कि स्वास्थ्य सामाजिक, मानसिक और शारीरिक तीनों से जुड़ा है। इन तीनों में जहां भी व्यक्ति कमजोर है वहां वो अस्वस्थ माना जाता है। उसे सेहतमंद नहीं कह सकते। अच्छी सेहत वाला व्यक्ति वो है,जो इन सभी मानकों पर खुश है और हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है,जो जीवन में सामान्य तनावों का सामना करने में सक्षम है। उत्पादक तरीके से काम करता है। अपने समुदाय में योगदान देने में तैयार है। दरअसल मानसिक स्वास्थ्य का संबंध इंसान के भावनात्मक पहलू से है,जो उसके सोचने, समझने, कार्य करने की शक्ति को प्रभावित करता है।

यूं तो मानसिक विकार कई तरह के होते हैं। मसलन डिमेंशिया,तनाव, चिंता, भूलना, अवसाद, डिस्लेसिया आदि,लेकिन इन सभी में अवसाद ऐसा मनोविकार है जिससे पूरी दुनिया त्रस्त है। हर आयु-वर्ग का व्यक्ति आज मानसिक अवसाद के दौर से गुजर रहा है। इस अवसाद के तमाम कारण सामने आ रहे हैं। डब्लूएचओ के अनुसार पिछले एक दशक में तनाव और अवसाद के मामले में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत की करीब 6.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत आबादी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी मेंटल हेल्थ के मुद्दे के प्रति न्यायपालिका को संवेदनशील होने पर जोर देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को वनसाइज फिट फॉर ऑल के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। अच्छी मेंटल हेल्थ हर व्यक्ति का मानवाधिकार है जिससे उसे वंचित नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि मेंटल स्ट्रेस आनुवांशिक,सामाजिक,आर्थिक, पारिवारिक हर तरह की हो सकती है। इस अवस्था से किसी इंसान को बाहर निकालना आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है जिससे डॉक्टर और विशेषज्ञ भी परेशान हैं।

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव, हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है। एक प्रकार के मनोविकारों का शिकार हो जाता है। ये मनोविकार और नकारात्मकता उसके मन व सेहत दोनों को खराब करती जाती है।

मानसिक अवसाद का बड़ा कारण बेरोजगारी और गरीबी भी है। 2011 की जनगणना के अनुसार देखें तो आंकड़े बताते हैं कि मानसिक रोगों से ग्रस्त करीब 78.62 प्रतिशत लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। ये आंकड़े इशारा करते हैं कि युवाओं में तेजी से मानसिक अवसाद फैल रहा है। डब्लूएचओ ने 2013 में मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के बराबर महत्व देते हुए वर्ल्ड हेल्थ एसेंबली में एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य कार्ययोजना को मंजूरी दी थी,जो 2013-2020 तक के लिए थी। इस कार्ययोजना में सभी देशों ने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कसम खाई थी। भारत ने भी इस कार्य योजना को अपने यहां लागू किया था,लेकिन आज भी भारत में मानसिक स्वास्थ्य के हालात भयावह हैं। डब्लूएचओ के अनुसार साल 2011 में भारत में मेंटल इलनेस से पीड़ित प्रत्येक एक लाख रोगियों के लिए 0.301 मनोचिकित्सक और 0.07 मनोवैज्ञानिक थे। यह हालत पिछले दस सालों में बहुत बेहतर नहीं हुई है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2017 में भारत की विशाल जनसंख्या के लिए मात्र पांच हजार मनोचिकित्सक और 2000 से भी कम मनोवैज्ञानिक थे।

पिछले दिनों डब्लूएचओ ने आगाह किया कि 2024 तक भारत की 20 प्रतिशत से भी अधिक आबादी मानसिक रोगों से पीड़ित होगी। आश्चर्यजनक बात यह है कि मानसिक रोगियों की इतनी बड़ी संख्या के बाद भी भारत में इसे एक रोग के रूप में पहचान नहीं मिल पाई है। यही इसके निदान में चुनौती है। मानसिक विकारों के प्रति भारत में जागरूकता की बहुत कमी है। जागरूकता के इसी अभाव और अज्ञानता के कारण लोगों द्वारा किसी भी प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य विकार से पीड़ित व्यक्ति को मंदबुद्धि मान लिया जाता है।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकारों से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियां भी एक बड़ी चुनौती है। भारत में यदि कोई व्यक्ति एक बार किसी मानसिक रोग से ग्रसित हो जाता है तो जीवनभर उसे समाज में बड़े मुश्किल माहौल, हालातों में जीना पड़ता है। उसका समाज की मुख्यधारा में जुड़ना बहुत कठिन हो जाता है। बहरहाल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर स्थिति में लाने के मार्ग में बहुत चुनौतियां हैं,पर एक सही जागरूकता अभियान से इस स्थिति को सुधारा जा सकता है।

सोशल फोरम

निडर बनाता है प्रेम

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

मेरा अपना अनुभव है कि जीवन में सबकुछ पहले से निश्चित होता है, वरना अगर मैं गांधी से पहले भगत सिंह को पढ़ी होती तो कम से कम मेरी जीवन यात्रा कुछ और होती। खेतों में पौधे रोपते हुए नन्हें भगत से जब उनके पिता ने पूछा 'क्या कर रहे हो भगत?'तो उन्होंने जवाब दिया कि 'बंदूकें बो रहा हूं पिताजी।'ये बात एक छोटे से अध्याय में बचपन में हम सभी ने पढ़ी थी। इससे ज्यादा कुछ उनके विचारों के बारे में मैंने न जाना न जरूरत समझी,जब तक कि एक उन पर लिखी वो एक किताब नहीं पढ़ी थी। पढ़ते हुए उनकी संवेदनशीलता से परिचय हुआ।

मुझे भगत सिंह से इतना प्रेम हो गया था कि मैं उनसे संबधित जो भी मिले सब पढ़ना चाहती थी और पढ़ा भी। 'सीने पर जो जख्म है,सब फूलों के गुच्छे हैं।/ हमें पागल ही रहने दो, हम पागल ही अच्छे हैं।' भगत सिंह की ये पक्तियां मुझे उन पर सटीक लगती थीं। किताब में कहीं नहीं लिखा था कि उनके और दुर्गा भाभी के बीच कोई संबंध था,पर मुझे उसे पढ़कर ये महसूस हुआ कि ये प्रेम तो बेहद सहज और आवश्यक था। वो लोग बेहद नजदीक थे,प्रेम जब दो विचारवान लोगों के बीच होता है तो ज्यादातर उनके मिशन एक ही होते हैं और इस बहाने वे एक दूसरे का साथ पा लेते हैं,करीब रहने के बहाने ढूंढ लेते हैं।

उनका हैट वाला लुक भी उन्हें दुर्गा भाभी ने दिया था। दरअसल सांडर्स को मारने के बाद भगत सिंह और राजगुरु दो दिन के लिए भूमिगत हो गए। दो दिनों बाद वे लोग छिपते-छिपाते लाहौर में दुर्गा भाभी के घर पहुंचे। वहां ही योजना बनी कि उन्हें कलकत्ते भेज दिया जाए, क्योंकि पुलिस हर चप्पे पर थी,इसलिए दुर्गा भाभी ने उनका लुक चेंज करवाया। सूट और हैट में किसी बड़े अधिकारी की तरह और अपने बेटे के साथ उनकी पत्नी बनकर साथ में गईं और राजगुरु नौकर बनकर सामान लेकर गए। उन्हें पढ़ते हुए मैं बेहद आश्चर्य में रहती थी कि इतनी कम उम्र में किसी के पास इतना ज्ञान कैसे हो सकता है? वास्तव में ज्ञान ही हमें प्रेम करना सिखाता है,प्रेम का अर्थ बताता है कि प्रेम सच में एक इंसान की कमजोरी है,अगर वो सच में इंसान है तो प्रेम अवश्य जानता होगा और प्रेम भी हमें निडर बनाता है।

-फेसबुक वॉल से

गोविंदगढ़ अखाड़ा और ब्रज संगीत की विदाई की बेला

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन।

मथुरा में चतुर्वेदियों में उनकी जाति संस्कृति में ब्रज रचा-बसा है। समूची जाति ब्रजभाषा में सोचती है, उसके संस्कारों और आदतों में डूबी रहती है। इस संस्कृति का सबसे शानदार पहलू है होली के बाद तकरीबन एक सप्ताह तक चलने वाला अखाड़ा संगीत। इस संगीत के आयोजन ढोल फूल के मेले तक आगामी दो-तीन दिन तक चलेंगे।

होली के बाद के पहले सप्ताह में जो भी परिवार बुलाता है ये लोग उसके दरवाजे पर जाकर गली में खड़े होकर गाते हैं। सुनने वाले गली और ऊपर की मंजिल से छतों-खिड़कियों में खड़े होकर इसका आनंद लेते हैं। इस संगीत में कोई स्टेज नहीं बनती। बिना स्टेज के कार्यक्रम होता। स्टेज या मंच को कब उन लोगों ने गली के जरिए अपदस्थ कर दिया यह ठीक से बताना मुश्किल है,लेकिन स्टेज का अंत सबसे बड़ा सामंती व्यवस्था विरोधी कदम था। पहले स्टेज और पर्दे दो बहुत बड़ी चीजें थीं,जो कलाओं की प्रस्तुति के समय नजर आती थी।

चौबों में मोहन बाग,गिरधर वाली,गोविंदगढ़, बुदुउआ,चौबच्चा,चूढ़ागढ़ ये अखाड़े थे। इनमें से अधिकांश खत्म हो गए हैं। अब सिर्फ गोविंदगढ़ अखाड़ा बचा है। होली के बाद तीन दिनों तक चौपाइयां चलती हैं। इसे स्ट्रीट संगीत कहना समीचीन होगा। अखाड़ा गायन संस्कृति (चौपाई) वस्तुतः ब्रज का स्ट्रीट संगीत है। होली के बाद इस संगीत की टोलियां चौबिया पाड़े में निकलती हैं और उनके यहां कार्यक्रम पेश करती हैं जिनके घर कोई शुभ कार्य हुआ है। मसलन जिनके शुभ कार्य हुआ है,वे लोग उनको निमंत्रित करते हैं और आमंत्रित व्यक्ति के घर पूरी टीम के साथ आते हैं,उसके दरवाजे के बाहर ब्रज के स्वरचित गीतों को गाते हैं।

इस गायन मंडली और गायनशैली की विशेषता है कि उसमें कार्यक्रम गली में ही खड़े-खड़े सुनना होता है। गाने वाले और सुनने वाले खड़े रहते हैं। आसपास के स्त्री-पुरुष-युवा सभी इसमें शिरकत करते हैं, सुनते हैं। आम तौर पर गायन का दर्शकगण अनुकरण करते हैं। इसमें मुख्य टीम में एक सूत्रधार रहता है,जो टीम का नेतृत्व करता है। प्रतिदिन दो से तीन कार्यक्रम यह टीम पेश करती है। इस टीम का सबसे शानदार पक्ष ब्रजभाषा और ब्रज के गीत का शास्त्रीय और अर्द्ध-शास्त्रीय रूप है। नगाड़ा, ढोलक और मंजीरा इन तीन वाद्ययंत्रों का कलात्मक-पेशेवर ढंग से उपयोग करते हैं। ये लोग हर साल कुछ नए गीत जरूर लिखते हैं। यह काम तकरीबन 150 से अधिक सालों से कर रहे हैं। इनके सभी गीत ब्रज के लोकगीत हैं। ये सभी मौलिक होते हैं। इनकी धुनें भी मौलिक होती हैं। इनकी रचनाएं सामूहिक सृजन हैं। कहने को कोई एक व्यक्ति लिखता है,लेकिन ये अपने गीतों को सामूहिक रचना के तौर पर,अखाड़े के नाम से पेश करते हैं। इनके गीतों पर फिल्मी संगीत और लय का कोई असर नजर नहीं आएगा। इस अर्थ में ये फिल्मी पैरोडी के प्रभाव से ब्रज के लोक संगीत और गीतों को बचाए हुए हैं। जबकि हकीकत यह है कि अधिकांश ब्रज का लोक संगीत फिल्मी असर में आकर विकृतिकरण और बेसुरेपन का शिकार हो चुका है। बड़ी संख्या में कान फोड़ु ब्रज संगीत और बेसुरे गायकों की टोलियां फल-फूल रही हैं।

अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन। सबसे दिलचस्प बात यह है कि अखाड़ा संगीत पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष संगीत है। गीतों में कृष्ण, राधा आदि का जिक्र मिलेगा,लेकिन संगीत में,कला में धर्म का रुपांतरण उसे धर्म नहीं रहने देता। ब्रज संगीत-गीत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र की बुनियादी विशेषता है,पूंजीवादी और धार्मिक तर्कों का कला में अस्वीकार। अखाड़ा संगीत का कोई संरक्षक नहीं है। इसका न तो कोई धर्म-संत-महंत संरक्षक है,न कोई सामंत संरक्षक है और न कोई अमीर संरक्षक है और न ही कोई राजनीतिक दल ही इनका संरक्षक है। इस संगीत के सर्जक और संरक्षक हैं अखाड़े के कला सर्जक गायक-संगीतकार आदि। अखाड़ा संगीत की गायन मंडली पैसे के लिए,राजनीतिक प्रचार के लिए, धार्मिक प्रचार के लिए संगीत पेश नहीं करती,बल्कि इसकी रुचि है ब्रज संगीत-गीत की मौलिक सृजन परंपरा को बनाए और बचाए रखना।

अखाड़ा संगीत के कलाकारों को आमतौर पर मीडिया में कोई खास कवरेज नहीं मिलती,इनके कार्यक्रमों में गली-मुहल्ले में रहने वाले सैंकड़ों सामान्यजन जिनमें अधिकतर चतुर्वेदी ही होते हैं। वे श्रोता के रूप में भाग लेते हैं। इन दिनों पर चौपाई परंपरा अपनी अंतिम सांसें ले रही है। अधिकतर अखाड़े खत्म हो गए हैं। अखाड़ों के खत्म होने पर चौबों को कोई तकलीफ भी नहीं है,क्योंकि अधिकतर लोग पूंजीवादी उद्यमशीलता और पूंजीवादी मूल्यबोध की गिरफ्त में आ चुके हैं। इसने इनके अंदर की सांस्कृतिक भूख और उसे पूरा करने के भावबोध को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

बायोडीजल के उपयोग से रोका जा सकता है प्रदूषण

राष्ट्रीय सेमिनार के आखिरी दिन विद्वानों ने प्रस्तुत किए शोधपत्र

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। तिलक महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भारतीय पेट्रोलियम संस्थान देहरादून के वैज्ञानिक डॉक्टर राजकुमार ने कहा कि बायोडीजल के उपयोग से ही पर्यावरण में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पैट्रोलियम इंडस्ट्री द्वारा 54 प्रतिशत गैस वायुमंडल में छोड़ी जाती हैं। जिससे पर्यावरण की बहुत हानि होती है। उन्होंने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि विभाग द्वारा बायोडीजल, बायो जेट जैसे पेट्रोलियम पदार्थ तैयार किया जा रहे हैं। जिससे वातावरण में हानिकारक गैसों का प्रभाव कम हो सके। वही पैट्रोलियम इंडस्ट्री में भी इसका उपयोग किया जा रहा है।

भारतीय पेट्रोलियम संस्थान लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा है। दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने करते हुए कहा कि यह सेमिनार जिस विषय पर आयोजित किया जा रहा है। बाहर से आए वैज्ञानिक व शिक्षाविद द्वारा अपने शोध पत्र में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की जा रही है। मुल्तानी मोदी कॉलेज मोदीनगर के प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सक्सेना ने ग्लोबल वार्मिंग व क्लाइमेट चेंज पर अपना पेपर प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्तमान में दलहन फसलों पर टेंपरेचर का प्रभाव अत्यधिक दिखाई देता है। कई दलहन फसले ऐसी हैं जो 45 डिग्री सेल्सियस पर भी अच्छी तरह कार्य करती हैं। हमें उनका उत्पादन करना चाहिए जिससे अच्छी उपज प्राप्त हो सके।

दूसरे दिन सेमिनार में एक दर्जन से अधिक शिक्षकों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर आईक्यूएसी के समन्वयक डॉक्टर सियाराम, संयोजक पीवी सिह, आयोजन सचिव डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉक्टर प्रीति वाधवानी, डॉक्टर अल्केश गुप्ता, डॉक्टर अरविंद सिंह, डॉक्टर गौरव अग्रवाल, डॉक्टर सुयश शुक्ला, डॉ. अनुपम बिरला, डॉक्टर अनुपमा वर्मा, डॉ. अनीता परिहार सहित अन्य लोगों ने योगदान दिया। अंत में प्रदूषण को कम करने के उपायों पर विभिन्न सुझाव के बाद सेमिनार का अंत हुआ।

सेमिनार के दौरान जानकारी देते वक्ता। अमृत विचार

तुगलकाबाद में रेल पटरी पर मिला युवक का शव

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- फफूंद थाना के आशा का पुरवा पहुंचा शव, हत्या का अंदेशा
- मकानों में कांच लगाने का काम करता था अंकित

अमृत विचार। फफूंद क्षेत्र के एक गांव निवासी दिल्ली में काम कर रहे युवक का छत विक्षत शव तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के पास पटरियों पर मिला, शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया पिता ने एक महिला और एक युवक द्वारा पुत्र की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की है।

फफूंद थाना क्षेत्र के गांव आशा का पुरवा निवासी उमेश चंद्र शर्मा का 25 वर्षीय पुत्र अंकित शर्मा दिल्ली के संगम बिहार में रहकर मकानों में कांच लगाने का काम करता था। पिता उमेश चंद्र ने बताया की बीते बुधवार को वह अपनी चाची रूबी चौधरी को एक लाख रुपये देने प्रहलादपुर जाने की कहकर घर से निकला था। देर शाम तक वह घर वापस नहीं आया। रात आठ बजे पुलिस ने सूचना दी की उनके पुत्र का शव निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के नजदीक पटरियों पर पड़ा पाया गया।

परिजनों ने पुत्र की हत्या का अंदेशा जाहिर करते हुए पुलिस से न्याय मांगा। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को युवक का शव गांव पहुंचा तो परिजन रो उठे। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

मृतक अपनी चार बहनों में इकलौता भाई था। पिता ने बताया की उनके पुत्र की हत्या की गई है जिसमे चाची और उसके साथी शामिल हैं। दिल्ली में थाने में तहरीर दे चुके हैं। गांव से वापस जाकर कार्रवाई कराएंगे।

बहन की शादी में किसी बात से नाराज भाई ने फांसी लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भीखमपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

मोहल्ला भीखमपुर निवासी जीवन लाल की पुत्री की शादी जरुहौलिया रोड स्थित एक गेस्ट हाउस से थी। सभी परिजन रात्रि में गेस्ट हाउस में ही शादी समारोह में शामिल थे। इस दौरान युवती का भाई गोपाल किसी बात से नाराज होकर अपने घर चला आया और उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब काफी देर तक वह गेस्ट हाउस नहीं पहुंचा तो परिजनों को मामले की जानकारी हुई। इस पर परिजन घर देखने आए तो देखा कि गोपाल फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। आनन फानन में जानकारी गेस्ट हाउस में मौजूद लोगों को दी गई। सूचना पाकर पहुंचे लोगों ने उसे औरैया के 50 शैया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बता दें गोपाल के एक पुत्री एवं दो पुत्र हैं तथा वह पल्लेदारी का काम करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी बहन प्रीति का विवाह मुरादगंज के समीप स्थित गांव डोरी का पुरवा से हुआ था। जिसकी बारात 28 मार्च को आई हुई थी। वही फांसी की सूचना मिलते ही आनन-फानन में परिजनों ने विदा कराई और शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

रिपोर्ट दर्ज करने के टेस्ट में पास हुई अयाना पुलिस

औरैया। लूट की घटना में रिपोर्ट दर्ज करने को लेकर पुलिस की सक्रियता देखने के लिए गुरुवार शाम को सीओ झांसी ने अयाना थाना पुलिस का टेस्ट लिया। इसमें मौके पर पुलिस के पहुंचने से लेकर रिपोर्ट दर्ज करने के रिस्पांस टाइम को देखा गया। बाद में सीओ ने मुकदमा खारिज कर दिया। गुरुवार शाम सात बजे बांदा के पिलानी थाना क्षेत्र के खपटिया गांव निवासी प्रहलाद ने 112 पर पुलिस को सूचना दी कि बाइक सवार दो युवकों ने अयाना-मुरादगंज मार्ग पर जसवंतपुर स्थित पेट्रोल पंप पर उसके पांच हजार रुपये व एक जंजीर लूट ली है। घटना की जानकारी मिलने के पांच मिनट बाद 112 की टीम मौके पर पहुंची। वहीं सूचना मिलने पर टकपुरा नहर पुल पर चेकिंग कर रहे अपराध निरीक्षक भी 15 मिनट में टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पीड़ित से जानकारी लेने के बाद एक टीम लुटेरों की तलाश में जुट गई। वहीं पुलिस ने आनन-फानन में पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज की। इसके कुछ देर बाद थाने पहुंचे झांसी के सीओ प्रदीप कुमार ने घटना को पुलिस की सतकर्ता का निरीक्षण बताकर ट्रायल मुकदमे को खारिज कर दिया। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने में अयाना थाना पुलिस का रिस्पांस अच्छा रहा।

रात-दिन बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

अमृत विचार। तमाम प्रयासों के बावजूद बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा है। समस्या को लेकर उपभोक्ता जहां मुश्किल में हैं, वहीं, बिजली विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। ग्रामीण अंचलों में दिन और रात में हो रही अघोषित कटौती व ट्रिपिंग से उपभोक्ता बेहाल हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में 18 से 20 घंटे विद्युत आपूर्ति किए जाने का शेड्यूल है, लेकिन स्थानीय विद्युत उपकेंद्रों से दिन में घंटों आपूर्ति ठप कर दी जाती है। इलेक्ट्रानिक दुकानदारों, कामर्शियल उपभोक्ताओं, ई-रिक्शा चालकों के कारोबार पर विपरीत असर पड़ रहा है। पेयजल की आपूर्ति भी प्रभावित होती है। वहीं, सब्जी की खेती पर भी कटौती का असर पड़ रहा।

घंटों बिजली गुल रहने से किसान सिंचाई ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। असेनी विद्युत केंद्र से संचालित नोगवा फीडर में अक्सर खराबी के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। चार से पांच घंटे तक विद्युत कटौती किए जाने से चुनिंदा घरों में लगे इन्वर्टर भी जवाब देने लगते हैं। इसके चलते उपभोक्ताओं खासकर बच्चों व बुजुर्गों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में एसडीओ अनुराग पांडेय ने बताया जल्द बिजली व्यवस्था सुचारू कर दी जाएगी।

करें इबादत, मगफिरत की मांगें दुआएं : मौलाना

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- रमजान मुबारक के तीसरे जुमे पर नमाजियों से भरीं मस्जिदें

अमृत विचार। रमजान मुबारक महीने का दूसरा अशरा चल रहा है। रोजे की हालत में ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत करें मगफिरत की दुआए मांगें और दिल खोलकर गरीबों की मदद करें। यह बात तरीन स्थित मदीना मस्जिद में मौलाना अदील ने जुमे की नमाज में बयान की।

रमजानुल मुबारक के तीसरे जुमे पर तरीन स्थित मदीना मस्जिद में माहे रमजान की अहमियत और फ़ज़ीलत पर रोशनी डालते हुए मौलाना अदील ने बताया कि जब यह मुबारक महीना आता है, तो अपने साथ हजारों नेमतों और बरकतों को लेकर आता है। पहला अशरा रहमत का गुजर चुका है। इस वक्त दूसरा अशरा मगफिरत का चल रहा है, जिसमें अल्लाह अपने बंदों की मगफिरत फरमाता है। ज्यादा से ज्यादा वक्त अल्लाह की इबादत में गुजारते हुए कुरान पाक की तिलावत करें कसरत के साथ इस्तगफार और दुरूद शरीफ पढें कि ये एक बहुत ही मकबूल व महबूब इबादत है। साथ ही कलमा शरीफ व दूसरी तसबीहात भी पढ़ते रहें और अल्लाह से मगफिरत की दुआ करें। उन्होंने मुसलमानों से अपील की और कहा कि इस मुबारक महीने में गरीबों, मोहताजों और मजलूमों की भरपूर मदद करें। कस्बे के आस्ताना आलिया समदिया और दरगाह बुखारी साहब में भी जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान मस्जिदें नमाजियों से भरी नजर आई।

नमाज अता करते नमाजी। अमृत विचार

मुस्तैद रही पुलिस

औरैया। गुरुवार की रात बांदा मेडिकल कॉलेज में बीमारी के चलते माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसको लेकर शुक्रवार को मस्जिदों में होने वाली नमाज को शांति पूर्वक तरीके से कराने के लिए पुलिस मुस्तैद रही। सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा ने अयाना व सेंगनपुर में रूटमार्च कर मस्जिदों को भी देखा। वहीं, एसपी चारु निगम ने जिलेवासियों से शांति व्यवस्था कायम रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की अराजकता की गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

ट्रैक्टर के नीचे दबी बाइक। अमृत विचार

भूसा लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर

अछल्दा, औरैया। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर बुधवार को शाम 7 बजे के लगभग अछल्दा से महेवा की तरफ जाते समय लिधौरा बम्बा पुलिया पर एक ट्रैक्टर ने बाइक पर सवार दिलासाराम पुत्र विशम्भरदयाल निवासी गांव बहलालेपुर थाना सहायल को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया व उसकी बाइक ट्रॉली के नीचे जाकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस में घायल को सीएचसी अछल्दा में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत में चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया। थाना इंचार्ज रवि श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

चौपाल को संबोधित करते राज्यमंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

राज्यमंत्री ने विभिन्न गांवों में किया जनसंपर्क

बिधूना, औरैया। बिधूना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को उप्र सरकार के समाज कल्याण (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री असीम अरुण ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर आयोजित चौपाल में आगामी लोकसभा चुनाव में फिर से मोदी सरकार चुनने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा चलायी जा रही जनहितकारी योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सुब्रत पाठक को पुन: एक बार जिताकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनवाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बेला बस्ती, सैदपुर (लखुनो), अंबेडकर पार्क पूराकला, सबलपुर, औरों में ग्रामीण जनता से जनसंवाद किया। उन्होंने गांवों में बनी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया। जिला पंचायत अध्यक्ष कमल सिंह दोहरे, बिधूना विधानसभा की प्रत्याशी रही एवं सांसद प्रतिनिधि रिया शाक्य, विधूना विधानसभा संयोजक एवं जिला पंचायत सदस्य वासुदेव प्रजापति, अशोक दोहरे, सुंदर लाल दोहरे, शिव कुमार, विजय कुमार, अशोक कुमार, पृथ्वीराज दोहरे, उदयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। सहार ब्लॉक के कस्बा कंचौसी बाजार में वार्ड नंबर 9 के अंतर्गत घनी बस्ती में रहने वाले लोगों का कहना है कि कई वर्षों से नाली का निर्माण न होने के कारण यहां पर जल भराव होने से भीषण गंदगी का अंबार है। मच्छरों और विषैले कीटाणुओं का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि लोगों का रात में सोना भी दुश्वार है। वर्षों से इस वार्ड में न तो कोई सफाई की गई और नही ग्राम पंचायत की ओर से सफाई कर्मी की व्यवस्था की गई।

हैरत की बात तो यह है कि यह गंदगी का प्रकोप वर्तमान ग्राम प्रधान के घर के पीछे का है। इस बस्ती में रहने वाले अधिकांश लोग मजदूर अथवा छोटे किसान हैं। बस्ती के लोगों का कहना है कि कई बार ग्राम प्रधान से सफाई और नाली के निर्माण कराने के लिए कहा गया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। बस्ती के लोग अत्यंत भयभीत और चिंतित है कि इस गंदगी के कारण बस्ती और आसपास जानलेवा बीमारी न फैल जाए। बस्ती के लोगों ने शीघ्र ही शासन प्रशासन से मांग की है कि सर्व प्रथम यहां साफ सफाई करवाकर कीट नाशक दवा का छिड़काव करवाया जाए।

- अभी तक नहीं कराया गया नाली का निर्माण

फैली पड़ी गंदगी। अमृत विचार

गंगा नहाने गया युवक डूबा 24 घंटे बाद भी सुराग नहीं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- गुरुवार को नहाते समय गंगा के गहरे पानी में डूबा था युवक

अमृत विचार। अचलगंज थानांतर्गत बलाई गांव निवासी अपने मौसा के घर आया युवक बीते गुरुवार गंगा नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया था। गोताखोरों के प्रयास के बाद भी 24 घंटे से अधिक समय बीतने पर भी पता न लगने से परिजन बेहाल हैं।

सैदपुर गांव निवासी पुतान रैदास का 19 वर्षीय बेटा जीतू गुरुवार को अचलगंज थानाक्षेत्र के बलाई गांव निवासी अपने मौसा बुद्धीलाल के यहां होली मिलने आया था। जहां से शाम चार बजे मौसेरे भाई अंकुश के साथ बलाई गांव में बने घाट पर गंगा नहाने गया था। उसका पैर गहरे पानी में चला गया। उसे डूबते देख भाई अंकुश गांव पहुंचा और घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर परिजन व ग्रामीण दौड़े और गंगा में छलांग लगाकर उसे खोजने का प्रयास किया। एसओ अचलगंज फोर्स के पहुंचे लेकिन, रात होने से उसकी तलाश नहीं की जा सकी। शुक्रवार एसओ संजीव कुशवाहा के साथ बीघापुर पुलिस ने गोताखोरों को बुलवाकर कई किमी तक जाल डलवाकर युवक की तलाश कराई। लेकिन, समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं लग सका था। एसओ ने बताया कि लापता युवक की तलाश कराई जा रही है।

गश्त के दौरान पुलिस ने पकड़े चार शातिर

नवाबगंज उन्नाव। अजगैन पुलिस ने बीती रात गस्त के दौरान हाईवे स्थित चमरौली आश्रम के पास पेड़ के नीचे खड़े चार संदिग्धों को देखा तो गाड़ी रोककर उनसे पूछताछ शुरू की। जामातलाशी में उनके पास चार तमंचा, कारतूस व 520 रुपये और मोबाइल बरामद हुए। कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि पकड़े गये लोगों में शिव सरोज पुत्र शिवधार सिंह निवासी शाह नगर फतेपुर चौरासी, अभिमन्यु पुत्र रामकरन यादव निवासी लक्षीखेड़ा आसीवन, मुकेश पुत्र रामेश्वर निवासी रामपुर सफीपुर व दिनेश पुत्र श्रीपाल रामपुर निवासी सफीपुर हैं। चारों के विरुद्ध अजगैन समेत अन्य थाना-कोतवाली में मुकदमे दर्ज हैं। रिपोर्ट दर्ज कर सभी को कोर्ट में पेश किया गया है।

धर्म-अध्यात्म | नगर के बघाकटरा मोहल्ले में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

हमें परमात्मा के प्रति समर्पित होना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। नगर के बघाकटरा मोहल्ले के एक गेस्ट हाउस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को आचार्य केशवम अवस्थी द्वारा भागवत का वाचन हुआ। महाराज ने कहा कि संसार के लोग हमें नहीं चाहते हमसे चाहते है, जबकि परमात्मा हमसे कुछ नहीं चाहता हमें परमात्मा के प्रति समर्पित होना चाहिए उसके बाद शुक देव के जन्म की कथा सुनाई।

उसके उपरांत दुर्याधन के मृत्यु की कथा सुनाई और कहा कि दुर्याधन भी जब मरा तब उसे परिवार की ही याद आई और कहा कि खून के रिश्तों में कितनी भी दूरियां आ जाएं पर वो कभी अलग नहीं किए जा सकते। मरते समय दुर्याधन को भी अपने परिवार की बहुत याद आई और दूसरी तरफ अश्वत्थामा के द्वारा द्रोपदी के पांच बच्चो की हत्या कर दी गई फिर भी द्रोपदी ने अश्वत्थामा को क्षमा कर दिया क्यों की भारत की नारी सदा से ही त्याग और संघर्ष की पराकाष्ठा रही है। महाराज ने कहा अगर हम भगवान् को सुख और दुःख दोनों में याद करें तो सुख दुख होंगे ही नहीं।

कथा सुनाते आचार्य केशवम अवस्थी।

श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ रहे श्रद्धालु

फफूंद, औरैया। ग्राम विजयपुर नगला पाठक में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के मौके पर प्रवचन करते हुए कथा वाचक पं. रमाकांत शरण ने गोवर्धन पूजा की कथा का मार्मिक वर्णन किया। कहा कि इंद्र का घमंड तोड़ने के लिए प्रभु श्री कृष्ण ने बाल्यावस्था में ही इंद्र के स्थान पर गोवर्धन पूजा कराई जिससे नाराज इंद्र ने ब्रज में मूसलाधार बारिश के साथ प्रलय मचाई। जिससे ब्रज के जन मानस पशु पक्षी बेहाल हो गए। इस पर श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर और उसके नीचे बृजवासियों पशु पक्षियों को बैठक उनकी रक्षा की। कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण पुराणों में सर्वश्रेष्ठ है इसके श्रवण मात्र से मानव का कल्याण हो जाता है। उन्होंने कहा कि बिना गुरु के मोक्ष की कल्पना नहीं की जा सकती है। भगवताचार्य ने कहा कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई दूसरा पुण्य नहीं है। कथा के विश्राम पर आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। रीना व राजेश कुमार नायक, कार्यक्रम आयोजक दिनेश नायक, विष्णु नायक, मुलायम सिंह, प्रकाश सिंह, जितवार सिंह, मान सिंह आदि मौजूद रहे।

कथा सुनाते आचार्य रमाकांत शरण।

ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान पार

बिधूना, औरैया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा के सूरजपुर निवासी ज्ञानसिंह पुत्र रामस्वरूप ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह अपने निजी कार्य के लिये गांव गया था। जबकि घर पर काई मौजूद नहीं था। तभी नीरेंद्र कुमार पुत्र चंदनलाल व उसकी पत्नी पूनम निवाली ग्राम हरदू ने उसके घर का ताला तोड़कर घर में रखा समान, कपड़े व आलमारी में रखे 10 हजार रुपये चोरी कर लिए। कहा मोहल्ले के लोगों ने फोन पर उसे घटना की जानकारी दी। उसने मौके पर अपने घर आकर देखा तो मकान का ताला टूटा पड़ा मिला और घर का सामान गायब मिला। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवशयक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

फफूंद थाने में तैनात पुलिसकर्मी ने वर्दी में बनाई रील, वायरल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जनपद में पुलिस की कार के बोनट पर बैठकर रील बनाने का अब ट्रेंड बनता जा रहा है। 15 दिन पूर्व ही पुलिस की सरकारी जीप के बोनट पर बैठकर युवती का रील बनाने का वीडियो वायरल हुआ था। अब पुलिसकर्मी का वर्दी में सरकारी जीप के बोनट पर बैठकर रील बनाने का मामला सामने आया है।

बताते चलें कि उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने एक आदेश जारी किया है। इसके मुताबिक राज्य का कोई भी व्यक्ति वाहनों पर अपनी जाति, नाम, गांव का नाम, ठिकाना और पदनाम नहीं लिख सकेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। अब देखने वाली बात यह है कि फफूंद थाने में तैनात सिपाही विवेक का बुलेट बाइक चलाते हुए रील बनाने का भी वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बुलट में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि जाट लिखा है। जो कि बिना हेलमेट पहने यातायात नियमों की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है।

वहीं, पिछले वर्ष ही सीएम योगी ने ड्यूटी पर पुलिस कर्मियों के सोशल मीडिया पर सक्रिय होने पर आपत्ति जाहिर की थी। ऐसे लोगों पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। पुलिस अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया पॉलिसी जारी की थी, जिसके बाद पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए थे कि वर्दी में किसी प्रकार का वीडियो न तो बनाना है और न ही सोशल मीडिया पर साझा करना है।

थानाध्यक्ष फफूंद गंगादास गौतम ने बताया कि वायरल वीडियो के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक दिगम्बर कुशवाहा जांच कर रहे है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जीप पर वीडियो बनाता पुलिसकर्मी।

दांव-पेच और पाला बदलने का बदलापुर बना आजमगढ़

चीनी मिलों वाला पूर्वांचल का है इलाका इस बार

किसका होगा मुंह मीठा

मुलायम सिंह और अखिलेश यादव यहां से बन चुके हैं सांसद 2022 के उप चुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव ने सपा से छीन ली थी सीट

दिग्विजय सिंह, कानपुर

अमृत विचार। खाटी समाजवादियों का गढ़ रही आजमगढ़ संसदीय सीट पर 2022 में हुए उप चुनाव में जीत दर्ज करने वाले दिनेश लाल यादव निरहुआ पर भाजपा हाईकमान ने भरोसा जताते हुए फिर से चुनाव मैदान में उतार दिया है। गांव-गांव घूम रहे निरहुआ पूरे जोश के साथ राम मंदिर की स्थापना और मोदी की गारंटी के गीत गा रहे हैं। इसके जवाब में उनसे एक बार फिर मुकाबला करने उतरे सपा नेता धर्मेंद्र यादव लोगों को हार का बदला लेने के लिए सौगंध दिला रहे हैं। उन्हें इस बार जीत का भरोसा है, तो उसकी वजह भी है। पिछले चुनाव में उनकी हार की प्रमुख वजह बने थे बसपा उम्मीदवार गुड्डू जमाली। लेकिन अब गुड्डू जमाली सपा में शामिल हो चुके हैं। इस सीट पर 18 लाख से ज्यादा मतदाता हैं। इसमें मुस्लिम और यादव वोटर सर्वाधिक हैं। इन दोनों का आंकड़ा 40 फीसदी से ज्यादा गिना जाता है।

आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के इस्तीफा देने के बाद हुए उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली को दो लाख 66 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। लगभग इतने ही वोट उन्हें 2014 के लोकसभा चुनाव में भी मिले थे, जब वह मुलायम सिंह यादव के खिलाफ चुनाव लड़े थे। उस बार भी गुड्डू जमाली तीसरे नंबर पर रहे थे। दूसरे नंबर पर भाजपा प्रत्याशी रमाकांत यादव थे, जो अब सपा से विधायक बन चुके हैं। अबकी बार गुड्ड्डू जमाली भी सपा के साथ हैं। सपा ने उन्हें एमएलसी बना दिया है। इस कारण समीकरण बदलने की बात कही जा रही है। लेकिन भाजपा ने मोदी के 400 पार संकल्प के चलते इस सीट पर खास फोकस कर रखा है।

पिछले तीन लोकसभा चुनावों में राजनीतिक दलों को मिले मत (प्रतिशत में)



18 लाख से ज्यादा मतदाता इस बार चुनेंगे अपना सांसद

40% से ज्यादा मुस्लिम व यादव मतदाता होने से इस सीट पर एमवाई फैक्टर मजबूत

1984 के बाद नहीं जीती कांग्रेस

- 1952 से 1971 तक कांग्रेस का यह मजबूत गढ़ हुआ करता था, लेकिन 1977 में आपात काल के विरोध में उपजी लहर के कारण यहां से जनता पार्टी के रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि जब 1978 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस की मोहसिना किदवई ने पुन: परचम लहराया लेकिन यह जीत 1980 के चुनाव में बरकरार नहीं रह पाई तब जनता पार्टी सेक्युलर के चंद्रजीत यादव ने यह सीट छीन ली। हालांकि 1984 में कांग्रेस यहां फिर जीती लेकिन इसके बाद से कांग्रेस के उम्मीदवार जीत के लिए तरस रहे हैं।

विधानसभा चुनाव में खूब दौड़ी साइकिल

- यहां की सगड़ी विधानसभा सीट पर हृदय नारायण पटेल तो मुबाकरपुर सीट पर अखिलेश यादव, गोपालपुर से नफीस अहमद और आजमगढ़ सदर से दुर्गा प्रसाद यादव विधायक हैं। इसी तरह मेहनगर सुरक्षित सीट से पूजा सरोज सपा की विधायक हैं। संसदीय क्षेत्र की सभी पांच सीटों पर सपा के ही विधायक हैं।

2009 में पहली बार जीती थी भाजपा

- कई चुनावों तक यह सीट बसपा और सपा के खाते में जाती रही। 1989 के चुनाव में यहां से बसपा के रामकृष्ण यादव जीते थे लेकिन 1991 यह सीट जनता दल के खाते में चली गई थी। जब 1996 में चुनाव हुआ तो सपा के बाहुबली रमाकांत यादव संसद पहुंचे। हालांकि 1998 में बसपा के अकबर अहमद डंपी को यहां जीत मिली पर 1999 और 2004 के चुनाव में यहां से रमाकांत यादव पुन: जीते। हालांकि उनकी सदस्यता खत्म होने के बाद यहां 2008 में उप चुनाव हुआ और बसपा के अकबर अहमद डंपी फिर जीते। 2009 में रमाकांत भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और पहली बार भाजपा यहां जीत दर्ज करने में कामयाब हुई थी। हालांकि 2014 में जब चुनाव हुआ तो रमाकांत यादव सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से चुनाव हार गए थे।

जमाली के जरिए मुस्लिमों को साधने की कोशिश

- रियल स्टेट के बड़े कारोबारी गुड्डू जमाली मुबारकपुर सीट से दोबार विधायक रह चुके हैं। गुड्डू के जरिए सपा ने मुस्लिम मतदाताओं को साधने की कोशिश की है। पार्टी यह मानती है कि 2022 के चुनाव में यदि गुड्डू बसपा से मैदान में न आते तो उप चुनाव में धर्मेंद्र को हार का सामना न करना पड़ता।

अकबर अहमद डंपी को बसपा बना सकती प्रत्याशी

- चर्चा है कि बसपा आजमगढ़ सीट से अपने पूर्व सांसद अकबर अहमद डंपी को प्रत्याशी बना सकती है। डंपी पहली बार 1996 में तिवारी कांग्रेस के टिकट पर आजमगढ़ लोकसभा से चुनाव लड़े थे और हार गए थे। इसके बाद वह बसपा में चले गए। 1998 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा। इस चुनाव में डंपी 5365 वोटों से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे।

संसदीय क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा

- इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इन सभी पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है। बसपा छोड़कर सपा में आए शाह आलम उर्फ गुड्डु जमाली की न सिर्फ मुस्लिम मतदाताओं पर मजबूत पकड़ है बल्कि बसपा के परंपरागत मतदाताओं में भी अच्छी खासी पैठ है। 2022 के उप चुनाव में गुड्डू जमाली ने 2,66, 210 वोट पाकर न सिर्फ सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव की जीत में अहम भूमिका अदा की बल्कि बड़े पैमाने पर वे मुस्लिम मतदाताओं को सपा से तोड़ने में कामयाब हो गए थे।
- मुस्लिम मतदाताओं के बड़े वर्ग के बसपा के पाले में जाने से ही निरहुआ जीत गए थे जबकि इससे पहले 2019 में जब लोकसभा का चुनाव हुआ था तो उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। तब अखिलेश यादव को 6, 21, 578 वोट मिले थे और निरहुआ 3, 61, 704 वोट पर ही सिमट गए थे। 2022 की हार को 2024 में जीत में बदलने के लिए अखिलेश यादव ने गुड्डू जमाली को साइकिल की सवारी देकर एमएलसी बनाया है। अभी बसपा ने इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी यहां किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

भाजपा के वोट बैंक और आधी आबादी पर नजर

मुरादाबाद की सियासत

- रुचि वीरा को उतार सपा का मुस्लिम व पिछड़ा वर्ग के साथ सवर्ण मतों के ध्रुवीकरण पर जोर
- भाजपा की रणनीति मुस्लिम मतों के बिखराव और हिंदू मतों का ध्रुवीकरण अपने पक्ष में कराने की

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद लोकसभा सीट पर चुनावी बिसात में शह और मात के लिए हर जोर आजमाइश में राजनीतिक दलों के दिग्गज व प्रत्याशी जुट गए हैं। एक दूसरे के वोटों में सेंधमारी के साथ ही अपने परंपरागत मतों पर मुस्तैद निगाहें हैं। सपा ने इस बार मुस्लिम चेहरे की बजाय आखिरी क्षणों में रुचि वीरा को उतारकर हिंदू मतों का भाजपा की ओर ध्रुवीकरण रोकने और आधी आबादी को रिझाने की पुरजोर कोशिश की है।

मुरादाबाद लोकसभा सीट में मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। लेकिन, भाजपा के हिंदू वोटरों के एकजुट होने से कई बार खेल का रुख पलट जाता है और जीत का पलड़ा कहीं भी झुक जाता है। भाजपा से लगातार चौथी बार मैदान में उतरे पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कमल खिलाने में जुटे हैं तो सपा ने पहले अपने वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया लेकिन, नामांकन के आखिरी दिन ऐन वक्त पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को पार्टी का सिंबल देकर चुनावी दंगल में उतार दिया। इसके पीछे पार्टी के परंपरागत वोटरों को साधने के साथ ही भाजपा के हिंदू वोटरों में सेंधमारी कर चुनाव को अपने पक्ष में करने की सोच है। वहीं मान्यता प्राप्त दलों में एकमात्र महिला प्रत्याशी होने का लाभ भी सपा लेने में जुटी है। वह आधी आबादी के हक की बात कर उनको रिझाने में जोर लगा रही हैं। ऐसे में रुचि वीरा के आने के बाद दलीय समीकरणों में घालमेल हो गया है। अब सभी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। सपा की प्रत्याशी ने नामांकन के बाद ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में जाने के अलावा मंदिरों में भी मत्था टेकना शुरू कर दिया है। जिससे भाजपा खेमे भी हलचल है। हालांकि भाजपा भी सपा के वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन का टिकट काटे जाने के बाद उनकी दुखती रग पर हाथ रखकर उनकी नाराजगी का लाभ लेने में पीछे नहीं है। भाजपा मुस्लिम मतों के बिखराव पर जोर दे रही है। सपा के अंदरूनी कलह का लाभ अपने पक्ष में कर कमल खिलाने में भाजपाई रणनीतिकार जुटे हैं। महानगर के अलावा आसपास की विधानसभाओं में भी प्रत्याशियों ने जनसंपर्क में तेजी ला दी है।

मुस्लिम मतों को जोड़ने में लगी बसपा

- बसपा के प्रत्याशी इरफान सैफी व उनके दल के दिग्गजों की चुनाव लड़ने की रणनीति आक्रामक है। एक तरफ वह पार्टी के परंपरागत वोटरों को सहेज रहे हैं तो दूसरी ओर मुस्लिम मतों खासकर सपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में यह तान छेड़ रहे हैं कि सपा मुस्लिम विरोधी है। ऐसे में बसपा हाथी की चाल को गति देकर चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराकर जीत का गणित फिट करने में जुट गई है।

क्या कहते हैं राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष

सपा के प्रत्याशी बदलने का कोई फर्क भाजपा के अभियान पर नहीं है। हम केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं। जाति, धर्म नहीं केवल विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा जा रहा है। 400 से अधिक सीटें जीत कर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प जनता ले चुकी है।

–आकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष

बहुजन समाज के कैडर वोटरों के अलावा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति पर बसपा चल रही है। नौ लाख मुस्लिम व 3 .50 लाख दलित मतदाता बसपा के लिए मतदान करेंगे। सपा के प्रत्याशी चयन में अंतर्कलह का लाभ भी बसपा को मिलेगा। इस बार मुरादाबाद सीट से बसपा की जीत होगी।

–सुनील आजाद
बसपा जिलाध्यक्ष

जिले में समाजवादी पार्टी की जड़ें मजबूत हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चेहरे व पार्टी की नीतियों पर चुनाव लड़ रहे हैं। जनता का आशीर्वाद पहले भी सपा को था, आगे भी रहेगा। सपा प्रत्याशी की जीत होगी। भाजपा के कुशासन से जनता ऊब चुकी है।

–डीपी यादव, सपा जिलाध्यक्ष

बिहार में राजद 26, कांग्रेस नौ सीटों पर लड़ेगी चुनाव

- तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल सकी पूर्णिया सीट

चुनाव डेस्क, बरेली

अमृत विचार। महागठबंधन के बीच बिहार में सीटों का बंटवारा हो गया है। कांग्रेस जहां नौ सीटों पर लड़ेगी तो राष्ट्रीय जनता दल के खाते में यहां 26 सीटें आईं हैं। पूर्णिया सीट पर कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन यह सीट तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल पायी। यहां से राजद का उम्मीदवार मैदान में होगा। सीटों के बंटवारे पर बात करें तो 40 लोकसभा सीटों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) 26, कांग्रेस नौ, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) तीन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन करने के एक दिन बाद महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे का एलान किया। संवाददाता सम्मेलन में राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और भाकपा माले, भाकपा और माकपा के के राज्यस्तरीय नेताओं ने संबोधित किया। बिहार विधानसभा में महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव को इस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करना था लेकिन वह अनुपस्थित रहे। झा ने बताया कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है। राजग को चुनाव में हराएंगे। राजद ने उन सभी चार सीटों गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं जहां पहले चरण में मतदान होना है। इससे उसके सहयोगी दलों ने नाराजगी जताते हुए इसे एकतरफा कदम बताया था।

पूर्णिया से बीमा भारती को राजद ने उतारा

भाकपा और माकपा भी क्रमश: बेगूसराय और खगड़िया से पहले ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के फॉर्मूले के अनुसार, राजद ने पूर्णिया सीट भी कांग्रेस से ले ली है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने महागठबंधन द्वारा औपचारिक घोषणा किए बिना ही जदयू से पाला बदलकर आई बीमा भारती को पूर्णिया से पार्टी का टिकट दिया था। कांग्रेस ने पिछले हफ्ते पूर्णिया से तीन बार सांसद रह चुके पप्पू यादव को पार्टी में शामिल किया था। यादव को इस सीट से टिकट मिलने की उम्मीद थी। उनका दावा था कि इस आशय का आश्वासन उन्हें राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने दिया था। पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। कांग्रेस को किशनगंज, कटिहार, पटना साहिब, भागलपुर, सासाराम, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिम चंपारण व महाराजगंज सीट मिली है।

राजस्थान में खरगे व गांधी परिवार के साथ गहलोत, पायलट स्टार प्रचारक

जयपुर, (भाषा)। कांग्रेस ने राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। पार्टी के 40 नेताओं के नाम वाली इस सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी नाम है। इसके अलावा सूची में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सचिन पायलट व कन्हैया कुमार का भी नाम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध सूची के अनुसार कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी तथा वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश, हेमाराम चौधरी, रघु शर्मा और हरीश चौधरी शामिल हैं। सूची में सूकई विधायकों के भी नाम हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र छह अप्रैल को यहां जयपुर में आयोजित एक जनसभा में जारी करेगी।

अशोक गहलोत।

सोनिया गांधी।

मल्लिकार्जुन खरगे।

बनाया माहौल उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले की गढ़वाल सीट से उम्मीदवार के पक्ष में रोड शो किया और जनता से आशीर्वाद मांगा। अमृत विचार

अनदेखी जिनको टिकट मिला उन्हें जनता ने नहीं चुना सांसद

महिला सांसद के लिए तरस रहीं सूबे की 34 सीटें

चुनाव डेस्क

कानपुर। लोकसभा में सबसे ज्यादा 80 सीटें रखने वाले उत्तर प्रदेश के लिए कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है, महिलाओं का लोकसभा में प्रतिनिधित्व भी बढ़ रहा है। भाजपा ने हाल ही में नारी वंदन बिल पास करके इस आधी आबादी की आवाज बुलंद करने के काम को आगे बढ़ाया है। लेकिन प्रदेश में 34 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर आज तक कभी कोई महिला प्रत्याशी सांसद नहीं चुनी गई है।

ऐसा नहीं है कि इन लोकसभा सीटों पर राजनीतिक दलों ने महिलाओं को टिकट नहीं दिया। लेकिन जो भी महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ीं उन्हें हार का ही सामना करना पड़ा।

महिलाओं के प्रतिनिधित्व से वंचित सीटों में मुरादाबाद, आगरा, सहारनपुर, अमरोहा, बुलंदशहर, एटा, बागपत, गोरखपुर, बलिया, अकबरपुर, बस्ती, भदोही, देवरिया, फैजाबाद, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, गाजीपुर, घोसी, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, कौशांबी, कुशीनगर, मछली शहर, मुजफ्फरनगर, नगीना, रॉबर्ट्सगंज, सलेमपुर, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, वाराणसी, डुमरियागंज लोकसभा सीटें शामिल हैं।

कानपुर-बुंदेलखंड में दो महिला प्रत्याशी

- कानपुर-बुंदेलखंड को वीरांगनाओं की धरती कहा जाता है। वीरांगना लक्ष्मीबाई, अजीजन बाई, मैनावती, आजाद हिंद फौज की सेनानी लक्ष्मी सहगल जैसे तमाम नाम इस इलाके में आज भी शौर्य के प्रतिमान हैं। लेकिन महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को आगे बढ़ाने में राजनीतिक दलों ने कभी बड़ी दिलचस्पी नहीं दिखाई। यहां तक कि नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने के बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव में अभी तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने में सभी दल पुराने ढर्रे पर ही नजर आ रहे हैं।
- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 लोकसभा सीटें आती हैं। भाजपा सभी सीटों पर पार्टी प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। लेकिन महिला प्रतिनिधित्व की बात करें तो फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति को ही टिकट मिला है। गठबंधन में सपा ने जो टिकट दिए हैं, उनमें उन्नाव से अन्नू टंडन का ही नाम सामने आया है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का राजनैतिक इतिहास देखें तो भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा जैसे सभी प्रमुख दल महिलाओं को लोकसभा प्रत्याशी बनाने में हिचकते ही रहे हैं। यही वजह है कि वर्ष 1952 से अब तक इस क्षेत्र से नौ महिलाएं सावित्री निगम, सुशीला रोहतगी, शीला दीक्षित, अन्नू टंडन (सभी कांग्रेस), सुखदा मिश्रा, साध्वी निरंजन ज्योति, कमल रानी वरुण (सभी भाजपा), सुभाषिनी अली (माकपा), डिंपल यादव (सपा) ही संसद में पहुंच सकी हैं।

आंध्र में तेलुगुदेशम के सभी 17 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

अमरावती, (भाषा)। तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा की। सूची में वाईएसआरसीपी के एक सांसद का भी नाम है, जो हाल में पार्टी में शामिल हुए हैं। तेदेपा ने अंगुल से एम श्रीनिवासुलु रेड्डी को मैदान में उतारा है, जिन्होंने हाल में सत्तारूढ़ दल युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) छोड़ दी थी। रेड्डी 2019 में वाईएसआरसीपी के टिकट पर अंगुल लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए थे। विपक्षी दल तेदेपा ने विजयनगरम से के अप्पलानायडू, अनंतपुर से ए लक्ष्मीनारायण और कडप्पा से सी भूपेश रेड्डी को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। चार नामों की घोषणा के साथ, तेदेपा ने 17 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल तेदेपा राज्य में 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। तेदेपा विधानसभा की 144 सीट पर चुनाव लड़ेगी। राज्य में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ 13 मई को होंगे। गठबंधन के तहत, अभिनेता पवन कल्याण की पार्टी जनसेना दो सीट और 21 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा लोकसभा की छह सीट पर चुनाव लड़ेगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा की कुल 25 सीट और विधानसभा की 175 सीट हैं।

एक नजर

यूपी पुलिस ने 68 कुख्यात अपराधियों को दिलाई सजा

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी पुलिस के स्तर पर 2020 से 68 कुख्यात अपराधियों को चिन्हित कर उनके मुकदमें में पैरवी लगातार की जा रही है। पुलिस ने विचाराधीन मुकदमों में विशेष पैरवी कराकर 54 अभियोगों में 25 चिन्हित अपराधियों व 44 सह अपराधियों (गैंग सदस्यों) को दोष सिद्ध कराया है। जिसमें दो को मृत्युदंड की सजा तथा अन्य अपराधियों को आजीवन कारावास और सश्रम कारावास जैसे दंड दिया है। जिन अपराधियों को सजा मिल चुकी है उनमें मुख्तार अंसारी (मृत) के अलावा विजय मिश्रा, अतीक अहमद (मृत), योगेश भदौड़ा, मुनीर, सलीम, रुस्तम, सोहराब, अजीत सिंह उर्फ हप्पू, आकाश जाट, सिंहराज भाटी, सुंदर भाटी, मुलायम यादव, ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सिंह, अमित कसाना, एजाज, अनिल दुजाना, याकूब, कुरैसी, बच्चू यादव, धर्मेंद्र कीर्ठल, रणदीप भाटी, संजय सिंह, अनुपम दुबे, विक्रांत उर्फ विक्की और ऊधम सिंह जैसे अपराधी शामिल हैं।

मुख्तार ने जिनकी हत्याएं कराई, उनके परिजन खुश

▶ अलका राय ने बेटे के साथ किया बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन, कहा- हम बहुत खुश हैं, बाबा की कृपा है

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्तार अब नहीं है, उसकी मौत का एक-एक पल कितना दर्दनाक रहा होगा, कल्पना करना परिवार और समर्थकों को पीड़ा से भर देता है। लेकिन, मुख्तार की वजह से जिन महिलाओं के सुहाग उजड़े, बच्चों से बाप का साया छिना, उनके लिए मुख्तार की मौत की खबर सुकून देने वाली रही।

19 साल पहले ताबड़तोड़ गोलियों से छलनी किए गए भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय और बेटे पीयूष राय ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। इस मामले में भी मुख्तार बरी हो चुका था। अलका राय ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। बाबा की कृपा है। महाराज योगी जी का आशीर्वाद मिला है। ये भगवान का न्याय है। विपक्ष कुछ भी कह सकता है, कोई फर्क नहीं पड़ता। पंजाब की जेल में रहकर वह अपराध करता था, लेकिन यूपी आकर न्याय मिला है। वह अत्याचारी था, उसका अंत हो गया। वहीं, पीयूष ने कहा कि आज का दिन उनके लिए खुशी का दिन है और ये दिवाली से कम नहीं है। मैं गोरखनाथ भगवान का बहुत शुक्रिया कहूंगा, उनका बहुत आशीर्वाद है हम लोगों पर, मैं बस इतनी सी बात कहूंगा, 'कर्म के दायरे से उतरोगे, तो उसकी सजा तुम्हें तड़पने तक नहीं छोड़ेगी।

माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते स्व कृष्णानंद की पत्नी और पुत्र। अमृत विचार

मुख्तार की मौत की खबर मिलने के बाद बेटे विकास ने पिता मन्ना सिंह की फोटो पर पहली बार माला चढ़ाया, वहीं पत्नी के छलके आंसू।

▸▸ विकास ने पिता मन्ना की फोटो पर पहली बार चढ़ाया फूल- माला

ऐसा ही माहौल मऊ में ठेकेदार मन्ना सिंह उर्फ अजय प्रकाश सिंह और उनकी हत्या के गवाह राम सिंह मौर्य और गनर की 2009 में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की घटना में भी बरी हुए मुख्तार की मौत को लेकर है। मन्ना सिंह के बेटे विकास सिंह ने पिता की फोटो पर पहली बार माला और फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिवार वाले खुशी के आंसू रोए।

प्रतिक्रिया

आज का दिन मेरे लिए खुशी का है और होली-दिवाली से कम नहीं है। मैं बाबा विश्वनाथ और गोरखनाथ भगवान का बहुत शुक्रिया कहूंगा। उनका बहुत आशीर्वाद है हम लोगों पर। जो जैसा करता है, उसका फल उसे मिलता है।

-पीयूष राय (पुत्र स्व. कृष्णानंद राय)

इलाज के नाम पर प्रशासन ने ड्रामा ही किया है। दो दिन पहले भी इलाज के नाम पर खानापूरी कर पिता को जेल की तन्हाई में डाल दिया गया था। जहर देने का आरोप हमारी ओर से नहीं बल्कि पिता की ओर से ही लगाया गया था, जो अब इस दुनिया में नहीं रहे। मुझे प्रशासन पर नहीं, न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।

-उमर अंसारी (पुत्र स्व. मुख्तार अंसारी)

गाजीपुर की अवाम ने अपने चहेते बेटे और भाई को को खो दिया। मुख्तार ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया था कि उन्हें जहर दिया गया है, बावजूद इसके सरकार ने उनके इलाज पर ध्यान नहीं दिया जो कि निंदनीय और अफसोसजनक है।

-असदुद्दीन ओवैसी (एआईएमआईएम प्रमुख)

मेडिकल जांच हो चुकी है, न्यायिक जांच होगी। आज कल 25-35 साल के लोगों को हार्ट अटैक आ जाता है। जो भी हुआ है वो सच सामने आ जाएगा। सपा, कांग्रेस और बसपा बताए उन्हें कौन संरक्षण देता था, ऐसी घटनाओं पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

-अनुराग ठाकुर (केंद्रीय मंत्री)

लोग जो संदिग्ध हालात में मौत की बात कहते हैं, वो जांच का विषय है। जांच में सत्यता के आधार पर बयान करना चाहिए। आज के दिन विज्ञान पर भरोसा करना चाहिए। फॉरेंसिक रिपोर्ट पर ही विश्वास किया जा सकता है। किसी की मौत पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

-संजय निषाद (कैबिनेट मंत्री)

सभी को मुख्तार की मौत से जुड़ी अफवाह से बचना चाहिए। मेरे डीजीपी रहते हुए भी मुख्तार को लेकर ऐसी मनगढ़ंत कहानियां बनाई जाती थीं। वो पहले भी बीमार रहता आया है। राज्य में इस समय शांति का माहौल है उसे किसी को भंग करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

-ओपी सिंह (पूर्व डीजीपी)

मुख्तार की जिन परिस्थितियों में मृत्यु हुई वह अत्यधिक चिंताजनक है। उन्होंने न्यायालय में अर्जी देकर पहले ही जहर देकर अपनी हत्या की आशंका व्यक्त की थी। मौजूदा व्यवस्था में तो न जेल में कोई सुरक्षित, न पुलिस कस्टडी में और न अपने घर में। प्रशासनिक आतंक का माहौल पैदा करके लोगों को मुंह बंद रखने को विवश किया जा रहा है।

-रामगोपाल यादव (सपा नेता)

पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की सांस्थानिक हत्या हुई है। कानून, संविधान, नैसर्गिक न्याय को दफन कर देने जैसा है।

-पप्पू यादव (कांग्रेस नेता)

मुख्तार की मौत के बाद शुरू हुई वोट बैंक की राजनीति

सपा, बसपा व कांग्रेस मुसलमानों को साधने में जुटी, हिंदू वोट सहेज रही भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद वोट बैंक मजबूत करने के लिए सियासत भी तेज हो गई है। सबसे पहले सवालों की बौछार सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुरू की, देखते ही देखते बसपा प्रमुख मायावती, कांग्रेस समेत तमाम दलों और नेताओं की ओर सरकार पर आरोप और जांच की मांग शुरू हो गई। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष ने जैसे ही मुसलमान वोट साधने की कवायद तेज की, भाजपा ने मुख्तार की जरायम की दुनिया गिनाने के साथ मारे गए लोगों की संवेदनाओं के जरिए हिंदू वोट बैंक सहेजना शुरू कर दिया है।

माफिया मुख्तार अंसारी उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में सजा काट रहा था। गुरुवार देर शाम हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुश्तैनी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक करने की तैयारी शुरू हो गई है। जुमा की नमाज की वजह से प्रदेश में हाई अलर्ट रहा। मुख्तार अंसारी की मौत ऐसे समय में हुई है जब लोकसभा चुनाव की तपिश तेज है। मुख्तार की मौत के सहारे विपक्षी दलों की कोशिश मुस्लिम वोटों के विश्वास को जीतना है, क्योंकि मुख्तार मुस्लिम समुदाय से आते हैं। पूर्वांचल के कई जिलों में मुस्लिम वोटर बड़ी संख्या में हैं।

अखिलेश यादव से लेकर मायावती तक मुस्लिम वोटों को सियासी संदेश देने के लिए ही मुख्तार की मौत पर सवाल खड़े कर सरकार को घेर रहे हैं। इसके बहाने यह बताने की कोशिश हो रही है कि मुख्तार अंसारी की मौत स्वाभाविक नहीं है बल्कि एक साजिश के तहत उसे मारा गया। ऐसा मुस्लिम समुदाय के लोग मान भी रहे हैं, जिसे समझते हुए विपक्षी दल सरकार को घेर रहे हैं।

सरकार ने न्यायिक और मजिस्ट्रेटी दोनों जांच को हरी झंडी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर तमाम मंत्री और नेता मुख्तार की मौत को स्वाभाविक बताते हुए विपक्ष के आरोपों को राजनीतिक करार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी से लेकर बड़े नेता विपक्ष के गढ़े जा रहे नैरेटिव को तोड़ने के बजाय खामोशी अख्तियार किए हैं। चुप रहते हुए बहुसंख्यकों को राजनीतिक मैसेज दिया जा रहा है। मगर सोशल मीडिया में खूब सियासी दांव-पेच चल रहे हैं।

19 साल जेल में रहते हुए मुख्तार ने लड़े तीन चुनाव

मुख्तार को सियासत विरासत में मिली है। उनके दादा डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान 1926-27 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष थे। महावीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर उस्मान मुख्तार उन के नाना थे। मुख्तार के पिता सुब्हानउल्लाह अंसारी कम्युनिस्ट नेता थे। इतना ही नहीं पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी मुख्तार के रिश्ते में चाचा लगते हैं। मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी ने पिता की तरह कम्युनिस्ट पार्टी से सियासी पारी शुरू की थी, लेकिन मुख्तार ने बसपा के हाथी पर सवारी कर सियासत में कदम रखा। पहली बार 1996 में बसपा के टिकट पर जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। 2002, 2007, 2012 और फिर 2017 में भी मऊ से जीत हासिल की। 19 साल से अलग-अलग जेल में रहते हुए आखिरी तीन चुनाव जीते। बाद में मऊ की विरासत बेटे को सौंप दी। पूर्वांचल की राजनीति में मुख्तार अंसारी का उतना ही असर है जितना कि बिहार की राजनीति में शहाबुद्दीन का हुआ करता था। 2005 में बिहार की सत्ता के बदलते ही शहाबुद्दीन के बुरे दिन शुरू हो गए थे, वैसे ही उप्र. में 2017 में सत्ता बदलते ही मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने लगा था।

जहां दफन हैं कई पीढ़ियां, वहीं सुपुर्द-ए-खाक होगा मुख्तार

गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार अंसारी के परिवार में अब तक जितने भी पूर्वजों का इंतकाल हुआ है, सभी को दफनाया गया है। मुख्तार को भी इसी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। विधायक मन्नू अंसारी ने शुक्रवार को कब्रिस्तान पहुंच कर साफ-सफाई कराई। वे फोन पर उस जगह के लिए सांसद अफजाल अंसारी से दिशा निर्देश ले रहे हैं, जहां मुख्तार के शव को दफनाया जाएगा।

ऊपर वाला जरूर बदला लेगा : सिबगतुल्लाह अंसारी

मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिबगतुल्लाह ने कहा कि रात में मुख्तार की हालत खराब होने की सूचना हम लोगों को मिली थी। वह अपने पतन का एहसास करते रहे। सबको बताते रहे, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया, क्योंकि यह सब एक साजिश के तहत हो रहा था। मुख्तार के शरीर को आप देखेंगें, कोई नहीं कहेगा कोई बीमार इंसान पड़ा है। लगेगा कोई सो रहा है। उन्होंने कहा, हमारे सामने कोई खड़ा न हो पाए, उसे पहले मिटा दो.. ये राजनीति हो रही है आजकल। अब कोई जेल में भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि ऊपर वाला बदला जरूर लेगा।

▸▸ माफिया को 'मुजाहिद' बताते थे समर्थक, देश-विदेश के मौलानाओं से था रिश्ता

रमजान में माफिया अतीक और मुख्तार का अंत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 2023 में 22वें रोजा को अतीक और अशरफ की हुई थी हत्या

अमृत विचार : रमजान के पाक महीने में दो बड़े माफियाओं का अंत हुआ। इसे कुदरत का न्याय कहें या कुछ और। पर, सच यही है कि दोनों का अंत रमजान माह में हुआ। 2023 के 22वें रोजा को प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई। इस साल 17वें रोजा को मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। दोनों माफियाओं की मौत में कई समानताएं भी हैं। दोनों की मौत जेल में बंद रहने के दौरान हुई। उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या 15 अप्रैल 2023 की तीन हमलावरों ने प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी। उस वक्त दोनों भाई पुलिस रिमांड में थे। उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराने के लिए अस्पताल लाया गया था। मुख्तार अंसारी भी पिछले ढाई साल से बांदा जेल में बंद था। दो दिन पहले तबियत खराब होने पर उसे बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। इलाज के बाद उसे बांदा जेल भेज दिया गया। गुरुवार को रमजान का 17वां रोजा था। इसी दिन दोपहर जेल में मुख्तार की तबियत बिगड़ी, जेल अस्पताल में उसका इलाज शुरू हुआ। देर शाम को हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहां देर रात उसकी मौत हो गई।

वरिष्ठ अधिकारी सड़क पर, एडीजी लेते रहे अपडेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शुक्रवार को पूरे यूपी में अलर्ट रहा। प्रयागराज, कानपुर, गोरखपुर और लखनऊ में पैरामिलेट्री फोर्स ने फ्लैगमार्च किया। मऊ, गाजीपुर और बांदा में धारा 144 लागू कर दी गई। प्रदेश के लगभग सभी बड़ी मस्जिदों के आसपास फोर्स तैनात कर दी गई।

लखनऊ के चौक इलाके में आरएएफ की तैनाती रही। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सुबह ही पुलिस तैनात कर दी गई थी।

पूरे प्रदेश में पुलिस के अधिकारी कानून व्यवस्था को लेकर सक्रिय थे। देर शाम तक किसी भी तरह की अनहोनी की कोई सूचना नहीं थी। जुमे की नमाज भी सकुशल संपन्न हुई।

- अमिताभ यश, एडीजी कानून-व्यवस्था

प्रयागराज में पुलिस ने जुमे की नमाज से पहले धर्मगुरुओं से बातचीत कर शांति पूर्वक नमाज पढ़ाकर वापस घर भेजने का अनुरोध किया। यहां पूरे जोन जोन और कमिश्नरेट में अलर्ट जारी किया गया था। एडीजी भानु भास्कर ने पुलिस कर्मियों को लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए और लगातार पल-पल की अपडेट लेते रहे। आगरा में जुमे की नमाज से पहले जामा मस्जिद के पास पुलिस ने फ्लैग मार्च किया गया। इसके अलावा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लगातार पुलिस की मुस्तैदी बनी रही। कानपुर के बिरहाना रोड पर सुबह से ही पुलिस ने पैदल मार्च करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने गंदे पड़े सीसीटीवी को भी साफ कराया।

▸▸ कई जिलों में तैनात रही आरएएफ, मस्जिदों के आसपास पूरे दिन निगहबानी

अलीगढ़ में आईजी रेंज शलभ माथुर स्वयं एसएसपी के साथ शहर का भ्रमण करते रहे। वाराणसी में पुलिस ने डीआईजी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। राजधानी लखनऊ में कमिश्नरेट पुलिस पूरे दिन सक्रिय रही जबकि मऊ, गाजीपुर और बांदा में जिलाधिकारी और एसएसपी लगातार कानून व्यवस्था को लेकर मोर्चा संभाले रहे।

मुन्ना बजरंगी की तरह मुझे मारने का हो रहा षड़यंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, भाजपा विधायक, पुलिस अधिकारियों पर लगाए आरोप

▸▸ सपा, बसपा और कांग्रेस ने व्यवस्था पर सवाल उठा सरकार को कठघरे में खड़ा किया

अमृत विचार : माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के दूसरे दिन शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ पत्र चर्चा का विषय बन गया। मुख्तार अंसारी ने 21 मार्च को यह पत्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) को लिखा गया था। पत्र में मुख्तार ने जम्मू एंड कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, भाजपा समर्थित एमएलसी बृजेश सिंह, भाजपा विधायक सुशील सिंह, एसटीएफ मुखिया अमिताभ यश और प्रमुख सचिव गृह पर जेल में मरवाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

मुख्तार अंसारी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को लिखे पत्र में कहा कि शासन ने प्रेम प्रकाश सिंह उर्फ मुन्ना बजरंगी को जेल में ही गोली से मरवाया था। यही नहीं भाजपा सरकार ने कई लोगों को जेल में मरवा दिया। मुन्ना बजरंगी की तर्ज पर मुझे भी जेल में ही मारने की साजिश चल रही है। पत्र में मुख्तार ने लिखा था कि उक्त सभी लोग साजिशकर्ता हैं। सरकार के निर्देश पर मुझे मारने की साजिश चल रही है। अतः मेरी प्राणरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं।

वायरल पत्र को विपक्ष के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर कर मुख्तार की मौत के मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग उठाई है। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं ने सरकार से सवाल पूछे और व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया।

राजनीति बसपा-भाजपा गठबंधन में पहली बार विधायक बने मुख्तार पर चढ़ा था सत्ता का नशा

मुख्तार को डॉन बनाने में सभी दलों की सरकारों का रहा हाथ

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

▸▸ योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री न बनते तो माफिया डॉन पर लगाम कसना होता बहुत कठिन

अमृत विचार : मुख्तार अंसारी को माफिया डॉन बनाने में सभी दलों की सरकारों का हाथ रहा है। अब योगी आदित्यनाथ ने दबंग और माफियाओं के प्रति सत्ता का रुख पूरी तरह बदल दिया , वरना एक दौर वह भी था, जब भाजपा के समर्थन से बनी मायावती सरकार में पहली बार बसपा विधायक बने मुख्तार अंसारी पर सत्ता का नशा का चढ़ा था। तब विहिप नेता नंद किशोर रुगंटा का अपहरण करके उनके शव को टुकड़ों में काटकर उसने ऐसा गायब किया था कि आज तक पता नहीं चला। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के भाई अवधेश राय को गोली से उड़ा दिया। ऐसे तमाम जरायम का हिसाब लेने वाली ऐसी सरकारें नहीं थीं। पुलिस तो उसके आगे-पीछे घूमा करती थी।

बनती-बिगड़ती सरकारों में मुख्तार की तूती कभी कम नहीं हुई। योगी आदित्यनाथ जैसे मुख्यमंत्री न होते तो, आज भी मुख्तार पर लगाम कसना बहुत कठिन होता। हालांकि शुरुआत में मुख्तार के आपराधिक कृत्यों से परिवार हमेशा खफा रहा। इसीलिए उसके राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत बड़े भाई अफजाल अंसारी की लताड़ से शुरू हुई थी। लेकिन गाजीपुर से लेकर मऊ, वाराणसी, जौनपुर और सोनभद्र, लखनऊ, गोरखपुर या यूं कहें कि पूरा प्रदेश और बाद में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, मप्र, बिहार आदि राज्यों तक उसका काली कमाई पर राज चलने लगा था। विरोध करने वालों को उसके शूटर कहीं भी निपटाने में देर नहीं करते थे।

कोयला कारोबार पर वर्चस्व को लेकर विहिप नेता रूंगटा की हत्या और ब्रजेश सिंह से कोयला-शराब, टैक्सी स्टैंड, मछली आदि कारोबार को लेकर दुश्मनी से वह खुद को मुसलमानों के बीच मुजाहिद की छवि पेश करने लगा। मुख्तार की एक जिद शुरू से अंत तक रही कि जो कोई भी उसके कमाई में रोड़ा बनेगा, चाहे वह कितना ही खास हो, मौत जरूर मिलेगी। कृष्णानंद राय के बाद ठेकेदार मन्ना, उनके मुनीब राम सिंह मौर्य रहे हों, या उसके पहले कि अनगिनत हत्याओं के पीछे एक जैसी कहानी है। इनमें कुछ तो ऐसे थे जिनके यहां मुख्तार पारिवारिक जुड़ा था।

भाई ने सुधारने के लिए मऊ से चुनाव लड़वाया : मुख्तार को सुधारने के लिए ही उसके बड़े अफजाल नें बसपा सुप्रीमो मायावती से बात करके मऊ से विधायक नसीम खान का टिकट कटवाकर उसे चुनाव लड़वाया। सांसद अफजाल अंसारी अक्सर मुख्तार के सामने इस बात को दोहराते थे कि जबसे वह जवान हुआ, आए दिन मारपीट की शिकायतों से परिवार परेशान रहता था। मेरे फाटक की इज्जत दादा मुख्तार अंसारी और नाना ब्रिगेडियर उस्मान से होती थी। पुलिस की हिम्मत नहीं होती थी कि सैल्यूट मारने के अलावा कभी किसी को पकड़ने यहां आए। वे कई बार खुद के जेल में बंद होने के पीछे मुख्तार को वजह मानते थे और समझाते भी थे। जबकि मुख्तार अंसारी को खुद के जेल में रहने से ज्यादा कष्ट तब महसूस करता था, जब अफजाल सलाखों के पीछे बंद होते थे।

राजनीतिक आकाओं ने हमेशा दिया संरक्षण

मुख्तार को राजनीतिक दलों के सरंक्षण पर बात होगी तो, भाजपा समेत सभी दलों का नाम आएगा। उसे सत्ता दल का नशा भाजपा-बसपा गठबंधन सरकार में ही पहली बार मिला था। वह 1996 में पहली बार विधायक बना था बसपा-कांग्रेस गठबंधन से। बाद में उसने भाजपा सरकार को निर्दल विधायक रहते भी समर्थन का पत्र दिया था। एक दौर ऐसा आया कि बड़े भाई अफजाल सपा की राजनीति में और मुख्तार बसपा की राजनीति में दोनों का सत्ता सुख भोग रहे थे। एक दौर वह भी था जब पांच बार के विधायक रहे मुख्तार ने कौमी एकता दल बनाकर सपा-बसपा दोनों को पूरे पूर्वांचल में एक भी सीट न जीतने देने के लिए ललकारा था। लेकिन सत्ता संभालने वाले तमाम बड़े नेताओं का मुख्तार को संरक्षण था, वह उनके साथ उठता-बैठता और जरूरत पर मदद करता था।

मुख्तार के काफिले से उड़ गया डर नाम का पंछी

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

▸▸ कोयला व्यवसायी की हत्या कर मुख्तार ने अपराध की दुनिया में कमाया था नाम

अमृत विचार : पूर्वांचल में खौफ का दूसरा नाम था मुख्तार अंसारी, लेकिन वह अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहता था। गिरफ्तारी के बाद पेशी या दूसरी जेल ले जाते समय पुलिस की सुरक्षा के साथ मुख्तार के साथियों की गाड़ियां भी दौड़ती थीं। पंजाब की रोपड़ जेल में बंद रहने के दौरान मुख्तार ने अपने लिए एम्बुलेंस खरीद ली थी। बाराबंकी परिवहन कार्यालय में पंजीकृत निजी एम्बुलेंस मुख़्तार को लाती ले जाती थी। मुख्तार ने अपनी सुरक्षा के हर संभव उपाय कर रखे थे।

कोयला व्यवसायी नन्द किशोर रूंगटा का अपहरण कर रंगदारी वसूलने के बावजूद हत्या कर दी गई थी। इसके बाद अपराध की दुनिया का मुख्तार बड़ा नाम बनकर उभरे। मुख्तार ऐसे पहले माफिया विधायक थे जिनकी जेल में समानांतर सरकार चलती थी। जेल में दरबार सजाने वाले मुख़्तार से मिलने क्षेत्र के 50 से ज्यादा लोग रोज आते थे। मुख्तार सबकी समस्याएं सुनकर किसी के लिए चिट्ठी लिखते थे तो किसी के लिए अधिकारी से फोन करते थे।

जेल में उसके लिए घर जैसी सुविधाएं की जाती थी। लखनऊ की जिला जेल में तो उसके लिए बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया था। टीवी के लिए जेल के बाहर से केबिल कनेक्शन कोरेंटाइन बैरक तक लगाया गया था। एक डीआईजी मुख्तार के साथ जेल में काजू और कोल्डड्रिंक की दावत करते थे। इस मुद्दे पर जेल अधीक्षक और डीआईजी के बीच कहासुनी भी हुई थी। जेल अधीक्षक ने डीआईजी की शासन से लिखित शिकायत की थी। शायद यह पहला और आखिरी मौका रहा हो कि जेल अधीक्षक ने जेल में डीआईजी की इंट्री बंद करा दी थी। मुख्तार को खाने का बड़ा शौक था इसलिए रोजाना शहर के कई होटलों से खाना आता था। करीब 50 लोगों के लिए रोजाना खाना और पानी की बोतलें जेल पहुंचाई जाती थीं। जेल के सभी अधिकारी जानते थे कि विधायक जी का खाना आया है।

मुख्तार बहुत धीरे बोलता था, हर किसी से मुस्कुराकर बात करता था। भईया संबोधन उसकी जबान पर रहता था। कोई भी मदद मांगता तो वह हाजिर रहता। जेल अधीक्षक आरके तिवारी की राजभवन के पास हुई हत्या के बाद मुख़्तार ने न किसी पर वारदात में शामिल होने की आशंका जताई और न जांच अधिकारियों की कोई मदद की। इस घटना ने साफ़ कर दिया था कि भले ही मुख्तार कितना ही मददगार रहा हो लेकिन विश्वसनीय नहीं था। आरके तिवारी जैसे जांबाज जेल अधिकारी की हत्या के बाद लखनऊ जेल के कैदियों ने थालियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया था। मुख्तार ने इस मामले के खुलासे में कोई दिलचस्पी नहीं ली जबकि वह तिवारी को भईया ही कहा करते थे।

लखनऊ जेल में छापे में मिली मुख्तार अंसारी की डायरी पुलिस अधीक्षक ट्रांसगोमती अपने साथ ले गए थे। इस डायरी में दर्ज नम्बरों पर फोन मिलाकर पुलिस ने तमाम लोगों से पूछताछ की थी। कई लोगों को बगैर लिखापढ़ी के कई दिन तक हिरासत में रखा गया था। जानकारी होने पर मुख्तार ने एसपी को फोन कर कहा था कि नई डायरी में आपका और आपके परिवार का नाम भी लिख लिया है।

कमाल का चुनाव

- इलेक्शन किंग के नाम से मशहूर के. पद्मराजन इस बार 2024 का लोकसभा चुनाव तमिलनाडु के धर्मपुरी से नामांकन करने जा रहे हैं। वे अब तक 238 बार चुनाव में हार चुके हैं। उन्हें अपनी असफलता को लेकर कोई ग़म नहीं हुआ वह लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की तैयारी में लग गए हैं। पद्मराजन 65 वर्ष के हैं और वह टायर मरम्मत करने की दुकान करते हैं। उन्होंने अपना पहला चुनाव 1988 में तमिलनाडु के मेट्टूर से लड़ा था। सर्वाधिक बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है। वह 4 प्रधानमंत्रियों, 11 मुख्यमंत्रियों, 13 केंद्रीय मंत्रियों और 15 राज्य मंत्रियों के खिलाफ चुनाव लड़ कर हार चुके हैं।

कौशल किशोर के मुकाबले गठबंधन ने बिछाई मजबूत वोट बैंक की बिसात

मोहनलाल गंज लोकसभा सीट : चुनावी मैदान में केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर के सामने गठबंधन के आरके चौधरी हैं उम्मीदवार

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ की मोहनलालगंज सीट पर केन्द्रीय मंत्री व भाजपा से दो बार सांसद रहे कौशल किशोर के खिलाफ इस बार सपा-कांग्रेस से आरके चौधरी चुनावी मैदान में हैं। सियासी चौसर में गठबंधन ने प्रत्याशी के सहारे यादव-मुस्लिम और दलित वोट बैंक का सहारा लिया है। यहां दो बार से भाजपा का दबदबा कायम है, लेकिन विपक्ष की चुनौती भी किसी से कम नहीं दिख रही है।

रणनीति

लखनऊ से सटी मोहनलाल गंज सीट हमेशा से खास रही है, क्योंकि इसकी पांच विधानसभा सीटें बक्शी का तालाब, मोहनलालगंज, मलिहाबाद और सरोजनीनगर के अलावा सीतापुर जनपद की सिधौली सीट को भी जोड़ती है। दो जनपदों को जोड़ने वाली आरक्षित लोकसभा की तीन विधानसभा सीटें भी सुरक्षित हैं। ऐसे में दलित, यादव और मुस्लिम वोट बैंक निर्णायक भूमिका में है। आंकड़ों पर गौर करें तो यहां 6 लाख दलित मतदाता है। 2.50 लाख के करीब यादव और 1.50 लाख से अधिक मुस्लिम वोटर है। 4 लाख की आबादी से जुड़ी पासी समाज की इस लोकसभा सीट पर कौशल किशोर खुद भी इसी जाति के है। लेकिन दलित समाज से जुड़े आरके चौधरी भी इस सीट पर पहले अपना प्रभाव दिखा चुके हैं। 2009 में आरके चौधरी को आरएसबीपी से 1,44,731 वोट मिले थे। बसपा प्रत्याशी के रूप में 2014 में 3,09, 858 मत प्राप्त हुए।

कौशल किशोर

आरके चौधरी

2019 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में इन्हें 60,069 वोट पाकर संतोष करना पड़ा। ऐसे में भाजपा के लिए इस बार का चुनाव खासी चुनौती भरा दिखता नजर आ रहा है। गठबंधन उम्मीदवार और उनके समर्थक जातिगत गुणा-गणित के सहारे सियासी चौसर बिछाने में लगे हुए हैं।

15 चुनावों में 8 बार बनीं महिला सांसद

मोहनलालगंज सीट प्रदेश की उन खास सीटों में से है, जिसने 15 चुनावों में 8 बार आधी आबादी को संसद भेजने का मौका दिया। यह सीट वर्ष 1962 में अस्तित्व में आई थी। पहले चुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी गंगा देवी सांसद चुनी गईं थीं। दो बार सांसद रहने के बाद तीसरी बार गंगा देवी को 1977 में हार का सामना करना पड़ा। जनता पार्टी के रामलाल कुरील ने हराया। वर्ष 1980 कांग्रेस की इस सीट पर फिर वापसी हुई और ये सिलसिला 84 तक चला। इस सीट पर दो बार रीना चौधरी और फिर सुशीला सरोज भी सांसद बनीं हैं।

जातिगत समीकरणों से चार बार दौड़ी साइकिल

वर्ष 1998 में जब लखनऊ से अटल बिहारी वाजपेयी चुनकर दिल्ली पहुंचे और प्रधानमंत्री बने। ऐसे में लखनऊ से सटी इस सीट पर सपा की रीना चौधरी ने जीत हासिल की। जातिगत समीकरणों का ताना-बाना यहीं पर खत्म नहीं हुआ। दूसरी बार भी जनता ने इन्हें संसद तक पहुंचाया। फिर जयप्रकाश रावत सांसद चुने गए। इसके बाद सुशीला सरोज ने लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया।

पिछले चुनावों में मिले वोट

2019
कौशल किशोर, भाजपा : 6,29,999
सीएल वर्मा, बसपा : 5, 39,795
आरके चौधरी, कांग्रेस : 60,069

2014
कौशल किशोर, भाजपा : 4,55,274
आरके चौधरी, बसपा : 3,09, 858
सुशीला सरोज, सपा : 2, 42, 366
नरेंद्र गौतम, कांग्रेस : 52, 598

2009
सुशीला सरोज, सपा : 2,56, 397
जयप्रकाश, बसपा : 1, 79, 772
आरके चौधरी, आरएसबीपी : 1,44,731
रंजन कुमार चौधरी, बसपा : 82, 435

तो लाभार्थी वोट बैंक का सत्ता को मिलेगा लाभ

मोहनलाल गंज की इस सीट पर बीकेटी व सरोजनी नगर का एक बड़ा हिस्सा शहरी आबादी को जोड़ता है। ऐसे में योजनाओं को लेकर तमाम से लाभ आमजन को मिले हैं। इससे लाभार्थी वोट बैंकों में विस्तार हुआ है। उधर 2 लाख ब्राह्मण, 1.75 लाख ठाकुर, 1.70 लाख लोधी, मौर्य सहित अन्य अति पिछड़ी जातियों के मतदाता भी हैं, जो कहीं न कहीं भाजपा के वोट बैंक को मजबूती दे रहे हैं।

गांधी परिवार को अमेठी में दो बार मिल चुकी है शिकस्त

राहुल गांधी से पहले संजय गांधी को भी अमेठी में करना पड़ा था पराजय का सामना

अतीत के झरोखे से

नीरज श्रीवास्तव ,परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार: राजनीतिक रूप से देश की सबसे चर्चित सीट अमेठी कई दिलचस्प इतिहास खुद में समेटे है। अमेठी के लोकसभा चुनावों में गांधी परिवार को अब तक दो बार शिकस्त का सामना करना पड़ा है। राहुल गांधी से पहले संजय गांधी भी अमेठी में पराजय का स्वाद चख चुके हैं। गांधी परिवार के करीबी सतीश शर्मा को भी अमेठी में हार का सामना करना पड़ चुका है। कुल मिलाकर अब तक अमेठी तीन बार 'हाथ' का 'साथ' छोड़ चुकी है।

भाजपा द्वारा स्मृति इरानी को लगातार तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारने के बाद राहुल गांधी के अमेठी से लड़ने या न लड़ने को लेकर पूरे देश में चर्चा है। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने 2019 के चुनाव में कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली अमेठी में राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित किया था। राहुल गांधी से पहले अमेठी में गांधी परिवार के संजय गांधी को भी अमेठी में पराजय का सामना करना पड़ा था। 1967 में अस्तित्व में आई अमेठी सीट को 1977 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के छोटे पुत्र संजय गांधी ने लोक सभा का चुनाव लड़ने के लिए चुना था। मुख्यमंत्री एन डी तिवारी सहित कई बड़े नेताओं के साथ संजय गांधी 1 मई 1976 को पहली बार अमेठी आये। संजय गांधी के पांच सूत्रीय कार्यक्रम थे नियोजन, श्रमदान, वृक्षारोपण, प्रौढ़ शिक्षा और दहेज उन्मूलन।

इमरजेंसी के बाद संजय गांधी के सामने मुकाबले के लिए आपातकाल की यातनाएं भुगत कर निकले तेज-तर्रार नेता रवीन्द्र प्रताप सिंह थे। उस समय संजय गांधी के सामने खड़े होने के लिए काफी हिम्मत की जरूरत थी। रवीन्द्र प्रताप जनता पार्टी के उम्मीदवार थे। पार्टी तो नाम मात्र की थी लेकिन उस समय का चुनाव जनता लड़ रही थी। संजय गांधी के पक्ष में प्रचार करने फिल्म अभिनेता दारा सिंह भी अमेठी आए थे, लेकिन आपातकाल के कारण पूरे देश में सरकार विरोधी लहर के कारण संजय गांधी को अमेठी में हार का सामना करना पड़ा। चुनाव में जहां रवीन्द्र प्रताप सिंह को 1,76,410 वोट मिले वहीं संजय गांधी 100566 वोट पाकर 75844 वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि हार के सबक और सत्ता से दूर संघर्षों के अनुभवों से परिपक्व होकर संजय गांधी ने 1980 में दोबारा अमेठी से चुनाव लड़ा। इस बार उन्हें 1,86,990 और रवीन्द्र प्रताप सिंह को सिर्फ 58,445 वोट मिले थे।

1998 में पहली बार अमेठी में खिला 'कमल'

1998 के लोकसभा चुनाव में गांधी परिवार के करीबी कैप्टन सतीश शर्मा के सामने थे भाजपा से अमेठी राज परिवार के डॉ. संजय सिंह। अमेठी में पहली बार जीत दर्ज करते हुए भाजपा के डॉ. संजय सिंह ने कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा को 23,270 वोटों से हरा दिया। डॉ. संजय सिंह को 2,05,025 वोट जबकि कैप्टन सतीश शर्मा को 1,81,755 वोट मिले थे।

अब तक तीन बार 'हाथ' का 'साथ' छोड़ चुकी है अमेठी

बृजभूषण शरण सिंह से क्यों दूरी बना रही है भाजपा

पार्टी के वरिष्ठ नेता होने के बावजूद टिकट पर बरकरार है संशय

उमानाथ तिवारी, गोंडा

अमृत विचार: कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं। वह अब तक 6 बार लोकसभा के लिए चुने जा चुके हैं। पांच बार भाजपा तो एक बार समाजवादी पार्टी से भी सांसद रहे हैं।

वर्ष 1999 से वह अजेय हैं। इस दो दशक में वह कोई चुनाव नहीं हारे हैं। कैसरगंज लोकसभा सीट से वह 2914 व 2019 में जीत दर्ज कर चुके हैं और मौजूदा समय में वह कैसरगंज से ही भाजपा सांसद हैं। बृजभूषण शरण सिंह की राम मंदिर आंदोलन में भी महती भूमिका रही है और वह बाबरी विध्वंस के आरोपी भी रहे हैं। इन सबके बावजूद इस बार भाजपा से उनकी दावेदारी अधर में फंस गयी है। पार्टी ने अभी तक उन्हे टिकट देने का ऐलान नहीं किया है। जिससे उनकी दावेदारी को लेकर संशय खड़ा हो गया है। राजनैतिक जानकारों का कहना है कि पार्टी इस बार उन्हें टिकट नहीं देना चाहती। टिकट वितरण में हो रही देरी ने एक सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या भाजपा बृजभूषण शरण सिंह से दूरी बना रही है। आखिर क्या कारण हैं कि पार्टी इस बार बृजभूषण को टिकट नहीं देना चाहती यह सवाल हर किसी के जेहन में कौंध रहा है। न केवल कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र बल के आस पास के सभी जिलों में सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट को लेकर कयास लगाये जा रहें हैं। इन्ही कारणों को लेकर पड़ताल करती यह रिपोर्ट...

बाबा रामदेव से हुआ विवाद

अमृत विचार : कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर संशय का एक बड़ा कारण उनका योग गुरू बाबा रामदेव से हुआ विवाद है। पिछले वर्ष सांसद ने पतंजलि के कई उत्पादों पर सवाल उठाया था और उन्हे मिलावटी बताया था। इसको लेकर महीनों तक सांसद व बाबा रामदेव के बीच तनातनी रही। सांसद बृजभूषण ने महिला पहलवानों के आंदोलन के पीछे भी बाबा रामदेव का हाथ बताया था। बाबा रामदेव की भाजपा के शीर्ष नेताओं से नजदीकी जगह जाहिर है। ऐसे में इस विवाद को लेकर भी भाजपा सांसद से दूरी बनाना चाहती है।

विधानसभा	कुल मतदाता	महिला	पुरुष	अन्य
पयागपुर	387399	204829	18254	16
कैसरगंज	389690	206010	183676	04
कटरा बाजार	396936	211098	185825	13
कर्नलगंज	334203	177854	156327	22
तरबगंज	371773	198148	173607	18
योग-	1880001	997939	881989	73

2009 में सांसद ने खुद उतार फेंकी थी केसरिया पगड़ी

अमृत विचार : सांसद बृजभूषण शरण सिंह वर्ष 2009 में खुद ही भाजपा से अलग हो गए थे। उस समय वह बलरामपुर सीट से भाजपा सांसद थे। संसद में न्यूक्लियर डील पर मतदान होना था और कांग्रेस को सरकार बचाने के लिए कुछ सांसदों का समर्थन चाहिए था। उस समय सांसद सपा के साथ खड़े नजर आए थे और कांग्रेस के पक्ष में वोट कर मनमोहन सरकार को बचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्होंने केसरिया पगड़ी उतार लाल पगड़ी पहन ली थी और समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे। हालांकि पांच वर्ष में ही उनका सपा से मोहभंग हो गया था और वर्ष 2014 में वह फिर से भाजपा में शामिल हो गए थे।

कैसरगंज में खत्म नहीं हो रही बाहुबली की प्रतीक्षा

महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला

अमृत विचार : कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट न देने के पीछे उनका महिला पहलवानों संग हुए विवाद को माना जा रहा है। देश की पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट, बबिता फोगाट व साक्षी मलिक ने सांसद पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाकर दिल्ली में मामला दर्ज करा रखा है। इस मामले की सुनवाई चल रही है। महिला शक्ति को आगे रखकर चुनाव लड़ रही भाजपा ऐसे किसी व्यक्ति को टिकट नहीं देना चाहती। जिससे आगे चलकर पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़े। इसलिए पार्टी का शीर्ष नेतृत्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट देने के मूड में नहीं है।

पंचायत चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों का विरोध

अमृत विचार : सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पंचायत चुनाव के दौरान कई जगहों पर पार्टी के घोषित प्रत्याशियों का विरोध किया और उनके खिलाफ अपने उम्मीदवारों को खड़ा कर दिया। चाहे वह नवाबगंज नगर पालिका परिषद या चुनाव रहा हो या फिर मुजेहना ब्लाक प्रमुख का चुनाव। हर बार वह पार्टी लाइन के खिलाफ खड़े नजर आए। अब लोकसभा चुनाव में पार्टी का विरोध उनके टिकट में बाधा बना है।

योगी सरकार पर साधते रहे हैं निशाना

अमृत विचार : कैसरगंज से बीजेपी सांसद होने के बावजूद बृजभूषण शरण सिंह प्रदेश की योगी सरकार पर कई बार निशाना साध चुके हैं। पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान उन्होंने राहत और बचाव कार्य पर सवाल उठाया था, और कहा था कि इस तरह का दौर उन्होंने कभी नहीं देखा। ढेमवा घाट पुल निर्माण को लेकर भी सरकार से उनका नाराजगी सामने आई थी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा या निमंत्रण न मिलने पर भी उनका दर्द छलका था। प्रदेश सरकार पर किया गया उनका यह अपरोक्ष हमला भी टिकट पर संशय का बड़ा कारण माना जा रहा है। इसका नमूना पिछले दिनों मुख्यमंत्री के दौरे में उस वक्त दिखजब सरकारी विज्ञापनों से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का नाम हटा दिया गया। सीएम के कार्यक्रम में सांसद शामिल भी नहीं हुए।

कैसरगंज से कब कौन बना सांसद

1957	भगवानदीन मिश्रा	कांग्रेस
1962	बसंत कुंवरि	स्वतंत्र
1967	शकुंतला नायर	भारतीय जन संघ
1971	शकुंतला नायर	भारतीय जनसंघ
1977	रुद्रसेन चौधरी	जनता पार्टी
1980	राणा वीर सिंह	कांग्रेस
1984	राणा वीर सिंह	कांग्रेस
1989	रुद्रसेन चौधरी	भाजपा
1991	एलएनमणि त्रिपाठी	बीजेपी
1996	बेनी प्रसाद वर्मा	सपा
1998	बेनी प्रसाद वर्मा	सपा
1999	बेनी प्रसाद वर्मा	सपा
2004	बेनी प्रसाद वर्मा	सपा
2009	बृजभूषण शरण सिंह	सपा
2014	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
2019	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा

राजनीतिक अखाड़े की सिरमौर रहीं सुचेता कृपलानी, सुभद्रा जोशी व शकुंतला नायर

अरुण कुमार मिश्र ,गोंडा

अमृत विचार: देश की आजादी के 75 साल बाद जब हम राजनीति में महिलाओं के हक व अधिकार की बात कर रहे हैं। यह तो देश की आजादी के समय से ही शुरू हो गया था। पुरुष प्रधान देश में जिन महिलाओं ने राजनीति में अपने पांव जमाकर देश की महिलाओं को संदेश दे दिया था कि वे किसी से कम नहीं हैं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राजनीति के शिखर तक पहुंची इन वीरांगनाओं ने देश भर की महिलाओं के सामने जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया था। आजाद देश की पहली महिला मुख्यमंत्री से लेकर सांसद बनने तक सफर, देश की पहली हिंदूवादी सांसद बनने का सफर रहा हो या फिर देश के बंटवारे के बाद एक कोने से दूसरे कोने की राजनीति का सफर बहुत ही दिलचस्प रहा है।

महिला सांसदों का सफर

गोंडा, कैसरगंज व बलरामपुर में जमाया था पांव

स्वतंत्रता आंदोलन से राजनीतिक अखाड़े में पांव जमाकर आजाद देश की पहली मुख्यमंत्री थीं सुचेता कृपलानी

25 जून 1908 में जन्मीं सुचेता मजूमदार ने देश की स्वाधीनता आंदोलन में शिरकत की। आचार्य जेबी कृपलानी की पत्नी बनने के बाद उनका नाम सुचेता कृपलानी हो गया और वह उनके साथ स्वतंत्रता आंदोलन में डट गईं। इसके बाद उनका भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में प्रवेश हुआ। पंजाब विश्वविद्यालय से एमए, बी.एड तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से हिंदी व अंग्रेजी भाषा की मर्मज्ञ बनने वाली सुचेता कृपलानी को 1948 में कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। वह 1960 तक इसी पद पर बनी रहीं। राजनीति की सूक्ष्म से सूक्ष्म परख रखने वाली सुचेता कृपलानी को देश में पहली महिला मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त है। उत्तर प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने 1962 में शपथ ली। पांच साल तक मुख्यमंत्री रहीं सुचेता कृपलानी 1952 में दिल्ली से सांसद बनी थीं और नेहरू मंत्रिमंडल में मंत्री बनी थीं।

मुख्यमंत्री की कमान संभालने के बाद वह महिला के अधिकारों को लेकर मुखर थीं और त्वरित समाधान करती थीं। 1967 में उन्हें गोंडा लोकसभा से चुनाव लड़ाया गया। वह कांग्रेस के टिकट पर गोंडा के कौशलेंद्र दत्त राम पांडेय को शिकस्त देकर सांसद बनीं। 17 लोकसभा चुनावों में गोंडा लोकसभा से मात्र दो बार ही महिलाओं को संसद में जनता की रहनुमाई का मौका मिला। पहला 1967 में सुचेता कृपलानी को दूसरा 1996 में केतकी सिंह को।

शकुंतला नायर(फाइल फोटो)।


सुभद्रा जोशी(फाइल फोटो)।

सुचेता कृपलानी(फाइल फोटो)।

पिंक पन्ना

गोंडा लोकसभा के बगल में कैसरगंज लोकसभा से पहली बार पूरे देश में एक मात्र हिंदूवादी महिला शकुंतला नायर ने पहला चुनाव जीत कर महिलाओं के सम्मान को आगे बढ़ाया। 1949 में फैजाबाद के डीएम रहे केके नायर की पत्नी शकुंतला नायर को 1952 में हिंदू महासभा से चुनाव लड़ाया गया और वह जीत गईं। इसके बाद 1967 व 1971 में वह इसी सीट से जनसंघ के टिकट पर चुनाव लड़ीं और जीत गईं। कैसरगंज से तीन बार शकुंतला नायर तो एक बार स्वतंत्र पार्टी से बसंत कुंवरि की नुमाइंदगी रही। इन महिला राजनीतिज्ञों ने महिलाओं के राजनीति में प्रवेश को रास्ता दिखाया।

गोंडा के बगल में बलरामपुर लोकसभा सीट से महादिग्गजों ने अपने राजनीतिक अभियान को गति दी। 1997 से पहले गोंडा जिले में ही समाहित बलरामपुर सीट से पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी, भारत रत्न नाना जी देशमुख ने राजनीति को परवान चढ़ाया तो 1962 में सुभद्रा जोशी ने अटल जी से सीट छीनकर महिला सांसद का खिताब जीत लिया। बलरामपुर सीट से सुभद्रा जोशी को एक मात्र महिला सांसद बनने का गौरव हासिल है। बलरामपुर सीट से उनके अलावा किसी महिला के हाथ में यह सीट नहीं आई।

तीनों दिग्गज महिलाओं की पृष्ठभूमि बाहर की रही

सुचेता कृपलानी का जन्म हरियाणा के अंबाला में हुआ था, जबकि शकुंतला नायर का जन्म केरल के एलेप्पी में हुआ था। वहीं सुभद्रा जोशी का जन्म सियालकोट(अब पाकिस्तान में) हुआ था। आजादी के पहले जन्मीं इन वीरांगनाओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। इसके बाद इनका पदार्पण राजनीति में हुआ। शिक्षित होने के साथ इनका राजनीतिक कद भी महिलाओं को सीख देने वाला रहा है।

डुमरियागंज लोकसभा सीट पर विपक्ष ने अब तक नहीं खोले पत्ते

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : लोकसभा 2024 के चुनाव का डंका बज चुका है, किंतु डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन और बसपा का पत्ता न खुलने के कारण चुनाव अभी रोचक नहीं हुआ है। अलबत्ता भाजपा के प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने अंधाधुंध लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान में अपनी ताकत लगा दी है। सभाओं के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां भी गिना रहे हैं। वहीं पर इंडिया गठबंधन की सीट डुमरियागंज लोकसभा में सपा के पाले में है, किंतु अभी तक कोई भी प्रत्याशी चुनावी मैदान में न उतरने के कारण चुनाव रोचक होता नहीं दिखाई दे रहा है। बसपा ने भी अभी तक अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। लोकसभा डुमरियागंज के इटवा के विधायक तथा पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडे से जब इस संबंध में वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि पार्टी की लिस्ट में 8-10 लोगों का नाम है, किंतु अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है। पार्टी मुझे लोकसभा डुमरियागंज से चुनाव लड़ने के लिए दबाव दे रही है। किंतु मेरी उम्र 82 साल हो गई है। इस कारण मैंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। नाम पूछने पर उन्होंने बताया कि कई नाम सामने है। जिसमें आलोक चौधरी, चिंकू यादव, लालजी यादव आदि नाम को उन्होंने गिनाया। उन्होंने कुशल तिवारी का भी नाम लिया कि यह भी उसी लिस्ट में हैं। लेकिन अभी पार्टी ने किसी के नाम की घोषणा नहीं की है। इस प्रकार चुनाव में रोचकता नहीं दिखाई दे रही है।

जगदंबिका पाल

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	73651	22326
बढ़त	655	203
प्रतिशत में	0.90	0.92

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 30 मार्च 2024

एक नजर

अडाणी ग्रीन एनर्जी ने परिचालन शुरू किया

नयी दिल्ली। अडाणी ग्रीन एनर्जी ने गुजरात के खावडा में 775 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं का परिचालन शुरू कर दिया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि परियोजनाओं का परिचालन संबंधित मंजूरियां मिलने के बाद शुरू किया गया है।

एलआईसी के कार्यालय 30-31 मार्च को खुलेंगे

नयी दिल्ली। जीवन बीमा निगम (एलआईसी) करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2023-24 की समाप्ति से पहले कर बचाने की प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा देने के लिए 30 मार्च और 31 मार्च को अपने कार्यालय खुले रखेगा। एलआईसी का यह कदम बैंकों की घोषणा के बाद उठाया है।

40,000 फ्रेशर्स को नौकरी दे सकती है टीसीएस, छात्रों से प्रार्थना पत्र मांगा

2024 में पासआउट छात्रों को मौका मिलेगा, 11 लाख तक सालाना पैकेज का ऑफर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की टेक कंपनी टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज फ्रेशर्स को नौकरी देगी। कंपनी ने 2024 के बीटेक, बीई, एमसीए, एमएससी और एमएस के छात्रों से एप्लिकेशन मांगी हैं। हालांकि, अभी तक इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि फ्रेशर्स के लिए कितनी सीटें उपलब्ध हैं। पिछले साल, यह बताया गया था कि 40,000 तक वैकेंसीज उपलब्ध थीं।

टीसीएस ये हायरिंग तीन कैटेगरी- नींजा, डिजिटल और प्राइम में करेगी। निंजा कैटेगरी को 3.36 लाख, डिजिटल को 7 लाख और प्राइम को 9 लाख से 11 लाख सालाना पैकेज मिलेगा। इन कैटेगरी में जॉब के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 अप्रैल है और टेस्ट 26 अप्रैल को होगा। टीसीएस के मैनेजमेंट ने जनवरी में कहा था कि वित्त वर्ष 2024-25 से लिए फ्रेशर्स की रिक्रूटमेंट प्रोसेस शुरू हो चुकी है। कंपनी अभी कॉलेजों में विजिट कर रही है। कंपनी ने आर्ट, कॉमर्स और साइंस ग्रैजुएट्स के लिए भी हायरिंग शुरू की है। इन्हें बिजनेस प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट के तौर पर हायर किया जा रहा है। टीसीएस वेबसाइट के करियर पेज के अनुसार, सभी आवेदकों को 14 अप्रैल से पहले रजिस्टर होना होगा।

टीसीएस में कर्मचारियों की संख्या तीसरी तिमाही के अंत में 10,669 घटकर 603,305 रह गई थी। टीसीएस 12 अप्रैल को वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की रिपोर्ट जारी करेगी। इसमें एट्रीशन की जानकारी भी शामिल होगी। टीसीएस के चीफ एचआर मिलिंद लक्कड़ ने दिसंबर में कहा था, हमने अगले साल के लिए अपनी कैंपस हायरिंग प्रोसेस शुरू कर दी है और नए लोगों के बीच टीसीएस जुड़ने के लिए जबरदस्त उत्साह देखा है। तब उन्होंने हायरिंग की संख्या नहीं बताई थी। उन्होंने कहा था संख्या बड़ी होगी। भारत की दिग्गज आईटी फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज इस साल 40,000 नई हायरिंग करेगी। कंपनी यह हायरिंग कैंपस प्लेसमेंट के जरिए करेगी। टीसीएस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एन. गणपति सुब्रमण्यम ने इस बात की जानकारी दी है।

एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स को मिली नाम बदलने की अनुमति

नयी दिल्ली। एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स (एलटीएफएच) का नाम कंपनी पंजीयक (आरओसी) से अनुमोदन के बाद बदलकर एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एलएंडटी फाइनेंस का मुख्यालय मुंबई में है। इसे पहले एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के नाम से जाना जाता था और यह एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला पेश करती है। एलएंडटी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुदीप्त रॉय ने कहा कि चार दिसंबर, 2023 से विलय के बाद कंपनी की नई ब्रांडिंग पहल सरलीकृत 'एकल ऋण इकाई' के निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

आर्थिक सशक्तिकरण को वित्तीय समावेशन जरूरी

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को महिला उद्यमियों से कहा कि वे डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर छोटे व्यवसाय को मजबूत बनाने और बदलाव का अगुवा बनने में मदद करें। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (एफएलओ) के 40वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को प्राप्त करने के लिए वित्तीय समावेशन और डिजिटल होना महत्वपूर्ण है।

ठाकुर ने कहा, "महिलाओं को आर्थिक वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा बनना चाहिए। महिलाओं को सशक्त बनाना, उनकी चिंताओं को दूर करना और उनकी आवाज को उठाना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है।" उन्होंने कहा कि 1.2 लाख स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली स्टार्टअप कंपनी को यूनिकॉर्न कहा जाता है। उन्होंने कहा, "अगले तीन साल में जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा तो महिलाओं का योगदान कहीं अधिक होगा।" उन्होंने कहा कि छोटे व्यवसायों के डिजिटल होने पर वे बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल सकेंगे।

विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.6 अरब डॉलर पर

मुंबई, एजेंसी

स्वर्ण में बढोतरी होने से 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर लगातार पांचवें सप्ताह चढ़ता हुआ 642.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ 642.5 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 12.3 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 568.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34.7 करोड़ डॉलर घटकर 51.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 2.7 करोड़ डॉलर कम होकर 4.7 अरब डॉलर पर आ गया।

जयश्री दास फिक्की महिला संगठन की अध्यक्ष बनीं

नयी दिल्ली। जयश्री दास वर्मा ने उद्योग मंडल फिक्की महिला संगठन के 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है। एफएलओ दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे पुराना महिला केंद्रित कारोबारी संगठन है। वर्मा को इजराइल ने पूर्वोत्तर भारत के लिए अपना मानद वाणिज्यदूत नियुक्त किया है। वह मानव संसाधान फर्म काप्रो मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक भी हैं। उन्होंने कहा, मैं फिक्की एफएलओ का 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं।

फोनपे के यूजर अब यूएई में कर सकेंगे यूपीआई

नयी दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा करने वाले फोनपे ऐप के यूजर अब यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मशरेक के नियोपे टर्मिनल पर यूपीआई से पेमेंट कर सकते हैं। ये कई रिटेल स्टोर, डाइनिंग आउटलेट के साथ-साथ पर्यटक और घूमने-फिरने की मशहूर जगहों पर उपलब्ध हैं। आसान और तुरंत पेमेंट करने के लिए, यूजर को सिर्फ़ क्यूआर कोड स्कैन करना होगा।

ये लेनदेन, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई) के ज़रिए पूरे किए जाते हैं। सभी लेनदेनों की प्रक्रिया भारतीय रुपये में की जाती है। ऐसा पारदर्शिता और भारतीय पर्यटकों को सहूलियत देने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, वे प्रवासी भारतीय भी फोनपे ऐप डाउनलोड कर सकते हैं जिनके पास यूएई के मोबाइल नंबर हैं और पेमेंट की सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए, वे अपने मौजूदा एनआरई और एनआरओ खाते लिंक कर सकते हैं। इसका उद्देश्य भारतीय प्रवासियों के लिए यूएई में लेनदेन को ज़्यादा आसान और सुविधाजनक बनाना है।

यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को 15 अप्रैल से बंद करने के निर्देश

नयी दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार कंपनियों से 15 अप्रैल से यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को बंद करने के लिए कहा है। एक आधिकारिक आदेश में यह भी कहा गया कि वैकल्पिक तरीके के जरिये इन सेवाओं को फिर से चालू किया जा सकता है।

मोबाइल फोन के जरिये होने वाली धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों पर लगाम लगाने के लिए इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। मोबाइल ग्राहक अपने फोन स्क्रीन पर कोई भी सक्रिय कोड डायल करके यूएसएसडी सेवा का उपयोग करते हैं। इस सेवा का इस्तेमाल अक्सर आईएमईआई नंबर और मोबाइल फोन शेष राशि समेत अन्य जानकारी पता लगाने के लिए किया जाता है।

विभाग ने 28 मार्च के एक आदेश में कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि एसएसएसडी (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डेटा) आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सुविधा का दुरुपयोग कुछ अनुचित गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

आदेश के मुताबिक, ''इस संबंध में, सक्षम प्राधिकारी ने यह फैसला किया है कि सभी मौजूदा यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को 15 अप्रैल, 2024 से अगली सूचना तक बंद कर दिया जाए।'' आदेश में कहा गया है कि सभी मौजूदा ग्राहक जिन्होंने यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवा सक्रिय की है, उन्हें वैकल्पिक तरीकों से फिर से कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को सक्रिय करने के लिए कहा जा सकता है।

राष्ट्रीय

एक नजर

भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर जोर दिया

नयी दिल्ली। भारत ने जी-20 के रोजगार कार्य समूह की बैठक में ग्लोबल स्किल मैपिंग- वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल देते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रम गतिशीलता के लिए एक प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में रोजगार कार्य समूह की दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल दिया है। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता दावरा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित वैश्विक कौशल सामंजस्य की प्राप्ति की दिशा में पहला कदम आईएलओ और ओईसीडी ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण की व्यवहार्यता अध्ययन के संदर्भ की शर्तों (टीओआर) का मसौदा तैयार करने के साथ उठाया गया है।

बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस में शामिल होने के आसार

जींद। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के भी कांग्रेस में शामिल होने के आसार हैं। राज्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यहां पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि जब वह कांग्रेस में शामिल होंगे तो उनके साथ हरियाणा के दो मौजूदा विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन ये विधायक कौन होंगे, इस बारे में बताने से इनकार कर दिया।

प्रचार गीत 'मोदी संग बिहार' जारी किया

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार के वास्ते शुक्रवार को गीत ''मोदी संग बिहार'' जारी किया। ''मोदी संग बिहार'' शीर्षक वाला यह गीत राज्य में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डालता है। इसमें प्रधानमंत्री की गारंटी का भी जिक्र है। भाजपा नेता विनोद तावड़े ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित कई पार्टी नेताओं की उपस्थिति में यह प्रचार गीत जारी किया।

ईडी केजरीवाल के फोन से आप की चुनाव रणनीति की जानकारियां लेना चाहती है

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया

नयी दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक हथियार के तौर पर काम कर रहा है और वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का फोन हासिल कर 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति जानना चाहता है। वहीं, भाजपा ने आतिशी के आरोपों पर पलटवार करते हुए पूछा कि केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बार-बार फोन क्यों बदलते हैं।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था तथा वह एक अप्रैल तक केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में हैं। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ईडी की केजरीवाल के मोबाइल फोन की जांच करने की जिद यह साबित करती है कि एजेंसी भाजपा के ''राजनीतिक हथियार'' के रूप में काम कर रही है।

उन्होंने दावा किया कि यह मोबाइल फोन कुछ महीने पुराना है तथा यह तब नहीं था जब नीति बनायी व लागू की गयी थी। केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा ''दरअसल, यह भाजपा है न कि ईडी जो यह जानना चाहती है कि केजरीवाल के फोन में क्या है।'' उन्होंने दावा किया कि आबकारी नीति 2021-22 में लागू की गयी और मुख्यमंत्री का मौजूदा फोन महज कुछ महीने पुराना है। आतिशी के अनुसार, ईडी ने कहा है कि उस वक्त का केजरीवाल का फोन उपलब्ध नहीं है और अब वह उनके नए फोन का पासवर्ड चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, 'वे इसलिए फोन चाहते हैं क्योंकि वे इसमें 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति, प्रचार अभियान की योजनाओं, 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के साथ बातचीत की जानकारियां और मीडिया तथा सोशल मीडिया रणनीति से जुड़ी सूचना ढूंढ लेंगे।''

हुबली में होली के मौके पर रंगों में सरोबार होकर नृत्य करतीं युवतियां। ● एजेंसी

चुनावी घोषणा के बाद सी-विजिल एप पर मिलीं 79 हजार शिकायतें

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79 हजार से अधिक शिकायतें मिलीं है। आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है। आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे। वहीं तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति नष्ट को लेकर थी।

जब कानून अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं : उपराष्ट्रपति

नयी दिल्ली, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि जो लोग सोचते थे कि वे व्यवस्था से परे हैं, उन्हें अब जवाबदेह ठहराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कानून जब अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं।

धनखड़ ने आश्चर्य जताया कि कानून का उल्लंघन करने वाला कोई व्यक्ति कैसे 'पीड़ित कार्ड' खेलता है। उनकी टिप्पणी कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) की प्रस्तावित रैली की पृष्ठभूमि में आई है। रैली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के कई नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को तबाह करने के लिए आयकर विभाग, ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

अभद्र भाषा पर सिद्धरमैया के बेटे के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत

बेंगलुरु, एजेंसी

भाजपा ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बेटे यतींद्र सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर हमला करने के लिए ''अपमानजनक शब्दों'' का इस्तेमाल करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। भाजपा की राज्य इकाई ने निर्वाचन आयोग को लिखे एक पत्र में पूर्व विधायक के खिलाफ आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया है। यतींद्र सिद्धरमैया ने पूरी तरह से निंदनीय बयान दिया है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निजी हमला है।''

केवल मोदी, शाह ही देश की सभी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं : एचडी देवेगौड़ा

बेंगलुरु, एजेंसी

पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने शुक्रवार को कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा कोई नेता नहीं है जो राष्ट्रीय स्तर पर सभी समस्याओं का समाधान कर सके। जनता दल (सेक्युलर) के संस्थापक ने कर्नाटक में सभी 28 लोकसभा सीटें जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता को रेखांकित किया।

देवेगौड़ा (91) की पार्टी जद (एस) पिछले साल सितंबर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हुई थी। राज्य में सीट-बंटवारे के समझौते के तहत, भाजपा 25 निर्वाचन क्षेत्रों में और जद (एस) तीन निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ेगी। देवेगौड़ा ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा की भूमिका को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अतीत में जो कुछ भी हुआ उन्हें भूल जाना चाहिए।'' भाजपा-जद (एस) की समन्वय बैठक में देवेगौड़ा ने कहा, ''हमारे प्रतिद्वंद्वी बहुत मजबूत हैं। जब तक हम अतीत की बातें और मतभेद नहीं भुलाएंगे यह मत सोचिए कि हम सभी 28 सीटें जीतने जा रहे हैं।'' देवेगौड़ा ने कहा कि मोदी के अलावा इस देश में कोई नेता नहीं है। एक दशक तक प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करते हुए वह देश के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हैं। जद (एस) संस्थापक ने कहा, केवल मोदी और शाह ही ऐसे दो नेता हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर सभी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

ओखा में होवरक्राफ्ट इकाई संरचना का रक्षा सचिव ने किया उद्घाटन

नयी दिल्ली। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने शुक्रवार को गुजरात के ओखा में भारतीय तटरक्षक के लिए होवरक्राफ्ट रखरखाव इकाई के वास्ते आधारभूत संरचना का उद्घाटन किया। श्री अरमाने ने गुरुवार और शुक्रवार को पश्चिमोत्तर क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक सुविधाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ओखा में होवरक्राफ्ट रखरखाव इकाई के लिए आधारभूत संरचना का उद्घाटन किया। रक्षा सचिव को ओखा में 200 मीटर की जेट्टी के निर्माण कार्य के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा में भारतीय तटरक्षक भूमिका की सराहना की।

जयशंकर और यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा से वैश्विक मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा गुरुवार को भारत पहुंचे। यह उनकी भारत की पहली यात्रा है। शुक्रवार को उन्होंने केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। हैदराबाद हाउस में जयशंकर ने यूक्रेनी विदेश मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, हैदराबाद हाउस में यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा का स्वागत है। उन्होंने कहा कि, हमारे बीच वैश्विक मुद्दों पर चर्चाएं होंगी। डिमित्रो कुलेबा के साथ बैठक में जयशंकर ने कहा, "हाल के महीनों में हमने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि हमने अपने रिश्तों को थोड़ा गहरा किया। आज इस चर्चा के बाद हम अंतरसरकारी आयोग की चर्चा का इंतजार कर रहे हैं। आपकी यात्रा से हमें आपके क्षेत्र में की स्थिति के बारे में जानने का मौका मिला। हमारी टीम ने इसपर चर्चा के लिए एजेंडा तैयार किया है। यूक्रेनी विदेश मंत्री कुलेबा ने कहा, भारत और यूक्रेन पारंपरिक मित्र रहे हैं। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि हम इससे भी बढ़कर कुछ कर सकते हैं। न केवल अपने राष्ट्र के हितों के लिए बल्कि वैश्विक विकास के लिए भी करना चाहिए।

...उम्मीद है कि भारत में सभी के अधिकार सुरक्षित

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका-जर्मनी के बाद अब यूएन की टिप्पणी

भारत समेत कई अन्य देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे हैं, जिसको देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के एक प्रवक्ता ने उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं, वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो। इसके अलावा, हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम हो।

महासचिव स्टीफन दुजारिक के प्रवक्ता ने ये टिप्पणी गुरुवार को उस समय की जब वह भारत में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उनसे आगामी आम चुनावों से पहले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी और विपक्षी कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के मद्देनजर भारत में राजनीतिक

अशांति पर सवाल किया गया था। डुजारिक ने कहा, 'हमें बहुत उम्मीद है कि भारत में, जैसा कि चुनाव वाले किसी भी देश में होता है, राजनीतिक और नागरिक अधिकारों सहित सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी और हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम होगा।' संयुक्त राष्ट्र की यह प्रतिक्रिया केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को जब्त करने पर इसी तरह के सवाल पर अमेरिका द्वारा भी प्रतिक्रिया देने के एक दिन बाद आई है। दरअसल, बुधवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी के विरोध में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को तलब किया गया था। इसके कुछ घंटों बाद, वाशिंगटन ने फिर दोहराया कि यह निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है।

अमेरिकी राजनयिक को दिल्ली में तलब किए जाने पर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, 'मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं। लेकिन निश्चित रूप से हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने अभी यहां से कहा है, कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं।

जापानः हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत 114 अस्पताल में भर्ती

टोक्यो। जापान में हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत हो गई, जबकि 114 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोबायासी फार्मास्युटिकल ने पिछले हफ्ते अपने प्रोडक्ट को बाजार से वापस लेने की घोषणा की थी।

आरोप है कि कंपनी मामले में देरी की है। इस हेल्थ सप्लीमेंट को खाकर कुछ लोगों में किडनी संबंधी समस्याएं पैदा हो गई हैं। हालांकि, इसके पीछे के कारण का अबतक पता नहीं चल पाया है।कोबायाशी फार्मास्युटिकल वर्षों से बेनिकोजी उत्पाद बेच रही है। पिछले तीन वर्षों में दस लाख पैकेज बेचे गए हैं, लेकिन 2023 में उत्पादित प्रोडक्ट के साथ यह समस्या सामने आई है। कंपनी ने कहा कि उसने पिछले साल 18.5 टन बेनिकोजी का उत्पादन किया था।

गिफ्ट किए शेयर की वैल्यू देने वाले की आय में जुड़ेगी

बदलते समय के साथ लोगों का निवेश का तरीका बदला है। लोग अब ज्यादा रिटर्न पाने के लिए शेयर बाजार का रुख कर रहे हैं। बढ़ी जागरुकता का ही असर है कि लोग अब गिफ्ट में अपने प्रिय जनों को शेयर भी देने लग गए हैं। संभव है कि आपने भी अपने पार्टनर या परिवार के किसी सदस्य को गिफ्ट में शेयर दिया हो, या फिर ऐसा करने की तैयारी कर रहे हों। तो आइए जानते हैं कि गिफ्ट में शेयर देने के मामले में टैक्स के नियम किस तरह से लागू होते हैं...

म्यूचुअल फंड गिफ्ट

म्यूचुअल फंड्स गिफ्ट में देना मुश्किल है। पर आप म्यूचुअल फंड्स की यूनिट खरीदने के लिए पैसा नाबालिग के खाते में ट्रांसफर कर सकते हैं। बता दें, इस तरह जब बच्चे 18 साल के हो जाते हैं तो प्रत्येक बच्चे को निधि का अपना हिस्सा प्राप्त होता है। इसकी खास बात है कि आप किसी भी समय अपने निवेश के विकल्प को बदल सकते हैं।

50 हजार तक के गिफ्ट पर टैक्स नहीं

शेयर गिफ्ट में मिलने पर अपने ब्रोकर के पास फॉर्म भरकर परिवार के सदस्य या दोस्त समेत किसी को भी शेयर गिफ्ट कर सकते हैं। यदि गिफ्ट जीवनसाथी, बहू या नाबालिग को दिया जाता है, तो उन शेयरों से हुई आय गिफ्ट करने वाले की इनकम में जुड़ेगी। यदि गिफ्ट किसी रिश्तेदार से मिला है, तो इस पर कोई टैक्स नहीं लगता है। लेकिन यदि शेयर या ईटीएफ किसी गैर- रिश्तेदार से गिफ्ट में मिले है और एक वित्त वर्ष में इसकी मार्केट वैल्यू 50 हजार रुपये से ज्यादा है, तो गिफ्ट का पूरा मूल्य टैक्सेबल होगा।

- एफडी गिफ्ट में मिलने पर एफडी किसी को भी गिफ्ट में दी जा सकती है। लेकिन नाबालिग सीधे तौर पर इसके मालिक नहीं हो सकते। नाबालिग के अभिभावक उसके वयस्क होने तक एफडी मैनेज करते हैं। इस मामले में रिश्तेदारों में गिफ्ट देने वाले व्यक्ति के जीवनसाथी, भाई-बहन, जीवनसाथी के भाई- बहन, माता-पिता के भाई-बहन शामिल हैं। यदि आप अपने एफडी अकाउंट से रिश्तेदार के नाम पर पैसा ट्रांसफर करते हैं, तो इस पर देने वाले और पाने वाले पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। लेकिन एफडी से प्राप्त व्याज गिफ्ट देने वाले की टैक्सेबल इनकम में टैक्स लगेगा।

इस तरह से होगा कैलकुलेशन

टैक्स होल्डिंग समय के हिसाब से लगता है। अगर लिस्टेड शेयर को खरीद तारीख से 12 महीने से कम रखकर बेचा गया है तो मुनाफे पर 15 फीसदी की दर से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स (एसटीसीजी) देना पड़ेगा। 12 महीने के बाद बेचने पर मुनाफे को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाएगा। एक लाख रुपये से ज्यादा के मुनाफा पर 10 फीसदी टैक्स लगेगा। दोनों मामलों में सेस और सरचार्ज भी देना होगा। अनलिस्टेड शेयर के मामले में 24 महीने से कम में बेचने पर मुनाफे को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन, जबकि 24 महीने रखकर बेचने पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाता है।

एक नजर

न्यायिक मामलों में कार्यपालिका का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं: काजी फैज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा कि न्यायाधीशों के मामलों और न्यायिक कामकाज में कार्यपालिका का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान की सरकार ने हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के कामकाज में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप मामले में आरोपों की जांच की घोषणा की है। ये आरोप इस्लामाबाद हाईकोर्ट के छह न्यायाधीशों ने एक पत्र लिखकर लगाए हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मुख्य न्यायाधीश ईसा के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक भी हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार शाम कहा कि कार्यपालिका की ओर से न्यायपालिका में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया जा सकता है।

रूस में आतंकी हमले में लिप्त ताजिकिस्तान से नौ गिरफ्तार

दुशांबे। रूस के मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट में पिछले सप्ताह हमला करने वाले आतंकवादियों से संबंध रखने के आरोप में ताजिकिस्तान में नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है। ताजिकिस्तान के खुफिया विभाग के सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों से ताल्लुक के आरोप में राजधानी दुशांबे के एक उपनगर के नौ निवासियों को हिरासत में लिया गया है। सूत्र ने कहा, इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन से संबंध रखने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। गौरतलब है कि आतंकी हमले में 143 लोग मारे गए थे, जबकि 100 से अधिक घायल हो गये थे।

बीएसएफ ने अमृतसर से पाकिस्तानी ड्रोन और हेरोइन बरामद की

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले में एक पाकिस्तनी ड्रोन और एक किलो से अधिक हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को सतर्क बीएसएफ के सैनिकों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। खोज के दौरान, उन्होंने अमृतसर जिले के डौके गांव के पास एक खेत से एक छोटे क्वाडकॉप्टर ड्रोन (डीजेआई माविक 3) को बरामद कर लिया। कार्रवाई के दौरान वहीं एक अन्य घटना में एक पैकेट (कुल वजन - 1.140 किलोग्राम) हेरोइन बरामद की है।

रूस का यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्र पर 99 ड्रोन, मिसाइलों से हमला

कीव। रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्र पर बड़े पैमाने पर किए गए हमले में 99 ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल किया। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कहा कि देशभर में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है, 10 अलग-अलग क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। 60 शहीद ड्रोन और विभिन्न प्रकार के 39 मिसाइल से देशभर में हमले किये गए, जिनमें से 58 ड्रोन और 26 मिसाइल को मार गिराया गया। यूक्रेन के सरकारी ग्रिड संचालक ने कहा ऊर्जा संयत्रों सहित बुनियादी ढांचे को जानबूझ कर निशाना बनाया गया।

अप्रशिक्षित हाथों में एआई नहीं आना चाहिए, इसके दुरुपयोग का खतरा

पीएम मोदी और बिल गेट्स की बातचीत का वीडियो रिलीज, कई मुद्दों पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर स्वास्थ्य, क्लाइमेट और रीसाइक्लिंग समेत कई मुद्दों पर बेहद खास चर्चा की। पीएम मोदी और बिल गेट्स की इस चर्चा का एक वीडियो शुक्रवार को रिलीज किया गया है। इस वीडियो में पीएम मोदी ने भारत में टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और रीसाइक्लिंग को लेकर दिल खोलकर बात की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल गेट्स को अपने भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगाह किया कि अकुशल, अप्रशिक्षित हाथों में एआई जैसी शक्तिशाली तकनीक नहीं आनी चाहिए। इसके एआई का गलत इस्तेमाल हो सकता है। पीएम मोदी ने विस्तार से बताया कि कैसे भारत ने अपने नागरिकों के लाभ के लिए टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण किया है। जीवन में सुधार के लिए डिजिटल की शक्ति को अपनाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश चौथी औद्योगिक क्रांति में उल्लेखनीय प्रगति करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत पवन और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

भारत परमाणु ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में तेजी से आगे बढ़ना चाहता है। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कचरे के पुनर्चक्रण की भारत की संस्कृति के बारे में बात की। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने जो जैकेट पहनी है, वह रिसाइकिल सामग्री से बनी है। पीएम मोदी ने कहा कि इसकी खासियत यह है कि इसमें कपड़े के छोटे-छोटे टुकड़ों और रिसाइकिल प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास पर चर्चा करते माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

पीएम मोदी बोले- भारत युवाओं को नए विचारों से प्रोत्साहित करता है

पीएम मोदी ने बिल गेट्स से कहा कि देश नवीकरणीय ऊर्जा में तेजी से विकास कर रहा है और युवा पीढ़ी को नवीन विचारों के साथ योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बजट में 1 लाख करोड़ रुपये के कॉर्पस फंड का प्रावधान किया है। युवा पीढ़ी को अपने नए विचारों में योगदान देने के लिए एक कोष भी स्थापित किया है। जिससे युवाओं को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त ऋण मिलता है।

भारत की परमाणु घड़ी तय करेगी कंप्यूटर स्मार्टफोन पर समय

बेंगलुरु। भारत अपने समय में कोई बदलाव किए बिना घरेलू कंप्यूटरों और स्मार्टफोन को देसी रूबिडियम परमाणु घड़ी के साथ जोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह घड़ी हमारे कंप्यूटर और स्मार्टफोन पर समय निर्धारित करेगी। इसके साथ ही, भारत ऐसा करने वाले चार अन्य देशों के विशिष्ठ क्लब में शामिल हो जाएगा।

वर्तमान में इंटरनेट पर भारतीय सिस्टम अमेरिका स्थित नेटवर्क टाइम प्रोटोकॉल से जुड़े होते हैं। यही पूरे कंप्यूटर नेटवर्क पर समय को निर्धारित करता है। इस परमाणु घड़ी को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने विकसित किया है। इसका पहली बार इस्तेमाल भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (आईआरएनएसएस) या नाविक में किया गया था। कारगिल युद्ध के दौरान अमेरिका ने जब भारत में जीपीएस पहुंच देने से इनकार किया था, उसके बाद रूबिडियम परमाणु घड़ी को बनाया गया था। 2013 से 2023 के बीच लॉन्च नौ नाविक उपग्रह में आयातित परमाणु घड़ी का इस्तेमाल किया गया था। स्वदेश निर्मित घड़ी का इस्तेमाल पहली बार मई, 2023 में 10वें और नवीनतम संस्करण में किया गया था।

द. अफ्रीका में श्रद्धालुओं से भरी बस खाई में गिरी, 45 की मौत

खाई में गिरने के बाद जलकर खाक हुई श्रद्धालुओं से भरी बस।

केपटाउन, एजेंसी

- भीषण सड़क हादसे में राहत-बचाव कार्य जारी, एक बच्चा जीवित बचा

दक्षिण अफ्रीका में गुरुवार को ईस्टर उत्सव के लिए श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस एक पहाड़ी दर्रे पर बने पुल से नीचे गिर गई और उसमें आग लग गई जिससे कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई। उत्तरी लिम्पोपो प्रांत के प्राधिकारियों ने बताया कि हादसे में केवल आठ साल का एक बच्चा जीवित बचा है जिसका उपचार किया जा रहा है। उसे गंभीर चोट आई है।

लिम्पोपो प्रांतीय सरकार ने बताया कि तलाश अभियान जारी है लेकिन कई शव इतने बुरी तरह जल गए हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल हो गया है और वे अभी बस में ही फंसे हैं। प्राधिकारियों ने बताया कि उनका मानना है कि बस पड़ोसी देश बोत्सवाना से मोरिया शहर जा रही थी जो मशहूर ईस्टर तीर्थस्थल है। उनके मुताबिक ऐसा लगता है कि बस के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई।

राष्ट्रीय परिवहन विभाग ने बताया कि परिवहन मंत्री सिंडिसिवे चिकुंगा एक सड़क सुरक्षा अभियान के लिए लिम्पोपो प्रांत में मौजूद थीं और उन्होंने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है तथा उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ईस्टर की छुट्टियों के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के खतरे से अक्सर आगाह करती रहती है।

हिमस्खलन की चेतावनी...

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने घाटी के चार जिलों के ऊपरी हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान हिमस्खलन होने की चेतावनी जारी की है। कश्मीर के कुपवाड़ा, बंदीपोरा, गांदरबल और बारामूला की 2400 मीटर से ऊंची चोटियों पर हिमस्खलन होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को हिमस्खलन-संभावित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी गई है। घाटी में कुछ ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है। इसे देखते हुए की चेतावनी जारी की है। ● एजेंसी

अमेरिका नस्ल के आधार पर लोगों के वर्गीकरण के तरीके बदल रहा

वाशिंगटन। अमेरिका में 27 वर्षों में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब अमेरिकी सरकार नस्ल और नस्ल के आधार पर लोगों के वर्गीकरण के तरीके को बदल रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस बदलाव से सटीक जनगणना में मदद मिलेगी। अमेरिका के प्रबंधन और बजट कार्यालय द्वारा गुरुवार को नस्ल और जातीयता के लिए न्यूनतम श्रेणियों में संशोधन की घोषणा की गई है।

यह प्रयास अमेरिका के लोगों को एक समान दर्जा देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इससे सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव हो सकता है। इसके अलावा इसका मकसद यह है कि अलग अलग समाजों में रह रहे लोग संघीय सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में खुद को देख सकें।

जम्मू में गहरी खाई में गिरी एसयूवी, 10 की मौत

बनिहाल/जम्मू, एजेंसी

जम्मू संभाग के जिले रामबन में शुक्रवार को एक एसयूवी फिसलकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वाहन श्रीनगर से जम्मू की ओर आ रहा था। देर रात करीब सवा एक बजे जिले के बैटरी चश्मा इलाके में एसयूवी 300 फुट गहरी खाई में गिर गई।

अधिकारियों ने बताया कि दस लोगों की मौत हो गई है। पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के जवान मौके पर हैं। भारी बारिश के बीच 10 यात्रियों के शव देखे गए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में कार चालक जम्मू के अंब घरोटा के बलवान सिंह (47) और बिहार के पश्चिमी चंपारण के विपीन मुखिया भैरगंग शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान चल रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रामबन सड़क हादसे में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। एक शोक संदेश में उपराज्यपाल ने कहा, सड़क दुर्घटना के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख लगा, जिसमें बहुमूल्य जानें चली गईं।

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे के बाद मौजूद बचावकर्मी।

पीएम ने की दो-दो लाख की सहायता राशि की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

विज्ञान एरीज के डॉ. सुवेन्दु रक्षित समेत दुनिया कई वैज्ञानिकों की बड़ी सामूहिक खोज

सूपर मैसिव ब्लैकहोल की हिचकियों का खुलासा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : पृथ्वी से लगभग 80 करोड़ प्रकाश-वर्ष दूर खगोलविदों ने सूपर मैसिव ब्लैकहोल के हिचकी लेते रहस्य का पर्दाफाश किया है। यह खोज ब्लैकहोलों में अब तक अनदेखे व्यवहार पर प्रकाश डालती है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के खगोलविद डा सुवेन्दु रक्षित का महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डॉ. सुवेन्दु रक्षित ने बताया कि आकाशगंगा के केंद्र में महाविशाल ब्लैकहोल में हिचकियों के समान व्यवहार देखा गया था। यह हिचकियां हर 8.5 दिनों के अन्तराल में गैस उत्सर्जन के आवधिक विस्फोट के रूप में प्रकट होती देखी गई। 2020 से यह आकाशगंगा बेहद शांत थी। बाद में अप्रत्याशित बदलाव ने इस रहस्य से पर्दा हटाने के लिए विज्ञानियों को मजबूर किया। यह खोज पारंपरिक समझ को चुनौती देती है। खोज के मुख्य विज्ञानी कावली इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस रिसर्च के डॉ. धीरज पाशम के अनुसार ब्लैक होल के बारे में हमारी जानकारी आज भी पूरी नही है। यह घटना एक तारे के महाविशाल ब्लैक होल के करीब आने से हुई।

जिसमें प्रचंड गुरुत्वाकर्षण ने तारे के टुकड़े कर दिए। यह ज्वारीय व्यवधान घटना होती है। जिसमें ब्लैक होल की डिस्क को उज्ज्वल कर दिया। इस घटना में चार महीनों तक महाविशाल ब्लैक होल तारे के मलबे को खाता रहा। यह खोज ऑटोमेटेड सर्वे फॉर सुपरनोवा (असास-एसएन) रोबोटिक दूरबीनों के नेटवर्क के अलावा नासा के न्यूट्रॉन स्टार इंटीरियर कंपोज़िशन एक्सप्लोरर (नाइसर) दूरबीन की मदद से हुई।

हिचकियां लेते सूपर मैसिव ब्लैकहोल की तस्वीर।

कई तारे मौजूद हैं इसके चारों ओर

डॉ. सुवेन्दु रक्षित ने बताया कि इस खोज से पता चलता है कि इसकी डिस्क में ब्लैक होल समेत तारे भी शामिल हैं। एक छोटा ब्लैक होल केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैक होल की परिक्रमा कर रहा है, जो समय-समय पर सूपरमैसिव ब्लैक होल की गैस की डिस्क को बाधित करता है। जिस कारण एक गैस का गुबार उत्पन्न होता है।

29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा, 52 दिन चलेगी

- बीआरओ ने दी जानकारी, पहली बार गुफा तक मोटर रोड़, 5जी नेटवर्क जैसी सुविधा मिलेगी

श्रीनगर, एजेंसी

पवित्र अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है, जो 52 दिन (19 अगस्त) चलेगी। पिछली बार 1 जुलाई से 60 दिन तक चली थी। इस बार बर्फबारी देर से हुई और अब तक जारी है। गुफा क्षेत्र में 10 फीट से ज्यादा बर्फ है। यात्रा के दोनों मार्ग पहलगाम और बालटाल से गुफा तक 2 से 10 फीट बर्फ में दबे हैं।

इसलिए इसके जून तक पिघलने के आसार कम हैं। ऐसे में सैनिक मार्ग को हर मौसम के हिसाब से तैयार कर रहे हैं। पहली बार दोनों मार्ग पूरी तरह 5जी फाइबर नेटवर्क से लैस होंगे। बर्फ पिघलते ही 10 मोबाइल टावर लगेंगे। 24 घंटे बिजली के लिए ज्यादातर खंभे लग चुके हैं। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने रिपोर्ट जारी कर बताया है कि, बालटाल से गुफा तक का 14 किमी मार्ग 7 से 12 फीट तक चौड़ा हो गया है। ये मोटरेबल रोड है। हालांकि अभी सिर्फ बीआरओ सेना की गाड़ियों को ही अनुमति है। इमरजेंसी में इसी का इस्तेमाल होगा। पिछली बार दोनों मार्गों पर करीब 60 हजार जवान तैनात थे। बीआरओ के अनुसार, इस बार लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में तैनात होने वाली अर्द्धसैनिक बलों की सभी 635 कंपनियों को वोटिंग के बाद यात्रा में तैनात किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप की ज्यादा से ज्यादा व्यवस्था की योजना बना रहे हैं। पहले पहलगाम से गुफा तक 46 किमी लंबा मार्ग 3 से 4 फीट तो बालटाल वाला रूट 2 फीट ही चौड़ा था। अब इसे 14 फीट तक चौड़ा किया गया है। बर्फ हटाने के बाद रूट दुरुस्त किया जाएगा। पिछले बार 4.50 लाख श्रद्धालु आए थे। इस बार आंकड़ा 6 लाख तक जा सकता है। यात्रा कम दिनों की है और भीड़ ज्यादा रहेगी, इसलिए इंतजाम भी ज्यादा किए जा रहे हैं। यात्रा के रजिस्ट्रेशन मई से शुरू होंगे। पूरे 52 दिन यात्रा का लाइव टेलीकास्ट होगा, इसलिए फाइबर लाइन डाल रहे हैं, ताकि कनेक्टिविटी न बिगड़े।

विदेशी राजदूत के आदेश पर काम करते थे पूर्व राष्ट्रपतिः मुइज्जू

माले। मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को अपने ही देश में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सैन्य ड्रोन की खरीद मामले में मुइज्जू को विपक्षी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन पहले पूर्व राष्ट्रपति सोलिह ने उन्हें सलाह दी थी कि उन्हें अपनी जिद छोड़कर भारत जैसे पड़ोसियों से संबंधों को बेहतर बनाना चाहिए।

पलटवार करते हुए मुइज्जू ने कहा है कि उनके पूर्ववर्ती राष्ट्राध्यक्ष 'एक विदेशी राजदूत' के आदेश पर काम करते थे। मुइज्जू ने इब्राहिम सोलिह पर आरोप लगाने के बाद किसी देश का नाम नहीं लिया। उन्होंने यह टिप्पणी पब्लिक सर्विस मीडिया (पीएसएम) के साथ इंटरव्यू के दौरान की है। बता दें कि संसदीय चुनावों से पहले मुख्य विपक्षी-मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने अगल-अलग मुद्दों पर मुइज्जू पर हमले तेज कर दिए हैं।